आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 29 | उज्जैन, शुक्रवार 13 फरवरी, 2026 | फाल्गुन कृष्ण 11 संवत् 2082 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

30 करोड़ श्रमिकों की हड़ताल का दिखा असर, जनजीवन पर नहीं पड़ा ज्यादा प्रभाव

## मजदूरों के बंद का दिखा मिला-जुला असर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सरकार पर कॉरपोरेट समर्थक नीतियों का आरोप लगाते हुए श्रमिक संगठनों के भारत बंद का आज देशभर में मिला-जुला असर दिखा। इसका सामान्य जनजीवन पर ज्यादा असर नहीं पड़ा। बता दें कि मजदूर संगठनों ने सरकार पर मजदूर विरोधी, किसान विरोधी नीतियों का आरोप लगाते हुए भारत बंद का ऐलान किया था। इसमें 30 करोड़ मजदूरों के शामिल होने का दावा किया गया था।

'फाइट फॉर राइट' के राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर उमंग बंसल ने कहा कि यह पूरी ही राजनीतिक से प्रेरित हड़ताल है और इसका असर देश में नहीं पड़ने वाला है। उन्होंने कहा कि सरकार ने जो योजनाएं बनाई हैं, वह श्रमिकों के हित में बनाई हुई हैं। उन्होंने यह भी कहा कि नियमों में किसी तरह की कोई कमियां हो सकती हैं, लेकिन इस तरह से हड़ताल कर सरकार को दबाया नहीं जा सकता है, बल्कि मिल-बैठकर सरकार को उन कमियों के बारे में जानकारी देनी होगी।

### मप्र और छत्तीसगढ़ के कई संगठनों ने हड़ताल का किया विरोध

मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के कई संगठनों ने नए श्रम कानूनों के खिलाफ हड़ताल का विरोध किया है और इसे राजनीति से प्रेरित बताया है। उन्होंने कहा कि प्रदर्शन में हिस्सा लेने वाली ट्रेड यूनियन अपने राजनीतिक आकाओं के इशारों पर मजदूरों के कंधे पर बंदूक रखकर चला रही हैं।




**सरकार ने पुराने श्रम कानूनों में सरलीकरण करके नए नियम बनाए: एनएफआईटीयू-** नेशनल फ्रंट ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियंस (एनएफआईटीयू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक जायसवाल ने कहा, दो दशकों से ज्यादा समय से लेबर कानूनों की समीक्षा के लिए बर्मा कमीशन मौजूद था। 1947 के कॉलोनियल समय के कई लेबर कानून पुराने हो चुके थे। इन कानूनों को मौजूदा जरूरतों के हिसाब से एक साथ लाने और अपडेट करने की बहुत ज्यादा मांग थी। हालांकि, पिछली सरकारों ने सिफारिशों को लागू नहीं किया। केंद्र में भाजपा सरकार ने कदम उठाए और अलग-अलग संगठनों के साथ 100 से अधिक बार वार्ताएं कीं। सरकार ने पुराने श्रम कानूनों में सरलीकरण करके नए नियम बनाए।

### आम आदमी पार्टी ने किया भारत बंद का समर्थन

आम आदमी पार्टी (आप) ने 10 केंद्रीय ट्रेड यूनियनों और किसान संगठनों द्वारा गुरुवार को बुलाए गए राष्ट्रव्यापी भारत बंद का समर्थन करने का ऐलान किया था। पार्टी ने पंजाब सहित पूरे देश के मजदूरों, किसानों, दुकानदारों, छोटे व्यापारियों और आम नागरिकों से शांतिपूर्ण तरीके से भारत बंद को सफल बनाने की अपील की। 'आप' ने स्पष्ट किया कि यह बंद किसी एक राजनीतिक दल का कार्यक्रम नहीं है, बल्कि करोड़ों मेहनतकश लोगों के स्वाभिमान, न्याय और अधिकारों की लड़ाई है। पार्टी ने कहा कि वह इस संघर्ष की अग्रिम पंक्ति में खड़ी है और पंजाब सहित देशभर में उसके कार्यकर्ता मजदूरों और किसानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर बंद में शामिल होंगे।

जादू-टोना के शक में वारदात

## युवक ने महिला-पुरुष के सिर काटकर मार डाला

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सिंगरौली

प्रदेश के सिंगरौली जिले में 12 फरवरी गुरुवार की सुबह एक युवक ने दो लोगों की हत्या कर दी। उसने धारदार हथियार से दोनों के सिर धड़ से अलग कर दिए। इस दौरान बीच-बचाव करने आए दो लोग भी घायल हो गए। चर्चा है कि ये घटना जादू-टोना के शक पर की गई है।

वारदात अतरवा गांव में सुबह 4 से 5 बजे के बीच हुई। आरोपी छत्रपति सिंह (21) ने पड़ोस में रहने वाली फूल कुमारी सिंह (50) और केमला सिंह (65) समेत अन्य लोगों को पूजा में बुलाया था। यहीं धारदार हथियार से हमला कर दिया। बीच-बचाव करने आए दो लोगों पर भी हमला किया।

पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है। अब तक की पूछताछ में पता चला है कि आरोपी की पत्नी का गर्भपात हो गया था। इससे उसे लगा कि देवी नाराज है। पूजा करनी पड़ेगी। घटनास्थल पर पूजा-पाठ की सामग्री मिली है। इससे जादू-टोने के शक में हत्या की आशंका जताई जा रही है।

# देश विदेश

### सेना की बढ़ेगी ताकत : 114 राफेल 6 पी-8आई विमान खरीद को मंजूरी

**नई दिल्ली।** देश की सुरक्षा व्यवस्था को फुलप्रूफ बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए रक्षा अधिग्रहण परिषद यानी डीएसी ने एक ऐतिहासिक खरीद को मंजूरी दी है। परिषद ने भारतीय वायुसेना के लिए 114 राफेल लड़ाकू विमानों और नौसेना के लिए 6 पी-8आई पोसीडॉन समुद्री निगरानी विमानों की खरीद के प्रस्ताव पर मुहर लगा दी है। इसे भारत की अब तक की सबसे बड़ी रक्षा खरीद योजनाओं में से एक माना जा रहा है, जिसकी अनुमानित लागत लगभग 3.25 लाख करोड़ रुपये बताई गई है। इस सौदे का सबसे अहम पहलू वायुसेना की गिरती स्क्वाड्रन संख्या को संभालना है। 114 नए राफेल विमानों के शामिल होने से भारतीय वायुसेना को 6 से 7 नए स्क्वाड्रन मिलेंगे।

### लोकसभा में बीजेपी सांसद ने किया राहुल गांधी के खिलाफ प्रस्ताव पेश

**नई दिल्ली।** भाजपा सांसद डॉ. निशिकांत दुबे ने लोकसभा में एक मोशन पेश किया है, जिसमें विपक्षी नेता राहुल गांधी की सदस्यता रद्द करने और भविष्य में चुनाव लड़ने पर पाबंदी लगाने की मांग की गई। डॉ. दुबे ने कहा सोरोस फाउंडेशन और देश को टुकड़े करने वाले ताकतों के साथ मिलकर राहुल गांधी भारत का विभाजन करना चाहते हैं। इसलिए मैंने लोकसभा के नियम 352(5) और 353 के तहत उनकी सदस्यता रद्द करने और भविष्य में चुनाव नहीं लड़ने की पाबंदी का मोशन पेश किया। लोकसभा नियम 352(5) और 353 के तहत संसद किसी सदस्य की सदस्यता रद्द करने या भविष्य के चुनावों में भाग लेने पर रोक लगाने की प्रक्रिया को अपनाती है यदि उसके कार्य संविधान और राष्ट्रीय एकता के खिलाफ हों।

राजपाल यादव चेक बाउंस केस

### कोर्ट ने जमानत याचिका की खारिज



आपने वादा नहीं निभाया, पत्नी ने आर्थिक सहायता देने वालों का जताया आभार

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर राजपाल यादव ने चेक बाउंस मामले में गुरुवार को दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश के बाद जेल में सरेंडर किया था। आज उनकी जमानत याचिका पर सुनवाई हुई, लेकिन कोर्ट ने उन्हें जमानत देने से मना कर दिया और कहा, आप जेल इसलिए गए क्योंकि आपने अपना वादा पूरा नहीं किया। अब इस मामले में अगली सुनवाई सोमवार को होगी। दिल्ली हाईकोर्ट ने राजपाल यादव से पूछा कि वे सजा को रद्द करने की मांग क्यों कर रहे हैं। उन्होंने खुद माना था कि उन्होंने पैसा उधार लिया था और उसे लौटाने का वादा किया था। ऐसे में अब सजा पर रोक लगाने की मांग किस आधार पर की जा रही है? इसके जवाब में एक्टर के वकील ने कहा कि उन्होंने (राजपाल) उसी दिन कोर्ट को बताया था कि वे इस मामले को सुलझाना चाहते हैं। राजपाल यादव ने अपने कहे हुए वादे का पालन करने के लिए अदालत में सरेंडर किया है। फिल्म में जो 5 करोड़ रुपए लगाए गए थे, उन्हें एक्टर चुकाना चाहते हैं और अब तक 3 करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि चुका दी गई है। अदालत ने राजपाल यादव को फटकार लगाई और कहा कि समझ नहीं आता यह बहस क्यों हो रही है। आपने याचिका दाखिल की थी और कहा था कि पैसा लौटाएंगे, लेकिन फिर सालों तक भुगतान नहीं किया। पिछले आदेश का पालन न करने की वजह से आपको जेल में सरेंडर करना पड़ा। आपको 25-30 मौके दिए गए।

### वंदे मातरम का आदेश धार्मिक आजादी पर हमला

**नई दिल्ली।** मुस्लिम संगठन जमीयत उलेमा-ए-हिंद ने वंदे मातरम के सभी छंद गाने का विरोध किया है। संगठन ने कहा कि सरकार का ये आदेश हमारी धार्मिक आजादी पर हमला है। संगठन ने सरकार के आदेश को एकतरफा और मनमाना बताया। जमीयत के प्रेसिडेंट मौलाना अरशद मदनी ने पर एक पोस्ट में कहा कि मुसलमान किसी को भी वंदे मातरम गाने या बजाने से नहीं रोकते, लेकिन गाने के कुछ छंद मातृभूमि को एक देवता के रूप में दिखाते हैं। ये हमारी मान्यताओं के खिलाफ हैं। केंद्र सरकार ने गुरुवार को एक आदेश जारी कर राष्ट्रगीत वंदे मातरम को राष्ट्रगान जन गण मन की तरह ही सम्मान देना अनिवार्य कर दिया है।

### चांदी 7,316 गिरी, कीमत 2.59 लाख किलो हुई

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में 12 फरवरी को गिरावट रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, एक किलो चांदी की कीमत 7,316 रुपए कम होकर 2,59,133 रुपए पर आ गई है। इससे पहले बुधवार को चांदी की कीमत 2,66,449 रुपए किलो थी। वहीं, आज 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 1,672 रुपए गिरकर 1,55,650 रुपए पर आ गई है। इससे पहले बुधवार को ये 1,57,322 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। सराफा बाजार में 29 जनवरी को सोने ने 1,76,121 रुपए और चांदी ने 3,85,933 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था। इस साल अब तक सोने की कीमत 22,455 रुपए बढ़ चुकी है।

आरोप- इजराइल ने गाजा में प्रतिबंधित वैक्यूम बम गिराए थे

## हजारों इंसान भाप बनकर गायब

एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन

इजराइल पर गाजा में वैक्यूम बम इस्तेमाल करने का आरोप लगा है। रिपोर्ट द रेस्ट ऑफ द स्टोरी के मुताबिक, ये बम पहले हवा में ईंधन जैसा एक बादल फैलाते हैं और फिर उसमें आग लगा देते हैं। इससे बहुत बड़ा आग का गोला बनता है और आसपास की हवा खिंचकर एक तरह का जीरो (वैक्यूम) पैदा हो जाता है।

इन धमाकों से तापमान 3,500 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है। इन बमों में एल्यूमिनियम और मैग्नीशियम जैसे तत्व होते हैं, जो कुछ ही सेकेंड में शरीर को जला देते हैं। मिलिट्री एक्सपर्ट्स और चश्मदीदों का भी कहना है कि इजराइल ने वहां ऐसे हथियारों का



इस्तेमाल किया, जिन्हें वैक्यूम बम, थर्मल या थर्मोबैरिक बम कहा जाता है। रिपोर्ट के मुताबिक, हमलों में मारे गए कई लोगों के शव तक नहीं मिले। गाजा की सिविल डिफेंस टीम ने 2,842 ऐसे फिलिस्तीनियों का रिकॉर्ड दर्ज किया है, जिनके बारे में कहा गया कि दफनाने के लिए उनका कोई हिस्सा तक नहीं बचा। वहीं 3,500 से ज्यादा लोग अब भी लापता हैं।

### पीएम मोदी आज नए ऑफिस में शिफ्ट होंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 13 फरवरी को नए प्रधानमंत्री ऑफिस सेवा तीर्थ में शिफ्ट होंगे। न्यूज एजेंसी एएनआई के अनुसार, मोदी दोपहर करीब 1.30 बजे सेवा तीर्थ बिल्डिंग कॉम्पलेक्स के नाम का अनावरण करेंगे। फिर शाम करीब 6 बजे सेवा तीर्थ और कर्तव्य भवन-1 और 2 का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद पीएम एक सार्वजनिक कार्यक्रम को संबोधित भी करेंगे। कर्तव्य भवन-1 और 2 में केंद्र सरकार के मंत्रालयों के नए ऑफिस होंगे।

## बजट सत्र के पहले तीन मंत्री बर्खास्त किए जाएं

### जीतू ने सीएम को लिखा पत्र

दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल

पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर बजट सत्र से पहले तीन मंत्रियों को बर्खास्त करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में लोकतांत्रिक मूल्यों और नैतिकता की अनदेखी हो रही है, जिससे सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने अपने पत्र में आरोप लगाया कि 16 फरवरी से शुरू हो रहे बजट सत्र में राज्यपाल के अभिभाषण के जरिए आंकड़ों का आडंबर पेश किया जाएगा, जबकि प्रदेश आर्थिक संकट और बढ़ते कर्ज के बोझ से जूझ रहा है। पटवारी ने तीन मंत्रियों के संदर्भ में नैतिक जवाबदेही तय करने की मांग की है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का कहना है कि इन मामलों के बावजूद मंत्रियों का पद पर बने रहना सरकार की नैतिकता, संवेदनशीलता और जवाबदेही पर प्रश्नचिह्न लगाता है। विजय शाह पर देश की बेटी और भारतीय सेना के अपमान से जुड़े गंभीर आरोपों का उल्लेख किया। राजेंद्र शुक्ल के कार्यकाल में छिंदवाड़ा में जहरीली सिरप से बच्चों की मौत का मामला उठाया। कैलाश विजयवर्गीय पर अपने क्षेत्र में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने में विफल रहने का आरोप लगाया।



### राज्यपाल के अभिभाषण से पहले कार्रवाई हो

पटवारी ने पत्र में लिखा है कि बजट सत्र में राज्यपाल के अभिभाषण से पूर्व इन मंत्रियों को मंत्रिमंडल से बर्खास्त किया जाए, ताकि जनभावनाओं का सम्मान हो सके। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कार्रवाई नहीं हुई तो यह संदेश जाएगा कि सरकार आरोपों पर मौन समर्थन दे रही है।

### इलॉन मस्क की एआई कंपनी चांद पर फैक्ट्री लगाएगी

एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन

दुनिया के सबसे अमीर इंसान इलॉन मस्क चांद पर एआई सैटेलाइट फैक्ट्री लगाएंगे। मस्क ने बताया कि वे इसके जरिए सूरज की ऊर्जा कैप्चर करना चाहते हैं। मस्क ने अपनी एआई कंपनी एआई की इंटरनल मीटिंग का 45 मिनट का वीडियो पोस्ट किया, जिसमें ये जानकारी सामने आई है। मस्क ने कहा अगर हम आज की मानव सभ्यता की ऊर्जा खपत को देखें, तो हम पृथ्वी की संभावित ऊर्जा का केवल 1% हिस्सा ही इस्तेमाल कर रहे हैं। अगर हम सूरज की कुल ऊर्जा का 10 लाखवां हिस्सा भी हासिल कर लें, तो वह आज की सभ्यता द्वारा उपयोग की जाने वाली ऊर्जा से करीब 10 लाख गुना ज्यादा होगी। सूरज हमारे सौर मंडल के कुल द्रव्यमान का 99.8% है। अगर हमें सूरज की ऊर्जा का सही इस्तेमाल करना है, तो हमें पृथ्वी की सीमा से बाहर निकलना ही होगा। हमारा अगला कदम 'अर्थ ऑर्बिटल डेटा सेंटर्स' है। हम स्पेसएक्स की मदद से हर साल 100 से 200 गीगावाट क्षमता वाले डेटा सेंटर्स अंतरिक्ष में लॉन्च करेंगे।

### कानपुर लेम्बोर्गिनी कांड-अरबपति का बेटा 7 घंटे में छूटा

एजेंसी ▶▶ कानपुर

कानपुर में तेज रफ्तार लेम्बोर्गिनी से 6 लोगों को टक्कर मारने वाले अरबपति कारोबारी का बेटा 7 घंटे में ही रिहा हो गया। आरोपी के वकील अनंत शर्मा ने बताया- पुलिस ने कोर्ट में 14 दिन की रिमांड मांगी थी। जज ने पूछा कि रिमांड क्यों चाहिए, जबकि सारी धाराएं जमानती हैं? इस पर इन्वेस्टिगेशन अफसर कोई ठोस जवाब नहीं दे पाए। इसके चलते कोर्ट ने रिमांड की अर्जी खारिज कर दी। फिर 20 हजार रुपए का बेल बॉन्ड भरने के बाद पुलिस ने उसे छोड़ दिया।






## महाकाल श्रृंगार



शिवनवरात्रि पर गुरुवार को भगवान महाकाल का मनमहेश स्वरूप श्रृंगार किया गया।

### किसानों के पास उपलब्ध भूमि से कहीं अधिक भूमि दर्शाकर दिया धोखाधडी को अंजाम

# जिला सहकारी बैंक देवास से 8 करोड़ की धोखाधड़ी, 4 पर नामजद प्रकरण दर्ज

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

ईओडब्ल्यू भोपाल ने देवास जिला सहकारी बैंक की राजोदा प्राथमिक कृषि सहकारी साख संस्था में हुए 8 करोड के धोखाधडी मामले में प्रकरण दर्ज किया है। प्रकरण में महेश जैन तत्कालीन सचिव एवं सहायक प्रबंधक, दिलीप नागर तत्कालीन पर्यवेक्षक, अनिल दुबे तत्कालीन शाखा प्रबंधक शाखा मंडी, श्रीमती रामकन्या बाई पति तंवरसिंह चौहान, अध्यक्ष बृहताकार प्राथमिक कृषि सहकारी साख संस्था मर्यादित राजोदा के साथ अन्य को आरोपी बनाया गया है।

ईओडब्ल्यू एसपी समर वर्मा ने जारी विज्ञप्ति में बताया कि आरोपी अधिकारियों द्वारा किसानो के पास उपलब्ध वास्तविक भूमि से 400 हेक्टेयर अधिक भूमि दर्शाकर वास्तविक पात्रता से 5 करोड़ रुपए से अधिक राशि का ऋण नियम विरूद्ध तरीके से वितरित किया गया।एक ही सीजन में किसानों की फसल का एक से अधिक बार बीमा कर 65 लाख रुपए से अधिक के क्लेम स्वीकृत कराकर राशि प्राप्त की गई। सचिव ने किसानों के खातों से विड्राल पर स्वयं हस्ताक्षर कर 1 करोड रूपए से अधिक का आहरण किया गया।

### भोपाल में शिकायत, उज्जैन ईकाई का सत्यापन

आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ मुख्यालय भोपाल में पंजीबद्ध शिकायत क्रमांक-278/19 का उज्जैन इकाई के द्वारा सत्यापन करने पर पाया कि वृहत्ताकार प्राथमिक कृषि सहकारी समिति मर्यादित राजोदा जिला देवास एवं जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित देवास के अध्यक्ष प्रबंधक, सचिव व पर्यवेक्षक ने मिलकर वर्ष 2016-2019 के बीच समिति के सदस्य किसानों की जानकारी के बिना उनकी पात्रता से अधिक ऋण स्वीकृत कर शासन की विभिन्न ऋण माफी व बीमा योजनाओं का लाभ उक्त ऋण खातों में प्राप्त दिखा. किसानों के खातों से अवैध रूप से करोड़ों रुपए निकाल लिये। आरोपीगण द्वारा शासन, बैंक व किसानों के साथ धोखाधड़ी व आपराधिक न्यासभंग करना पाये जाने से उनके विरुद्ध आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ मुख्यालय भोपाल द्वारा अपराध पंजीबद्ध किया गया।



### भूमि अधिक दर्शाकर किया घोटाला

किसानों के पास उपलब्ध भूमि अनुसार उनकी साख सीमा निर्धारित कर उन्हें ऋण दिया जाना था। आरोपीगणों ने स्वयं के लाभ के लिये सदस्य किसानों के पास उपलब्ध भूमि से वर्ष 2016-2017 में 139 हेक्टेयर, वर्ष 2017-2018 में 129 हेक्टेयर व वर्ष 2018-2019 में 137 हेक्टेयर भूमि अधिक दर्शाकर पात्रता से साढे पांच करोड़ रूपयों अधिक ऋण किसानों की जानकारी के बिना स्वीकृत किये। किसानों की साख सीमा बिना स्वीकृत किए उक्त तीन वर्षों में तीन करोड़ रूपयों से अधिक का ऋण प्रदान किया गया है। 300 किसानों का कृषि बीमा उनकी सामान्य साख सीमा स्वीकृत किये बिना या एक ही फसल का एक वर्ष में एक से अधिक बार कृषि बीमा कर 65 लाख रूपयों की बीमा राशि आरेपीगणों द्वारा अवैध रूप से प्राप्त कर ली गयी, जिसके लिये किसानों के आवेदनों में स्वयं के मोबाईल नम्बर आरोपीगणों द्वारा लेख करना पाया गया।

### गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज

आरोपियों ने धोखाधडी व आपराधिक न्यासभंग कर शासन, बैंक व किसानों को करोड़ो रूपयों की आर्थिक हानि कारित कर स्वयं को आर्थिक लाभ पहुंचाना प्रथमदृष्टया प्रमाणित पाया गया।ईओडब्ल्यू ने आरापीगणों के विरूद्ध धारा 420,409,467,468,471,201,120 बी भादवि एवं 13(1) (क), 13 (2) भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 एवं धारा 13(1) (f), 13(2) भ्रष्टाचार निवारण (संशोधन) अधिनियम 2018 का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

## हादसों का निर्माण...





महाआयोजन के लिए किए जा रहे निमार्णों को लेकर पिछले 2 माह में 4 हादसे सामने आ रहे हैं। एक के बाद एक हादसों से निर्माण एजेंसी के साथ संबंधित ठेका कंपनी और विभाग सभी पर सवालिया अंगुली उठना तय है। एक बडी कंपनी पूरी खूली एवं भूमिगत नहर बना रही है।इस कार्य में पूरी गंभीरता से काम अब तक सामने आया है। यहां तक की उसमें काम के दौरान सुरक्षा का ध्यान भी रखा जा रहा है और कंपनी के जिम्मेदार भी उसे गंभीरता से ले रहे हैं। इसके उलट कुछ कंपनियों के कामों में हादसे हुए हैं। निर्माण की साईड पर बराबर जिम्मेदार विभाग के प्रभारी पहुंचते हैं लेकिन सुरक्षा एवं स्वास्थ्यगत मामलों को नजरअंदाज किया जा रहा है। उसकी वजह तो नजरअंदाज करने वाले एवं संबंधित कंपनी के जिम्मेदार ही बता सकते हैं कि आखिर ऐसा करने के पीछे कारण क्या है और उसमें उनका कितना भला हो रहा है,लेकिन काम करने वालों को इसका नुकसान उठाना पड रहा है। अब तक सामने आए चार हादसों में चार जान चली गई है। ये सभी मजदूर जवान ही थे। सुरक्षात्मक तरीके से कार्यों को अगर अंजाम दिया जाता तो संभवतः ये हादसे नहीं होते और कालकवलित मजदूर सबके बीच होते। घाट निर्माण के दौरान मृतक मजदूर के 5 बच्चे थे। खुसूर झ फुसूर है कि निमार्णों में अभी तो 20-25 प्रतिशत ही काम हुए हैं और इस प्रकार के हादसों की शुरूआत ठीक नहीं है। विभागीय अधिकारियों को संबंधित ठेका कंपनियों के साथ सख्ती से पेश आना चाहिए और असुरक्षात्मक ढंग से कार्यों के करवाने के मामले में नोटिस देकर नियमानुसार काम के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए। कहने को मजदूरों के लिए भी विभाग है लेकिन सिर्फ कागजों तक ही सिमटा हुआ नजर आता है ये कभी मैदान में उतरे तो बात बने।

### निर्माण स्थलों पर सुरक्षा संसाधन एवं प्राथमिक चिकित्सा सुविधा व्यवस्था तक नहीं, दिसंबर से लेकर अब तक ठेकेदारों एवं संबंधित विभागों की नजरअंदाजी ने चार मजदूरों की जान ली

# सिंहस्थ निर्माण में लापरवाही उजागर, घाट निर्माण में मजदूर की मौत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ निर्माण में मजदूरों की सुरक्षा को ताक में रखकर काम किया जा रहा है। पिछले 11 दिनों में बुधवार को तीसरे मजदूर की लापरवाही के चलते मौत का मामला सामने आया है। जीवनखेडी में घाट निर्माण की मिट्टी धंसने से मजदूर सुरेश पिता नरसिंह 35 वर्ष निवासी डूंगर गांव जिला बडवानी दब गया था। जेसीबी की मदद से उसे बाहर निकाला गया जब तक उसकी मौत हो गई।





सिंहस्थ -2028 के लिए शिप्रा नदी के दोनों छोर पर 29.8 किलोमीटर क्षेत्र में चल रहे घाट निर्माण के दौरान जीवनखेड़ी में बुधवार को यह हादसा हुआ। मिट्टी धंसने पर मजदूर दब गया, जिसे जेसीबी की मदद से बाहर निकाला गया लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। गुरूवार सुबह बड़वानी से परिवार के आने पर पोस्टमार्टम कराया गया है।

नीलगंगा थाना पुलिस ने बताया कि जीवनखेड़ी में शिप्रा नदी किनारे घाट का निर्माण किया जा रहा है, बुधवार को काम के दौरान अचानक निमार्णाधीन घाट की मिट्टी से बनी दीवार धंस गई। जिसके नीचे मजदूर दब गया, उसे बाहर निकालने के लिए जेसीबी बुलवाई गई आधे घंटे बाद उसे बाहर निकाला गया और अस्पताल पहुंचाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक मजदूर सुरेश पिता नरसिंह 35 साल डूंगर गांव बड़वानी का रहने वाला था। पुलिस ने मामले की सूचना मजदूर के परिजनों को दी। गुरूवार सुबह परिजन उज्जैन पहुंचे भाई कुशल ने बताया कि सुरेश एक माह पहले ही मजदूरी के लिए उज्जैन आया था उसके साथ जीजा भी आए थे लेकिन वह दूसरे स्थान पर चल रहे घाट निर्माण कार्य में मजदूरी कर रहे थे। सुरेश पांच बच्चों का पिता था परिवार मजदूरी का ही काम करता है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा, जिसे अंतिम संस्कार के लिए बड़वानी ले जाया गया है । अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुरूप्रसाद पाराशर का कहना है कि ऐसे मामलों में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच की है और लापरवाही सामने आने पर संबंधित पर प्रकरण दर्ज किए गए हैं।

### अब तक चार

शहर में सिंहस्थ निर्माण कार्य चल रहा है जिसमें ब्रिज निर्माण, सड़क निर्माण घाट निर्माण जैसे कई कार्यों के लिए बाहर से मजदूर आए हुए हैं, 11 दिन पहले इंदौर उज्जैन सिक्स लेन मार्ग पर बन रहे ब्रिज निर्माण के सरियों के नीचे झारखंड का मजदूर अशोक 39 वर्ष दब गया था जिसकी मौके पर मौत हो गई थी। चार दिन पूर्व बड़नगर मार्ग मुल्लापुरा क्षेत्र में चल रहे ब्रिज निर्माण के दौरान मशीन चलाते समय पश्चिम बंगाल के मजदूर राधे पिता विष्णु 32 वर्ष को हाथ में करंट लग गया था और उसकी जान चली गई थी, इससे पहले दिसंबर माह में नेपाल के मजदूर की मौत भेरूगढ़ थाना क्षेत्र में चल रहे सीवरेज प्लांट निर्माण के दौरान मौत हुई थी। नेपाल के मजदूर की मौत के मामले में भैरवगढ़ थाना पुलिस द्वारा ठेकेदार के खिलाफ लापरवाही का प्रकरण दर्ज किया जा चुका है, तीन अन्य मजदूरों की मौत के मामले में जांच जारी है।

# ट्रेड यूनियनों की राष्ट्रव्यापी हड़ताल को लेकर टावर चौक पर प्रदर्शन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

गुरुवार को देशभर में ट्रेड यूनियनों ने राष्ट्रव्यापी हड़ताल को लेकर टावर चौक पर सीटू के बैनर तले कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया। रैली निकालकर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की गई।

प्रदर्शन में एलआईसी, आयकर, बीएसएनएल, एमआर यूनियन, संयुक्त ट्रेड यूनियन और आंगनवाड़ी कर्मचारी शामिल हुए।

ट्रेड यूनियन पदाधिकारियों ने बताया कि केंद्र सरकार की कथित मजदूर विरोधी, किसान विरोधी और राष्ट्र विरोधी नीतियों के विरोध में हड़ताल का निर्णय लिया था। हालांकि भारतीय मजदूर संघ इस हड़ताल में शामिल नहीं हुआ।

आवश्यकता

आवश्यकता आवश्यकता आवश्यकता

केयर इंटरप्राइजेस

(इलेक्ट्रानिक्स एंड फर्नीचर हाउस

उज्जैन, में प्रोडक्ट बेस्ड माइक्रो फाइनेंस (No Cost EMI) मे कार्य करने हेतु लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है

फील्ड स्टाफ :- लडके / लडकी

पद - 6 योग्यता 10वीं पास

सैलरी : 13000 + इंसेंटिव + पेट्रोल खर्च + मोबाईल खर्च

नोट : केवल फील्ड करने के इच्छुक व्यक्ति ही आमंत्रित है।

दुकान पर काम करने वाले लड़को की आवश्यकता हैं

पद - 2 , सैलरी - 9000 /-

स्थान : - 33, लाल बहादुर शास्त्री मार्ग, पंचमपुरा, दो तालाब के पास, उज्जैन (म.प्र.)

इंटरव्यू दिनांक - 17/02/2026

दिन - मंगलवार

समय - 12 से 4 बजे तक

इंटरव्यू में अपना रिज्यूम मय फोटो लाना अनिवार्य है।

मो.नं. :- 6265895202,8224800652,9098281324

### चने की फसल का नुकसार करने पर युवक ने क्रुरता की हद पार की, युवक का वीडियो वायरल,गाय को मार-मार कर लहुलुहान किया

# बिजली के खंभे से बांधकर गाय को बेरहमी से पीटा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शाजापुर कोतवाली थाना अंतर्गत ग्राम बायहेड़ा निवासी युवक कमलसिंह पिता नारायणसिंह चौहान ने बिजली के खंबे से बांधकर गाय को बेरहमी से पीटा है। गाय को युवक ने मार-मार कर खून झार कर दिया । कुछ लोग जब उसे ऐसा करने रोकने गए तो युवक ने उन्हें कहा कि तुम कौन होते हो मुझे रोकने वाले। बकौल थाना प्रभारी संतोष वाघेला पशु क्रुरता अधिनियम में प्रकरण दर्ज कर युवक को नोटिस देकर छोडा गया है।

युवक ने क्रूरता की सारी हदें पार कर दी । उसने पहले गाय को बिजली के खंभे से बांधकर इतनी क्रूरता से लाठी डंडे से मारा की गाय लहूलुहान हो गई। इस क्रुरता को गांव के लोगों ने देखा और विडियो भी बनाया। विडियों को वायरल भी किया गया है। युवक का कहना था कि गाय ने उसकी चने की फसल बर्बाद कर दी जिससे उसे भारी नुकसान हुआ। इसी से आक्रोशित होकर उसने ऐसा किया है। पुलिस ने युवक के कृत्य पर फरियादी बलवीर उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम मझानिया थाना सुनैरा की रिपोर्ट पर पशु क्रुरता अधिनियम की धारा 11 में प्रकरण दर्ज करते हुए युवक को तत्काल ही गांव से हिरासत में ले लिया। युवक को प्रकरण में पंजीबद्ध करते हुए उसे नोटिस देकर विधान अनुसार कार्रवाई की है।उसने यह हरकत की पुलिस द्वारा मामला दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।



### चने की फसल खाई इसलिए क्रुरता

फरियादी बलवीरसिंह पिता दरबारसिंह राजपूत 32 वर्ष निवासी ग्राम मझानिया थाना सुनैरा पुलिस को रिपोर्ट दर्ज करते हुए बताया कि वह गौरक्षा दल मे होकर गायों की देख रेख करता है। बुधवार को वह बहन के ससुराल ग्राम बायहेडा गया था। शाम को गाँव के नरेन्द्रसिंह की किराने की दूकान के पास खड़ा था । पास में ही किराना दुकान के सामने ग्राम बायहेडा का कमलसिंह पिता नारायणसिंह ने एक सफेद रंग की गाय को लाईट के खम्बे से बांधकर डंडे से कुरता पूर्वक मारपीट कर रहा था। जब उससे पूछा गया कि तुम गाय को क्यों मार रहे हो तो उसका कहना था कि गाय ने मेरे चने के खेत में नुकसान किया है। तुम कोन होते हो बोलने वाले,इसके साथ ही उल्टा सुल्टा बोलने लगा। इस पर घटनास्थल पर गौरक्षा दल के सदस्य धर्मेन्द्र शर्मा को बुलाया गया। उनके साथ आकर थाना पर रिपोर्ट की ।

# नरसिंह घाट पर 25 जोड़ों का सामूहिक विवाह संपन्न

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नागदा/उज्जैन

10 फरवरी को महाकाल नगरी उज्जैन शिप्रा किनारे नरसिंह घाट पर नरसिंह घाट पर 25 जोड़ों का सामूहिक विवाह श्री गुजराती रामी माली समाज का प्रांतीय सम्मेलन मैं प्रदेश अध्यक्ष प्रेम परमार छोटू सर तराना एवं विवाह समिति के अध्यक्ष सीताराम राठौर बड़नगर के सानिध्य में माली गौर आचार्य श्री प्रवीण पंड्या ने सभी वर वधू का विवाह मंत्र पढ़कर सात फेरों की कसम दिलवाई विवाह समारोह में करीब 3000 समाज बंधुओ ने भाग लिया।

समारोह में बड़नगर तहसील से ग्राम खरसोद कला चिरोला सलवा सुरेल उज्जैन के समाज जनों में विवाह मंडप भोजन व्यवस्था लाइट व्यवस्था चाय नाश्ता सभी कार्य सेवा भाव से संपन्न करने में सहयोग किया सामूहिक विवाह समारोह में उज्जैन जिला शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मुकेश भाटी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव के बड़े भाई प्रदेश कुश्ती संगठन अध्यक्ष नारायण यादव ने भी भाग लेकर वर वधु को आशीर्वाद दिया प्रदेश माली समाज अध्यक्ष प्रेम परमार एवं सीताराम जी राठौड़ द्वारा समझ में पधारे 90 से अधिक शहर ग्रामीण क्षेत्र के अध्यक्षों का दुपट्टा पहन कर स्वागत किया समाज द्वारा गठित सभी समितियां के अध्यक्ष जैन धर्मशाला निर्माण समिति अध्यक्ष आनंदीलाल सोलंकी प्रदेश शिक्षा समिति अध्यक्ष दिनेश परमार चिकित्सा प्रकोष्ठ अध्यक्ष दिलीप चौहान ओंकारेश्वर धर्मशाला अध्यक्ष सत्यनारायण सोलंकी छात्रावास इंदौर अध्यक्ष कैलाश हारोड समाज के प्रदेश महामंत्री पुरुषोत्तम चौहान डॉन देवेंद्र परमार उपाध्यक्ष वरिष्ठ एडवोकेट कैलाश चंद वाघेला पूर्व प्रदेश अध्यक्ष नारायण यादव विनोद मकवाना धर्मशाला पूर्व अध्यक्ष गोपाल बारोड नागुलाल चौहान जगदीश डोडिया आदि बड़ी संख्या में पूरे प्रदेश से समाज जनों ने भाग लिया सामूहिक विवाह समारोह मैं प्रदेश अध्यक्ष प्रेम परमार जी द्वारा सभी वर वधु को नया जीवन प्रारंभ करने पर सबको बधाई दिए जानकारी प्रदेश शिक्षा समिति उपाध्यक्ष नागदा नगर पालिका पूर्व सी एल वर्मा द्वारा दी गई।








नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

इंदौर | उज्जैन | बुधवार 13 फरवरी, 2026 | www.awantika.com



## न्यूज ब्रीफ

### अधिकारी कार्य संपूर्ण जिम्मेदारी के साथ युद्धस्तर पर पूर्ण कराए

**उज्जैन।** मुख्यमंत्री ने बुधवार को नगर निगम के सभाकक्ष में सिंहस्थ 2028 अंतर्गत मंत्री मंडलीय समिति से अनुशंसित अधोसरंचना के प्रगतिरत विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में कहा कि सिंहस्थ महापर्व का आयोजन विश्व के लिए अद्वितीय है। सिंहस्थ महापर्व के दौरान करोड़ों श्रद्धालु मोक्षदायिनी शिप्रा में आस्था की डुबकी लगाएंगे। सिंहस्थ महापर्व के आयोजन पर विश्व की निगाह रहेगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सिंहस्थ-2028 मध्य प्रदेश के लिए एक महत्वपूर्ण धार्मिक आयोजन है। सिंहस्थ के दौरान उज्जैन में करोड़ों श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है। हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए कि प्रत्येक श्रद्धालु बिना किसी असुविधा के पवित्र अनुष्ठानों में भाग ले सके।बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अलग-अलग विभागों के माध्यम से सिंहस्थ 2028 के लिए किए जा रहे विकास कार्यों की प्रगति की जानकारी लेकर कार्यों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उज्जैनवासियों से सेवा भाव की तरह कार्य करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए कार्यों को समय सीमा में पूर्ण कराएं।सिंहस्थ निर्माण कार्यों की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने की किसानों के फसल की चिंतामुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सिंहस्थ 2028 के प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा के दौरान गेहूं की फसल की सिंचाई के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिप्रा नदी पर घाट निर्माण के दौरान किसानों को पानी की उपलब्धता बनी रहनी चाहिए। इसके लिए नर्मदा जल की आपूर्ति की जाए। वतर्मान में गेहूं की फसल को सिंचाई के लिए एक पानी की और जरुरत होगी। इसके लिए शिप्रा नदी में जल प्रवाह सुनिश्चित बनाए रखे।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि किसी अधिकारी को लगता है कि वे काम नहीं कर पा रहे है उसके संबंध में वह अपने वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत करा दें। जिससे बेहतर काम करने वाले अधिकारियों की पदस्थापना की जा सके। इसके साथ ही मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपर मुख्य सचिव राजेश राजौरा, संजय दुबे को निर्देश दिए है कि उज्जैन में सिंहस्थ 2028 के काम में किसी भी तरह की रुकावट न आए।

### सिंहस्थ सेल गठित कर मॉनीटरिंग सुनिश्चित करें- दिए निर्देश

**उज्जैन।** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देश दिए कि सिंहस्थ को लेकर मुख्यमंत्री निवास पर भी सिंहस्थ सेल गठित कर मॉनीटरिंग सुनिश्चित करें और जिन विभागों में अधिकारियों की कमी है उनकी पदस्थापना तत्काल की जाए। अनुभवी अधिकारियों के लिए यदि सेवानिवृत्त अधिकारियों कर्मचारियों को रखना है तो उसके लिए भी नियमानुसार कार्यवाही कर तत्काल रुप से उन्हें रखा जाए। मुख्यमंत्री ने बैठक में कहा कि सिंहस्थ 2028 के लिए अब रिवर्स कैलेंडर बनाकर निर्माण कार्य तीव्र गति से पूर्ण करें। वर्तमान समय से लेकर सिंहस्थ 2028 तक दो वषार्काल का समय आने वाला है इसलिए समय सीमा में काम गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा किया जाना अनिवार्य है। मुख्यमंत्री ने विभिन्न निर्माण एजेसिंयों द्वारा किए जा रहे कार्यो की समीक्षा की। इसके साथ ही निर्देश दिए कि जो निर्माण एजेंसियां काम कर रही है उनके संसाधनों की भी लगातार मॉनीटरिंग हो। वर्तमान समय माइक्रों मैनेजमेंट से नैनो मैनेजमेंट की ओर जाने का है। युद्ध स्तर की तैयारियां शुरू करना है। सभी अधिकारी 24 घंटे,07 दिन सक्रिय रहें। सिंहस्थ 2028 को बेहतर प्रबंधन के साथ करने के लिए उज्जैन जिले के सभी नागरिकों को जिम्मेदारी के भाव के साथ काम करने के लिए प्रेरित करें और उनको यह लगना चाहिए कि यह हमारा व्यक्तिगत काम है। इसके लिए सभी नागरिकों में जिम्मेदारी के साथ समर्पण का भाव भी पैदा करने के लिए समन्वय बनाकर कार्य करें। निर्माण कार्यों की समय-समय पर मॉनीटरिंग करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सिंहस्थ 2028 के संदर्भ में विभागों को समन्वयपूर्वक कार्य करने और आवश्यक सुविधाओं के विकास के लिए समय सीमा में कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए।

## विवादों में घिर रहे है एल्डरमैनों के नाम, अगले साल चुनाव

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

भाजपा के एल्डरमैनों की कहानी खींचतान में उलझती दिख रही है, जो नाम तय किए गए है उसमें रजामंदी नहीं दिख रही है और इसी कारण मामला अटकता हुआ दिख रहा है। सत्ता में आए भाजपा को दो साल हो चुके है और नगर निगम का तीन साल का पूरा कार्यकाल हो चुका है। 2026 की शुरूआत हो चुकी है। 2027 में नगर निगम - चुनाव है और उसके पहले ही एल्डरमैनों की सूची भी जारी होना है, लेकिन आपसी खींचतान के चक्कर में पूरी कहानी उलझती दिख रही है। वैसे तो नगर निगम में महापौर परिषद के बनने के बाद ही एल्डरमैन के नाम भी तय हो जाना थे लेकिन ऐसा नहीं हो पाया और समन्वय नहीं होने से नाम अटक गए है।



आपसी खींचतान के चक्कर में पूरी कहानी उलझी

बताते है कि एक नंबर विधानसभा से राजकुमार शर्मा, अजय कुशवाह, 2 नम्बर से राधा राठौर, ब्रजेश शुक्ला, तीन नंबर से शिव वर्मा, बबलू मित्तल, चार नंबर से राजकुमार सोलंकी, महेश कुकरेजा, 5 से महेश जोशी और देवेश जाजोदिया, राऊ से एमएस शर्मा और पालीवाल का नाम दिया गया है। ये नाम भाजपा की टीम बनने के पहले ही दिए गए थे जिसमें से कुछ नाम संगठन में भी तय हो गए है इसलिए उनकी जगह पर दूसरों को जिम्मेदारी दी जा सकती है। एल्डरमैन के नाम को लेकर जो कहानी बनी है उससे साफ दिखाई दे रहा है कि आने वाले दिनों में और भी विवाद हो सकता है क्योंकि कई ऐसे नाम है जो वर्षों से भाजपा के लिए काम कर रहे है। कार्यकताओं को मौका नहीं मिल पा रहा है और इसके पहले ही उन्होंने कई बार अपनी बातें भी रखी है फिर भी उन्हें नजरअन्दाज किया जा रहा है ऐसी स्थिति में अब उन नामों को लेकर चर्चा नहीं हो पा रही है। विधायकों के नाम के कारण संगठन से जुड़े लोग इसमें जगह नहीं ले पा रहे है। जो लोग वर्षों से तपस्या कर रहे है उनकी लाटरी नहीं लग पा रही है इसी वजह से एल्डरमैन की सूची भी अटकी हुई दिख रही है।

### उज्जैन में वेलेंटाइन डे पर मनाया जाएगा दंपति दिवस

## प्रेरणास्त्रोत दंपतियों का किया जाएगा सम्मान

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

जहां एक ओर वेलेंटाइन डे पर युवा वर्ग प्रेम का इजहार करता है, वहीं उज्जैन में इस दिन को पिछले सात वर्षों से ह्यदंपति दिवसह्ण के रूप में मनाया जा रहा है। आध्यात्मिक मार्गदर्शक कृष्णा गुरुजी के मार्गदर्शन में इस वर्ष भी 14 फरवरी को विशेष कार्यक्रम आयोजित कर शहर के प्रेरणास्त्रोत दंपत्तियों को सम्मानित किया जाएगा।

कार्यक्रम में 75 वर्षों से वैवाहिक जीवन निभा रहे 97 वर्षीय चैतन्य जी एवं 94 वर्षीय श्रीमती चैतन्य जी को सम्मानित किया जाएगा। यह दंपत्ति समर्पण, धैर्य और पारिवारिक मूल्यों का जीवंत उदाहरण है। इसके अलावा रोहित नागमोटिया (ऊंचाई 2 फीट) एवं टीना नागमोटिया (ऊंचाई 5 फीट) को भी सम्मानित किया जाएगा, जो शारीरिक भिन्नताओं के बावजूद प्रेम और आत्मविश्वास का प्रेरक संदेश दे रहे हैं।



### क्या है आयोजन का उद्देश्य

आयोजकों के अनुसार दंपति दिवस का उद्देश्य युवाओं को यह संदेश देना है कि प्रेम केवल एक दिन का उत्सव नहीं, बल्कि विवाह के बाद जीवनभर निभाने का संकल्प है। कार्यक्रम में वरिष्ठ एवं प्रेरणादायक दंपत्तियों को गुलाब भेंट कर सम्मानित किया जाएगा और युवाओं से अपील की जाएगी कि वे ऐसे दंपत्तियों से आशीर्वाद लेकर अपने वैवाहिक जीवन की शुरूआत करें। यह आयोजन कृष्णा गुरुजी सोशल वेलफेयर सोसाइटी के माध्यम से किया जा रहा है। कार्यक्रम को अंतरराष्ट्रीय स्वरूप भी दिया गया है, जिसमें अमेरिका, कनाडा, दुबई और सिंगापुर से वरिष्ठ दंपत्तियों को ऑनलाइन जोड़कर सीनियर कपल डे के रूप में सम्मानित किया जाएगा। आयोजकों ने युवाओं से अपील की है कि जो दंपति दशकों तक साथ निभा चुके हैं, उनसे प्रेरणा लेकर ही प्रेम को विवाह तक ले जाएं।

## एमपी के 56 प्रतिशत गांवों में बीएसएनएल का नेटवर्क नहीं

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

मध्य प्रदेश में सरकारी और निजी टेलीकॉम सेवाओं के बीच की खाई गहरी होती जा रही है। संसद में पेश सरकारी आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि जहां एक ओर प्रदेश के आधे से ज्यादा गांव अत्याधुनिक 5ॠ नेटवर्क से जुड़ चुके हैं, वहीं दूसरी ओर सरकारी कंपनी बीएसएनएल अभी भी आधे से ज्यादा प्रदेश में अपनी पहुंच बनाने के लिए संघर्ष कर रही है।

संसद में दी गई जानकारी के अनुसार, मध्य प्रदेश में बीएसएनएल के नेटवर्क विस्तार की स्थिति अन्य राज्यों की तुलना में काफी पीछे है। मध्य प्रदेश में कुल 54,903 गांव हैं इनमें से केवल 24,394 गांवों को ही बीएसएनएल की सेलुलर सेवाओं से कवर किया जा सका है।

### नेटवर्क विहीन

प्रदेश के लगभग 55.5% (करीब 30,509 गांव) में आज भी बीएसएनएल का सिग्नल नहीं पहुंचता है। उत्तर प्रदेश (पूर्व) जैसे सर्कल में बीएसएनएल ने 92% गांवों को कवर कर लिया है, जबकि एमपी में यह आंकड़ा आधे से भी कम है।

## मंडी की सफाई पेंडिंग... ननि से 6 माह बाद भी एग्रीमेंट नहीं




**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

उज्जैन शहर के बीचोबीच बनी कृषि मंडी में सफाई व्यवस्था सुधारने का मामला एक साल से पेंडिंग है। निजी ठेकेदार के काम से न तो व्यापारी संतुष्ट हैं और न ही अफसर। मामला मंडी बोर्ड भोपाल पहुंचा और वहां से यह काम निगम को सौंपने का निर्णय लिया गया। बकायदा इसके लिए निगम से मंगवाए 5.36 लाख रुपए प्रतिमाह के कोटेशन को भी मंडी बोर्ड ने स्वीकार कर लिया, लेकिन निगम व मंडी कर्मचारियों के बीच तालमेल नहीं बन सका और 6-7 माह से मामला पेंडिंग पड़ा है। निगम के साथ मंडी का एग्रीमेंट नहीं हो सका। इस कारण समिति को मजबूरन पुराने निजी ठेकेदार के भरोसे ही मंडी परिसर की सफाई कराना पड़ रही है। निजी ठेकेदार के सही तरह से काम नहीं करने से मंडी परिसर की ठीक से सफाई नहीं हो पाती। मंडी सचिव राजेश गोयल के अनुसार एक दिन पहले ही निगम अफसर से इस मामले में चर्चा हुई है। अधिकारी ने मौखिक रूप से स्वीकृति दे दी है। एग्रीमेंट कराकर जल्द ही मंडी परिसर की सफाई का जिम्मा नगर निगम को सौंप दिया जाएगा। इससे निगम की आमदनी भी बढ़ेगी।

### आस्था, रहस्य व अध्यात्म का अनोखा संगम

## महाकाल की नगरी का रहस्यमयी चक्रतीर्थ श्मशान

### जहां मृत्यु को भी माना जाता है मुक्ति का रास्ता



**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

उज्जैन को केवल एक शहर नहीं, बल्कि आस्था और आध्यात्मिक ऊर्जा का जीवंत केंद्र माना जाता है। यहां हर गली, हर मंदिर और हर घाट शिव की उपस्थिति का एहसास कराता है। इसी पवित्र नगरी में एक ऐसा स्थान भी है, जहां जीवन का अंतिम पड़ाव भी मुक्ति का मार्ग माना जाता है।

शिप्रा नदी के तट पर स्थित चक्रतीर्थ श्मशान घाट को साधारण श्मशान नहीं बल्कि एक पवित्र तीर्थ माना जाता है। यहां अंतिम संस्कार को आत्मा की परम यात्रा की शुरूआत समझा जाता है। यही कारण है कि यह घाट श्रद्धालुओं और साधकों दोनों के लिए विशेष महत्व रखता है।



**मोक्ष की आस्था और श्रद्धालुओं का विश्वास-** स्थानीय लोगों का विश्वास है कि चक्रतीर्थ में अंतिम संस्कार होने से आत्मा को मोक्ष का मार्ग मिलता है। इसी कारण कई परिवार दूर-दूर से यहां अपने परिजनों का अंतिम संस्कार कराने आते हैं। यहां का वातावरण गंभीर जरूर है, लेकिन कई लोग इसे आत्मा की शांति का स्थान भी मानते हैं।

### जहां हर कण में बसती है सनातन आस्था

उज्जैन, जिसे प्राचीन काल में अवंतिका कहा जाता था, सनातन धर्म की सबसे महत्वपूर्ण नगरी में से एक रही है। महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग की वजह से यह विश्वभर में प्रसिद्ध है, लेकिन इस शहर का आध्यात्मिक विस्तार केवल मंदिरों तक सीमित नहीं है। यहां का वातावरण साधना, तपस्या और मोक्ष की परंपरा से जुड़ा हुआ है। मान्यता है कि यहां समय भी महाकाल के नियंत्रण में चलता है और मृत्यु को भी अंत नहीं बल्कि मुक्ति का मार्ग माना जाता है।

### तंत्र साधकों का प्रमुख साधना स्थल

चक्रतीर्थ श्मशान घाट केवल अंतिम संस्कार स्थल ही नहीं बल्कि तंत्र साधना के लिए भी प्रसिद्ध है। कई साधक मानते हैं कि यहां की ऊर्जा अत्यंत शक्तिशाली है और साधना के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करती है। विशेषकर दिवाली की अमावस्या पर यहां देश-विदेश से तांत्रिक और साधक पहुंचते हैं। इस दौरान रात भर विशेष साधनाएं होती हैं। और सिद्धि प्राप्ति के प्रयास किए जाते हैं। श्मशान साधना को तंत्र परंपरा में अत्यंत प्रभावशाली माना जाता है, और उज्जैन का चक्रतीर्थ इस परंपरा का महत्वपूर्ण केंद्र है।

### क्यों मिला चक्रतीर्थ श्मशान को तीर्थ का दर्जा?

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, चक्रतीर्थ श्मशान घाट पर किए गए अंतिम संस्कार से आत्मा को मोक्ष की प्राप्ति होती है। यही कारण है कि इस स्थान को तीर्थ के रूप में सम्मान मिला है। कहा जाता है कि महाभारत युद्ध के बाद अनेक वीर योद्धाओं का अंतिम संस्कार करने के लिए एक पूर्ण पवित्र भूमि की खोज की गई। लेकिन ऐसी जगह मिलना कठिन था, जहां पाप का प्रभाव न रहा हो। पौराणिक कथा के अनुसार, अवंतिका नगरी यानी आज के उज्जैन में ऐसी दिव्य भूमि मिली। मान्यता है कि भगवान श्रीकृष्ण ने अपने सुदर्शन चक्र से कर्ण के पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार कराया। इसी प्रसंग से इस स्थान का नाम चक्रतीर्थ पड़ा। तब से यह स्थल केवल श्मशान नहीं बल्कि मोक्ष भूमि के रूप में प्रतिष्ठित हो गया।

### फाल्गुन कृष्ण दशमी पर श्री महाकालेश्वर मंदिर में उमड़ा जनसैलाब

## भस्म आरती में गूंजा जय श्री महाकाल

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

उज्जैन में फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की दशमी तिथि पर गुरुवार सुबह विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में भस्म आरती के दौरान श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। हजारों भक्त देर रात से ही कतारों में लगकर अपने आराध्य बाबा महाकाल के दर्शन के लिए प्रतीक्षा करते रहे। तड़के सुबह 4 बजे मंदिर के पट खुलते ही भस्म आरती प्रारंभ हुई। भगवान महाकाल का भस्म रमाकर आकर्षक श्रृंगार किया गया। मंदिर परिसर जय श्री महाकाल के जयघोष से गूंज उठा।

मंदिर के पुजारी पंडित महेश शर्मा ने बताया कि प्रातः 4 बजे वीरभद्र जी से आज्ञा लेकर गर्भगृह के पट खोले गए। इसके बाद पंडे-पुजारियों ने सभी देव प्रतिमाओं का पूजन-अर्चन किया। भगवान महाकाल का जलाभिषेक दूध, दही, घी, शक्कर, पंचामृत और फलों के रस से किया गया। प्रथम घंटानाद के साथ ह्यहरि ओमह्ण का जल अर्पित किया गया। कपूर आरती के बाद भगवान को नवीन मुकुट धारण कराया गया। महानिवार्णी अखाड़े की ओर से शिवलिंग पर भस्म अर्पित की गई और झांझ-मंजीरे, ढोल-नगाड़ों व शंखनाद के साथ भस्म आरती संपन्न हुई।

श्रृंगार की विशेषता यह रही कि भस्म के साथ भांग से भी भगवान का अलंकरण किया गया। मान्यता है कि भस्म अर्पित होने के बाद भगवान महाकाल निराकार से साकार रूप में भक्तों को दर्शन देते हैं।



### महाशिवरात्रि पर 44 घंटे खुलेंगे महाकाल के पट

विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर मंदिर में महाशिवरात्रि का पर्व इस वर्ष 15 फरवरी 2026 (रविवार) को श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर पूरी उज्जैन नगरी शिवमय हो गई है। 6 फरवरी से महाकालेश्वर मंदिर में शिव नवरात्रि और भगवान महादेव के विवाहोत्सव की शुरूआत हो चुकी है, जो 16 फरवरी 2026 तक चलेगा। महाशिवरात्रि के मौके पर देश-विदेश से लाखों श्रद्धालुओं के आने की संभावना है।

### आरती का समय

- **प्रथम भस्म आरती:** प्रातः 4:00 से 6:00 बजे तक
- **द्वितीय दद्योतक आरती:** प्रातः 7:30 से 8:15 बजे तक
- **तृतीय भोग आरती:** प्रातः 10:30 से 11:15 बजे तक
- **चतुर्थ संध्याकालीन पूजन:** सायं 5:00 से 5:45 बजे तक
- **पंचम संध्या आरती:** सायं 6:30 से 7:15 बजे तक
- **शयन आरती:** रात्रि 10:30 से 11:00 बजे तक

(यह आरती क्रम फाल्गुन कृष्ण पक्ष प्रतिपदा तक प्रभावी रहेगा।)

- मंदिर संबंधी जानकारी के लिए टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 18002331008 उपलब्ध है। महाकाल दर्शन, आरती, पूजन व दान से संबंधित जानकारी 24.7 फोन नंबर 0734-2559272, 2559277, 2559276 और 2559275 पर प्राप्त की जा सकती है।

## तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत जिले से 751 तीर्थ यात्री अयोध्या के लिए रवाना



**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना अंतर्गत मंगलवार को जिले के ग्रामीण एवं नगरीय निकायों के 751 तीर्थ यात्रियों को लेकर विशेष ट्रेन उज्जैन रेलवे स्टेशन से रवाना हुई। जिले के समाजसेवी, जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने हरी झंडी दिखा कर ट्रेन को रवाना किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में जिला पंचायत सीईओ श्रेयांस कूमट, एमआईसी सदस्य जितेंद्र कुवाल, उपायुक्त नगर निगम मनोज मौर्य, अंतरसिंह देवड़ा, महेंद्र सिंह सोलंकी, उमेश सेंगर ने दीप प्रज्ज्वलन किया। सभी तीर्थ यात्रियों का पुष्पहारों से स्वागत कर सफल यात्रा की शुभकामनाएं प्रेषित की। सामाजिक न्याय विभाग के कलाकारों द्वारा यात्रियों के समक्ष सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी गई।

## न्यूज-कॉलम



### अज्ञात वाहन की टक्कर से तेंदुए के मादा शावक की मौत

**टांडा(धार)।** बीती रात राजगढ़-कुक्षी मार्ग पर टांडा उपमंडी के सामने तेंदुए के मादा शावक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों द्वारा वन विभाग को सूचना दी गई। टांडा वन विभाग की टीम मौके पर पहुची और शव को सुरक्षित कर मौके पर जांच की। सरदापुर उपवनमण्डला अधिकारी सुनिल सुलिया ने जानकारी देते हुए बताया कि बुधवार रात 10 बजे मंडी के पास मृत तेंदुए की सूचना मिली। सूचना पर टांडा स्टाफ मोके पर पहुचा। जहा से तेंदुए के शव को टांडा वन विभाग कार्यालय लाया गया एव सुरक्षित रूप से रखवाया गया। इन्होंने बताया कि उक्त मृत मादा तेंदुए की उम्र 8 से 10 माह की बताई जा रही है। तेंदुए की मौत किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से हुई है। वन मंडलाधिकारी धार विजय नंथम टी. आर,वन उ.व.म अधिकारी सुनील सुलिया, वनपरिक्षेत्राधिकारी होशियारसिंह कन्नौजे एवं जनप्रतिनिधि की उपस्थिति में गुरुवार दोपहर तेंदुए के शव का शवदाह किया गया।

### कलेक्टर ने शासकीय बालक आश्रम मथवाड का किया औचक निरीक्षण

**आलीराजपुर।** कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने सोंडवा तहसील के ग्राम मथवाड स्थित शासकीय बालक आश्रम छात्रावास का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने किचन एवं शौचालय की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश संबंधित छात्रावास अधीक्षक को दिए। कलेक्टर ने छात्रावास में रह रहे बच्चों से चर्चा कर उन्हें उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित किया। बच्चों से बातचीत के दौरान मेनू अनुसार गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराए जाने की जानकारी प्राप्त हुई। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती माथुर ने छात्रावास के उपस्थिति रजिस्टर, भोजन रजिस्टर सहित अन्य अभिलेखों की भी जांच की तथा अधीक्षक को आवश्यक व्यवस्थाओं को नियमानुसार बनाए रखने के निर्देश दिए।

### कैंसर पीड़ितों के लिए चरक कॉलेज की अनूठी पहल



**मंडलेश्वर।** नगर की अग्रणी संस्था चरक इंस्टिट्यूट ऑफ फामेर्सी महाविद्यालय के प्रथम और चतुर्थ वर्ष के विद्यार्थियों ने विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर टाटा मेमोरियल अस्पताल मुंबई के लिए दान अभियान चलाया! इस अभियान का उद्देश्य कैंसर रोगियों की आर्थिक मदद करना और कैंसर के खिलाफ लड़ाई में योगदान देना था!विद्यार्थियों ने चरक संस्था व पूरे मंडलेश्वर नगर से 21 हजार रुपए की राशि एकत्रित की और इसे टाटा मेमोरियल अस्पताल मुंबई जो कि कैंसर के उपचार और अनुसंधान का एक चैरिटेबल अस्पताल है, उनके प्रतिनिधियों को सौंपी । इस अभियान में मंडलेश्वर के व्यापारियों और दुकानदारों ने भी सहयोग दिया! कॉलेज के विद्यार्थियों, संस्थापक, प्राचार्य और शिक्षक सभी का योगदान रहा इस अभियान में प्रो. अंजुला पाटीदार, प्रो. नवदीप जायसवाल, प्रो. विनीत शिवाने और प्रो. अमन कर्मा का मुख्य योगदान रहा। संस्था के द्वारा किए गए इस प्रयास को संस्था के चेयरमैन डॉ बद्री प्रसाद पाटीदार ने काफी सराहा व कहा कि यह हमारा निस्वार्थ प्रयास जरूरतमंदों को आवश्यक उपचार और देखभाल प्रदान करने में मदद करेगा । संस्था के डायरेक्टर भगवान पाटीदार व प्राचार्य डॉ डी एस बेले ने कहा कि विद्यार्थियों के इस अच्छे काम से औरों को भी प्रेरणा मिलती है, और इस काम के लिए संस्था ने विद्यार्थियों द्वारा कैंसर पीड़ितों के लिए निस्वार्थ सेवा के लिए प्रशंसा की।

### अटल बिहारी वाजपाई मंडल के संगठन प्रभारी सुनील वाघेने बैठक ली



**बुरहानपुर।** भारतीय जनता पार्टी के पितृ पुरुष, प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक एवं एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के अजीवन सहयोग निधि संग्रह अभियान का शुभारंभ हुआ।अटल बिहारी वाजपाई मंडल दरियापुर के संगठन प्रभारी सुनील वाघे ने सरोला शक्तिकेंद्र में बैठक ली। बैठक में बूथ सशक्तिकरण, संगठन विस्तार, आगामी कार्यक्रमों की रणनीति तथा प्रत्येक बूथ को मजबूत करने के संकल्प के साथ विस्तृत चर्चा की गई।बैठक में दिनांक 14 फरवरी को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के बुरहानपुर में प्रथम आगमन के संदर्भ में विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की गई तथा कार्यक्रम को ऐतिहासिक एवं भव्य बनाने हेतु सभी कार्यकर्ताओं से सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया गया।

### द्वादश ज्योतिलिंग भव्य केदारनाथ मंदिर झांकी का शुभारम्भ

**बुरहानपुर।** विधायक अर्चना चिटनीस ने ब्रह्माकुमारीज विश्व विद्यालय के प्रभु चिंतन भवन के प्रांगण में भव्य महाशिवरात्रि मोहोत्सव के प्रथम दिवस द्वादश ज्योतिलिंग केदारनाथ मंदिर झांकी और ज्ञानमयी आध्यात्मिक चित्र प्रदर्शनी का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री व विधायक अर्चना चिटनीस, पूर्व महापोर अनिल भोसले, पूर्व निगम अध्यक्ष गौरी शर्मा, समाजसेवी माधोबिहारी अग्रवाल, महेश जोशी, महेंद्र पारीख, ब्रह्माकुमारी मंगला दीदी ने दिप प्रज्जलन बाबा केदारनाथ की झांकी का फीता काटकर एवं महाआरती कर झांकी का शुभारम्भ किया।

# पुलिस को नकबजनी के आरोपी को गिरफ्तार करने में मिली बड़ी सफलता

## आरोपी से चोरी के सोने के 2 हार किमती करीबन 10 लाख रूपए तथा घटना मे प्रयुक्त एक लोहा काटने का कटर जब्त किया

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ अलीराजपुर



पुलिस अधीक्षक श्री रघुवंश सिंह ने बताया कि थाना जोबट क्षेत्रान्तर्गत घटना दिनांक 5 फरवरी 2026 की मध्य रात्रि मे घर का दरवाजा तोडकर सोना/चांदी के जेवरात चुरानें की वारदात का जोबट पुलिस द्वारा पदार्फाश कर अज्ञात आरोपी को गिरफ्तार करने मे सफलता प्राप्त की है।

घटना दिनांक 4-5 फरवरी 2025 को अज्ञात बदमाशो के द्वारा कश्मीर पिकनीक पर गए फरियादी जितेन्द्र पिता भेरूसिंह अजनार जाति भील निवासी दिनदयाल कालोनी, मिशन अस्पताल के सामने, जोबट के सुने घर मे घर का दरवाजे का नकुचा तोड़कर घर के अन्दर घुसकर घर में रखी गोदरेज का ताला तोड़कर उसमे रखे लाखो रूपए के सोना-चांदी एवं आर्टीफिशियल जेवरात चुराकर ले गए थे। चोरी की सूचना पर फरियादी अपनी पिकनीक छोड़कर वापस घर आया व चोरी की सूचना थाना जोबट पर दी गई। जिस पर से थाना जोबट पर अपराध क्र 51/2026 धारा 331 (4), 305 (ए) का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

कस्बा जोबट मे हुई चोरी की बडी वारदात को आलीराजपुर पुलिस के द्वारा गंभीरता से लेते हुये अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री प्रदीप पटेल एवं एसडीओपी जोबट श्री रविन्द्र राठी मार्गदर्शन में थाना प्रभारी जोबट निरीक्षक विजय वास?कले के नेतृत्व में अज्ञात आरो?पियों की धरपकड हेतु विशेष टीम गठित की गई। गठित पुलिस टीम के द्वारा वारदात दिनांक से ही अज्ञात आरोपियों के संबंध में लगातार गंभीरता से प्रयास किये जानें के परिणामस?वरूप दिनांक 5 फरवरी को मध्य रात्रि मे एक सुने घर मे दरवाजा तोड़कर लाखो के सोने चांदी के जेवर चुराकर ले जानें वाले आरोपियों को ज्ञात करने मे सफल हुये हैं।

घटना के अज्ञात आरोपियों को ज्ञात करने के दौरान जोबट पुलिस के द्वारा अज्ञात बदमाशो की पतारसी हेतु कई सीसीटीवी फुटेजों को खगालने के बाद सीसीटीवी फुटेज, सायबर सेल टीम की मदद एवं मुखबीर की सूचना पर से एक अज्ञात आरोपी आशु पिता वेस्ता वास्केल, उम्र 18 वर्ष, निवासी सिगांड़ फलिया, ग्राम पनेरी को गिरफ्तार कर घटना के संबंध मे पुछताछ की गई तो आरोपी द्वारा अपने दो अन्य साथी के साथ मिलकर लोहा काटने के कटर की मदद से फरियादी के घर का नकुचा काटकर घर के अंदर घुसकर घर के अंदर गोदरेज मे रखे लाखो रूपए के सोना-चांदी के जेवर एवं आर्टीफिशियल जेवरात चुराना स्विकार किया तथा चोरी के मनुका को आपस मे बाटना बताया गया। आरोपी आशु द्वारा पुलिस के डर से अपने हिस्से मे आया चोरी का सामान सोने के 2 हार किमती करीबन 10 लाख रूपए को जंगल मे पत्थर के नीचे छिपाकर रखा था जिसको भी पुलिस द्वारा बरामद किया गया तथा पुलिस द्वारा अन्य दो फरार आरोपीयों की तलाश की जा रही है जिनसे भी चोरी का मश्रुका बरामद किया जाना शेष है।

# टांडा में जननी वाहन नही आया,सड़क पर हुई महिला की डिलवरी,पति बाईक पर ला रहा था अस्पताल

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ टांडा( धार )



व्यवस्था बीमारज्सिस्टम लाचार... गत दिवस सिस्टम की लापरवाही का एक ऐसा ही घटनाक्रम सामने आया। जब महिला को प्रसव के लिए अस्पताल आने के लिए एम्बुलेंस नही मिली। और दोपहिया वाहन से अस्पताल आते-आते रास्ते मे प्रसव हो गया। यू तो टांडा स्वास्थ्य केंद्र पर 2 एम्बुलेंस की तैनाती है। लेकिन वर्तमान में एक भी उपलब्ध नहीं है। एम्बुलेंस के नही होने के कारण एक महिला की जान पर बन आई। ठंडी रात में खुले आसमान के नीचे महिला ने सड़क पर बच्ची को जन्म दिया है। फिलहाल जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ्य है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार-गुरुवार की रात करीब 12 बजे के आसपास संगीता पति घुमसिंह निवासी कुडुजेता को प्रसव पीड़ा हुई। संगीता डिलवरी के लिए अपने मायके मगदी आई हुई थी। जिसे एमबुलेंस नही उपलब्ध होने पर मोटरसाइकिल की मदद से मगदी से टाण्डा अस्पताल लाया जा रहा था। महिला की डिलवरी टांडा में कुम्हार गली में रास्ते मे हुई।

संगीता की काकी ने बताया की हमने सबसे पहले एम्बुलेंस को बुलाया वह नही आई। संगीता की हालत को देखकर हम इसे मोटरसाइकिल से अस्पताल लेकर आ रहे थे।रास्ते मे ही डिलवरी हो गई। बाद में अस्पताल पहुचकर डॉक्टर को सूचना दी। टांडा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ नितिन श्रीवास्तव ने बताया संगीता पति घुमसिंह का गांव से आसपास लाते समय कुम्हार गली के पास प्रसव हुआ है। सूचना पर अस्पताल से संसाधन लेकर मौके पर पहुचे एवं डायल 112 पुलिस वाहन की मदद से इन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टांडा पर लाया गया। महिला एवं बच्चा दोनों स्वस्थ्य है। वही अस्पताल में डिलवरी के लिए आई एक महिला के परिजनों ने बताया कि हमने भी प्रसव पीड़ा को देखते हुए कई बार एम्बुलेंस 108 पर फोन किया। 1 घण्टे बाद तक वह नही आई फिर किराये का वाहन लेकर के अस्पताल लाए। वही इस सम्बंध में डॉ श्रीवास्तव का कहना है शासन के द्वारा यहां 2 एबुलेंस की व्यवस्था की गई है लेकिन दोनों ही वाहन मेंटेनेंस के लिए गए हुए है। वर्तमान में यहां कोई भी वाहन नही है। वही टांडा क्षेत्र में लगभग 50 गांव के लोग स्वास्थ सुविधा के लिए आश्रित है। अस्पताल में महिला डॉक्टर भी नहीं है। ऐसे में गर्भवती महिला को माशिक स्वास्थ्य परीक्षण के लिए बाहर के अस्पताल में जाना पड़ता है।

# आयुष्मान भारत के तहत उमंग स्कूल हेल्थ एवं वेलनेस जिला स्तरीय प्रशिक्षण सम्पन्न

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ आलीराजपुर



आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत संचालित उमंग स्कूल हेल्थ एवं वेलनेस कार्यक्रम के तहत कक्षा 6 से 12 तक की समस्त शासकीय एवं अनुदान प्राप्त शालाओं में विभिन्न स्वास्थ्य गतिविधियों का संचालन किया जाना है। इसी क्रम में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग तथा स्कूल शिक्षा विभाग के समन्वय से कक्षा 6 से 8 तक के शिक्षकों को आरोग्य दूत के रूप में चिन्हित कर जिला स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिनांक 9 फरवरी 2026 से 11 फरवरी 2026 तक आयोजित आवासीय प्रशिक्षण में दो बैचों में कुल 71 शिक्षकों ने भाग लिया। तीन दिवसीय प्रशिक्षण में पोषण, यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य, मूल्य एवं जिम्मेदार नागरिकता, मादक पदार्थों के दुरुपयोग की रोकथाम एवं प्रबंधन, समस्या समाधान तथा रचनात्मक चिंतन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश अतुलकर ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित कर सम्मानित किया।

प्रशिक्षण के दौरान राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. प्रमेय रेवड़िया, जिला किशोर स्वास्थ्य समन्वयक श्री भूपेंद्र मंडलोई एवं मास्टर प्रशिक्षक सुश्री विमला अजनार द्वारा राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम की अवधारणा पर विस्तृत जानकारी दी गई।

इस अवसर पर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्था (डायट) श्री कैलाश चंद्र सिसोदिया, जिला शिक्षा केंद्र एपीसी श्री जितेन्द्र चौहान, मास्टर प्रशिक्षक अविनाश वाघेला, मडिया बामनिया सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



# सीएचओ वास्केल द्वारा ग्राम की महिलाओं को परिवार नियोजन के संबंध में जानकारी दी

**बाग।** महिला एवं बाल विकास की आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक ३ ग्राम नाहवेल पाटलीपुरा में महिला जागरुकता का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें ग्राम नाहवेल की सीएचओ पूजा वास्केल द्वारा महिला को परिवार नियोजन के बारे में बताते हुए कहा की महिलाओं को अपने स्वास्थ्य पर बहुत ध्यान देना चाहिए उसमें खासकर गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था में विशेष ध्यान देना चाहिए । गर्भवती महिलाए समय समय पर अपनी जांच व टीकाकरण आवश्यक कराए स्वास्थ के प्रति हमेशा जागरुक रहना चाहिए साथ ही शासन की योजना का लाभ भी लेते रहना चाहिए शासन ने महिला स्वास्थ्य पर अनेकों योजना संचालित कर रखी है । उसके लिए हमारे डाकोमेंस कम्पलीड रहना चाहिए ताकी समय आने पर हमें परेशानी ना उठाना पड़े इस दौरान सीएचओ वास्केल ने महिलाओं को अंतरा इंजेक्शन के बारे में भी बताया की उसके लगाने से हमें क्या लाभ मील सकता है वहीं माला एन टेबलेट के बारे मैं भी विस्तार पुर्वक जानकारी दी गई। एवं सर्वे भी किया गया । आयुष्मान भारत कार्ड,आभा आइडी, हेल्थ कार्ड के लाभ भी बताए क्षेत्र में सीएचओ के कार्य की प्रशंसा भी ग्रामीण महिलाओं की ओर कहा की समय समय पर मेडम द्वारा हमारे स्वास्थ को लेकर समस्त जानकारी दी जाती है । समय समय पर अपने श कार्य को अंजाम भी देती है । आंगनवाड़ी कार्यकर्ता गजरी चौहान ने महिलाओं बाल विवाह पर समझाते हुए महिलाओ को बताया की बाल विवाह जैसी सामाजिक कूरोतियों पर हमें रोक लगाना चाहिए जबतक लडकी बालिग ना हो जाए तब तक उसका विवाह ना करे बाल विवाह करना एक अपराध भी है इस दौरान सीएचओ पूजा वास्केल, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता गजरी चौहान,सहायिका चांदनी मोर्या,आशा कार्यकर्ता भुरीबाइ जामोद,आशा सुपर वाइजर कला जमरा एवं फलिए की बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं ।

# कालेज स्टुडेंटों ने बाग प्रिंट की कला को निहारा, की कला की प्रशंसा

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ बाग

बाग प्रिंट की कला को हर कोई जानना ओर परखना चाहता हे इसी को लेकर दूर दराज से लोग आते हैं और इस कला को समझते हैं इसको लेकर कालेज स्टूडेंट्स भी पिछे नहीं है जो कोई बाग प्रिंट का नाम सुनता हे बाग की ओर दौड़ा चला आता है बुधवार को नेशनल इंश्योरेंस गर्ल्स कालेज भोपाल की स्टूडेंट बाग आई और वह बाग प्रिंट के बारे पूछ रही थी तभी उन्होंने इरफान उस्मान गनी खत्री पटेल के घर बाग प्रिंट के कपड़े देखें तो वह वहीं चढ़ गए और बाग प्रिंट की कला को उनसे समझने लगी इरफान खत्री ने बाग प्रिंट के अपने कारखाने का सभी स्टेडेंटो को दिखाया और उन्हें विस्तार से बाग प्रिंट के बारे में समझाया भी केसे ठप्पा लगाते हैं केसे इन्हें कपड़े पर उकेरते है ।

तमाम जानकारी ओर बाग प्रिंट को बारीकी से परखने के बाद वहां से बाग प्रिंट के शुट साड़ीया भी खरीदी और स्टुडेंट ओजस्वी भगत ने कला की प्रशंसा करते हुए स बताया की बहुत ही शानदार और जानदार कला है जिसे देखते ही बनती है मेरे द्वार इसे रिसर्च किया गया था और पता लगाया की बाग कहा हे ओर यह बाग प्रिंट कला कहा होती है तब जाकर हम यहां आए बड़ा ही मेहनत भरी ये कला है आज इस बाग प्रिंट की गुंज सब दूर है । बहुत अच्छा लगा हमें यहां आकर इस कला को परखा।

# कलेक्टर श्री सिंह द्वारा विभिन्न मामलों में जनसुनवाई की गई

## जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों पर समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ उज्जैन



मंगलवार को सम्राट विक्रमादित्य प्रशासनिक संकुल भवन स्थित कलेक्टर कार्यालय सभागार में कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह द्वारा जनसुनवाई की गई। जनसुनवाई के दौरान आवेदकों से प्राप्त प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए।जनसुनवाई के दौरान ग्राम भाटखेड़ी तहसील खाचरौद निवासी श्री गोविंद पिता चंदाजी बागरी ने आवेदन दिया कि शासन की प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजनान्तर्गत मकान निर्माण के लिए पहली किस्त 25 हजार रुपए मिले है। इसके बाद दूसरी और तीसरी किस्त नही मिलने से मकान निर्माण में परेशानी हो रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना की शेष राशि दिलाई जाए। कलेक्टर श्री सिंह ने एसडीएम खाचरौद को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए।ग्राम नागूखेड़ा तहसील तराना निवासी श्री शिवसिंह पिता श्री शंकर लाल ने आवेदन दिया कि ग्राम में उनके स्वामित्व एंव आधिपत्य की कृषि भूमि राजस्व रिकार्ड में दर्ज है, लेकिन नक्शे में बटांकन नही किया गया। निवेदन किया गया है कि कृषि भूमि का बटांकन किया जाए। कलेक्टर श्री सिंह ने एसडीएम तराना को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए।जयसिंहपुरा उज्जैन निवासी श्री गुरूप्रीत कौर पिता श्री रघुवीर सिंह ने आवेदन दिया कि क्षेत्र में उनके द्वारा छोटी दुकान लगाई जाती है। नगर निगम की टीम ने दुकान का सामान जप्त कर लिया है। निवेदन किया है कि दुकान का सामान वापस दिलाया जाए। कलेक्टर श्री सिंह ने कार्यवाही के लिए नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिए। ग्राम बागनी तहसील झारड़ा निवासी श्री मदनलाल चौहान पिता स्व. अनार जी चौहान ने आवेदन दिया कि ग्राम लसुडिया नाटा में स्थित उसके स्वामित्व की भूमि का नक्शा सुधारने के लिए आवेदन दिया था। नक्शा सुधारने को लेकर कोई कार्यवाही नही की गई। निवेदन किया है कि उनकी भूमि का नक्शा सुधारा जाए। कलेक्टर ने महिदपुर एसडीएम को कार्यवाही के लिए निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री श्रेयांस कूमट, एडीएम श्री अत्येंद्र सिंह और विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने आवेदकों के आवेदन पर सुनवाई की।

# दिव्यांग छात्र-छात्राओं के प्लेसमेंट का आयोजन किया

**उज्जैन,।** शासकीय आईटीआई मक्सी रोड प्राचार्य श्री विवेक मिश्रा ने जानकारी दी कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुरूप दिव्यांग युवाओं को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने एवं समावेशी विकास की दिशा में आगे बढ़ने के लिए संस्था द्वारा सार्थक प्रयास किए जा रहे है। इसी तारतम्य में शासकीय आईटीआई मक्सी रोड में दिव्यांग श्रवण बाधित छात्र-छात्राओं के लिए डॉक्टर रेड्डी'स फाऊंडेशन के साथ विभिन्न कंपनियों फ्लिपकार्ट, डी मार्ट, द काफी कॉन्सेप्ट, अथा रेस्टोरेंट, मेपल हॉस्पिटल, राज वर्क इंडस्ट्री जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों में लॉजिस्टिक, रिटेल, हॉस्पिटैलिटी, मैन्युफैक्चरिंग और हेल्थ केयर जैसे आधुनिक क्षेत्र में रोजगार के लिए प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित की गई। प्लेसमेंट ड्राइव में 50 श्रवण बाधित दिव्यांग छात्र-छात्राओं द्वारा भाग लिया गया तथा 22 छात्र-छात्राओं का अगले राउंड के लिए चयन किया गया। कैंपस ड्राइव प्लेसमेंट अधिकारी श्रीमती मनीषा अरोड़ा एवं प्रशिक्षण अधिकारी श्रीमती रीना गुप्ता माथुर के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

# डिजिटल मोड में होगी जनगणना, मई 2026 से शुरू होगा प्रथम चरण

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ आलीराजपुर

कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर के निर्देशन में संयुक्त कलेक्टर श्री मनोज गरवाल की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्टर कार्यालय के सभागृह में जिला जनगणना समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी जनगणना-2027 को पूर्णतः डिजिटल मोड में संपादित किए जाने संबंधी व्यवस्थाओं, तैयारियों एवं समन्वय से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। संयुक्त कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनगणना कार्य निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्ता एवं पारदर्शिता के साथ पूर्ण किया जाए।

बैठक में जनगणना कार्य निदेशालय, मध्यप्रदेश से नियुक्त जिला प्रभारी श्री सिद्धार्थ गोयल द्वारा जनगणना की प्रक्रिया, डिजिटल तंत्र, डाटा शुद्धता, प्रशिक्षण व्यवस्था एवं निगरानी प्रणाली के संबंध में विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया गया। उन्होंने बताया कि इस बार जनगणना पूर्णतः डिजिटल माध्यम से संपन्न की जाएगी, जिससे आंकड़ों की सटीकता एवं त्वरित संकलन सुनिश्चित होगा।

संयुक्त कलेक्टर श्री गरवाल ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनगणना कार्य में संलग्न सभी मास्टर ट्रेनर्स, फील्ड ट्रेनर्स, प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों की सूची का डिजिटल संधारण अनिवार्य रूप से किया जाए तथा प्रशिक्षण कार्यक्रम समयबद्ध रूप से आयोजित किए जाएं। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति हेतु सभी विभागों के बीच समन्वय अत्यंत आवश्यक है।

बैठक में बताया गया कि जनगणना- 2027 देश की १६वीं तथा स्वतंत्रता के पश्चात आठवीं जनगणना होगी। यह ग्राम, नगर एवं वार्ड स्तर पर प्राथमिक आंकड़ों का सबसे बड़ा एवं विश्वसनीय स्त्रोत है।

जनगणना का प्रथम चरण (मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना) 1 मई से 30 मई 2026 तक संचालित किया जाएगा, जबकि द्वितीय चरण (जनसंख्या गणना) फरवरी 2027 में आयोजित किया जाएगा। इस बार नागरिकों को पहली बार स्व-गणना (स्द्गद्यद्ध श्वठ्ठह्वद्वद्गह्म्ड्डह्लद्बशठ्ठ) का विकल्प भी प्रदान किया गया है। आंकड़ों का संकलन स्व-गणना पोर्टल (स्श्व क्कशह्म्ह्लड्डद्य) एवं मोबाइल एप ( ॥रुह्न श्चश्च) के माध्यम से किया जाएगा। मकान सूचीकरण ब्लॉक का सृजन ॥रुक्रष्ट वेब पोर्टल से तथा जनगणना प्रबंधन एवं निगरानी ष्टरूरूस् वेब पोर्टल के माध्यम से की जाएगी। बैठक में जिला जनगणना समन्वय समिति के सदस्यगण एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### रतलाम में हड़ताल, नए लेबर लॉ का विरोध

**रतलाम।** नए लेबर लॉ समेत कई मुद्दों के विरोध में केंद्रीय श्रमिक संगठनों ने गुरुवार को राष्ट्रव्यापी हड़ताल की। रतलाम में इसका मिला-जुला असर देखने को मिला। शहर में बाजार और आवागमन सामान्य रहा, लेकिन एसबीआई (स्क्चढ्ढ) को छोड़कर शेष अन्य बैंकों में ताला लगा रहा।

**खास न्यूज**

## लाइट फिटिंग का काम करने वाले ने लगाई फांसी

**उज्जैन।** नरवर थाना क्षेत्र के ग्राम गढ मोहल्ला में रहने वाले भरत उर्फ चिन्टू पिता आत्मराम जूनवाल 22 साल ने गुरूवार दोपहर को घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने उसे लटका देखा तो पुलिस को सूचना दी। नरवर थाना प्रभारी बल्लू मंडलोई ने बताया कि युवक का शव फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिये उज्जैन चरक अस्पताल भेजा गया। परिजनों ने बताया कि भरत लाइट फिटिंग का काम करता था। उसने फांसी क्यों लगाई इसका पता नहीं है। पुलिस के अनुसार घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। मृतक का मोबाइल जप्त कर जांच में लिया जायेगा। इससे पहले बुधवार-गुरूवार रात शास्त्रीनगर में रहने वाले राहुल पिता अरूण राव भास्कर 43 साल ने फांसी लगा ली थी। भाई रोहित उसे फंदे से उतारकर अस्पताल लाया। नीलगंगा पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया है। मृतक राहुल इंदौर की प्रायवेट कंपनी में जॉब करता था।

## दूसरे दिन भी नहीं हुई मृतक युवक की पहचान

**उज्जैन।** देवास रोड नरवर थाना क्षेत्र के ग्राम बोलासा फंटा पर मंगलवार-बुधवार रात सडक दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई थी। अज्ञात वाहन से हुई दुर्घटना की सूचना मिलने पर नरवर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को चरक अस्पताल के पोस्टमार्टम कक्ष पहुंचाया। थाना प्रभारी बबलू मंडलोई ने बताया कि मृतक के पास से पहचान का कोई दस्तावेज नहीं मिला है। दुर्घटना सडक पार करते समय होना सामने आई है। आसपास के लोगों ने भी शिनाख्त से इंकार कर दिया। गुरूवार शाम तक मृतक के संबंध में जानकारी सामने नहीं आई थी। शुक्रवार दोपहर तक पहचान नहीं होने पर पोस्टमार्टम के बाद शव दफना दिया जायेगा।

## जहरीला पदार्थ खाने वाले युवक की नहीं बची जान

**उज्जैन।** नागदा की जबरन कालोनी में रहने वाला राहुल पिता मांगीलाल खिंची 32 साल बुधवार शाम पत्नी को लेने ग्राम जैथल आया था। चार माह से पत्नी ममता 2 बच्चों के साथ मायके में रह रही थी। राहुल के नशा करने की आदत के चलते ममता ने साथ चलने से मना कर दिया। राहुल ने बस स्टॉपेज पर जहरीला पदार्थ खा लिया। उसे चरक अस्पताल लाया गया, लेकिन आधी रात को मौत हो गई। गुरूवार सुबह पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया। परिजनों ने बताया कि राहुल नशा करने का आदी था और पेंटर का काम करता था। उसने ससुराल वालों पर पत्नी को नहीं भेजने के आरोप लगाये थे। पुलिस ने परिजनों के बयान दर्ज कर मामले की जांच की बात कहीं है।

## अहमदाबाद से बिहार जा रहा था ट्रेन से गिरा युवक

**उज्जैन।** इंगोरिया थाना क्षेत्र के मोमिनपुरा में बुधवार शाम 4 बजे चलती ट्रेन  युवक गिर गया था। जिसकी पहचान बिहार के कटिहार के रहने वाले अक्षय पिता संतोषदास 19 वर्ष के रूप में हुई थी। गुरूवार को परिजनों के आने पर सामने आया कि अक्षय अहमदाबाद की राईज मिल में काम करता था। अप्पा एक्सप्रेस से वापस बिहार लौट रहा था। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंपा, बॉडी अंतिम संस्कार के लिये बिहार ले जाई गई है।

## सिगरेट पी रहे युवक को बदमाश ने मारे चाकू

**उज्जैन।** जीवाजीगंज थाने के सामने रहने वाले शेखर पिता मुकेश 20 साल को बुधवार रात गौंड बस्ती की ओर जाने वाले नृसिंहघाट मार्ग पर सिगरेट पीने के दौरान अज्ञात बदमाश ने चाकू मार दिये। शेखर को उपचार के लिये चरक अस्पताल लाया गया। जहां घायल ने बताया कि वह ढोल बजाने का काम करता है। महाकाल मंदिर दर्शन करने गया था, जहां से लौटते समय किराना दुकान पर सिगरेट पीने रूक गया था। उसी दौरान उसे चाकू मारे गये। उसकी किसी से दुश्मनी भी नहीं है। चाकू मारने वाले को पहचनाता नहीं है। महाकाल पुलिस ने घायल के बयान दर्ज कर मामला जांच में लिया है।

## ननद-भाभी के विवाद में 5 साल का मासूम घायल

**उज्जैन।** कहारवाडी में रहने वाली नीता पति राकेश कहार का ननद ज्योति से विवाद हो गया था। दोनों के बीच कहासुनी हो रही थी, उसी दौरान ज्योति ने भाभी के पांच वर्षीय पुत्र रोहित धक्का दे दिया। गिरने से रोहित के सिर में चोट लगी और खून निकलने लगा। मां नीता अस्पताल लेकर पहुंची, जहां डॉक्टरों ने मासूम को उपचार के लिये भर्ती कर लिया। ड्युटी कम्पाउंडर द्वारा मासूम बालक के घायल होने की सूचना पुलिस को दी गई।

| | | | |
|---|---|---|---|
| दिन | 788-3 | 457-6 | |
| मेन बाजार | 388-9 | 457-6 | |
| कल्याण नाइट | 135-9 | 780-5 | |
| मिलन डे | 177-5 | 670-3 | |
| मिलन नाइट | 570-2 | 356 -4 | |
| मधुर डे | 460-0 | 170 -8 | |
| मधुर नाइट | 660-2 | 448-6 | |
| शुभांक | 2 | 5 | 8 |

गिरोह में शामिल थी सास, सिहोर जेल में बंद मिले 3 साथी...

# उत्तरप्रदेश से गिरफ्त में आई 9 दिन बाद भागी लुटेरी दुल्हन

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

शादी के 9 दिन बाद भागी लुटेरी दुल्हन सास के साथ ढाई माह बाद  उत्तरप्रदेश के आगरा से पुलिस की गिरफ्त में आ गई। गिरोह के 3 सदस्य सिहोर जेल में बंद मिले। जिसमें से 2 को प्रोटेक्शन वारंट जारी कराकर पूछताछ के लिये लाया गया।

महिदपुर थाना एसआई अन्नपूर्णा कठेरिया ने बताया कि 11 दिसंबर 2025 को सौगानी कालोनी में रहने वाले हर्षद पिता सुनील मेहता 32 साल ने शिकायत दर्ज कराई थी कि दिव्या गंधर्व के माध्यम से उसने अपनी शादी के लिये रिश्ता तय किया था। दिव्या ने अपने साथी कृष्णकुमार उर्फ मुकेश, राधा उर्फ राजूबाई,  मीना शर्मा के साथ मिलकर प्रियंका शर्मा नाम की ल?की दिखाई। प्रियंका के साथ 22 नवम्बर 2025 को चिंतामण मंदिर में शादी की गई। उस दौरान प्रियंका ने अपनी मां मीना शर्मा के इलाज और परिवार की जरूरत बताते हुए 1.80 लाख रूपये





मांगे। रूपये ऑनलाइन और नगद दिये गये थे। शादी के 9 दिन बाद ही पत्नी प्रियंका अपनी मां मीना शर्मा के बाद चली गई और वापस नहीं लौटी, संपर्क करने पर दोनों का कुछ पता नहीं चल पाया, शादी कराने वाले दिव्या गंधर्व और उसके साथियों का भी पता नहीं चल रहा है। शिकायत पर धारा 318 (4), 61 (2), 3 (5) बीएनएस का प्रकरण दर्ज किया गया। मामला शादी के नाम पर संगठित गरोह और लुटेरी दुल्हन का होने पर जांच शुरू की गई। जानकारी सामने आई कि लुटेरी दुल्हन प्रियंका शर्मा और मीना शर्मा उत्तरप्रदेश के आगरा में है। दोनों की गिरफ्तारी के लिये एक टीम रवाना की गई। जहां से दोनों को हिरासत में लिया गया और महिदपुर लाया गया। दोनों को न्यायालय में पेश किया, जहां से रिमांड मिलने पर उनके गिरोह की जानकारी जुटाई गई। गिरोह में शामिल दिव्या गंधर्व, मुकेश उर्फ कृष्णकुमार और राधाबाई सिहोर जेल में बंद होना सामने आये। गिरोह ने सिहोर के भैरूंडा में शादी के नाम पर धोखाध?ी की है।  तीनों का प्रोटेक्शन वारंट जारी कराया गया, जहां से दिव्या और मुकेश को पूछताछ के लिया गया। राधाबाई मीणा का प्रोटेक्शन वारंट 18 फरवरी का जारी है। गिरफ्त में आये चारों से पूछताछ के बाद गुरूवार को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से जेल भेजा गया है।

### शादी में मां बनकर आई थी, निकली सास

एसआई कठेरिया ने बताया कि शादी के 9 दिन बाद भागी प्रियंका शर्मा ने पूर्व में रिश्ता तय होने पर मीना शर्मा को अपनी मां बताया था। लेकिन गिरफ्त में आने पर पता चला कि मीना शर्मा सास है। प्रियंका पूर्व से शादीशुदा है। उसका पति मजदूरी के सिलसिले में अधिकांश समय बाहर रहता है। दोनों सास-बहू गिरोह के संपर्क में आ गई थी, प्रियंका का कहना था कि उसने गिरोह में शामिल होकर पहली बार ही शादी की है।

### गिरोह की मास्टर माइंड दिव्या गंधर्व

पुलिस की पूछताछ में सामने आया कि शादी के नाम पर संगठित गिरोह चलाने वाली मास्टर माइंट सिहोर की दिव्या गंधर्व है। उसने अपने साथी मुकेश और राधाबाई के साथ मिलकर 3 से 4 शादी पूर्व में की थी और लाखों की धोखाधडी कर चुकी है। उज्जैन जिले में पहली बार साजिश रचकर हर्षद मेहता को फंसाया था।

# दूध की टंकी में भरी मिली 41हजार की देशी शराब

## आबकारी टीम ने पीछा कर पकडा, पूछताछ जारी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

बाइक पर दूध की टंकी में अवैध शराब का परिवहन करने वाले को आबकारी की टीम ने गुरूवार शाम पीछा कर पकड लिया। टंकी में 41 हजार की देशी शराब भरी होना सामने आई है। बाइक चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

आबकारी नियंत्रण कक्ष प्रभारी मुकेश रंदा ने बताया कि मक्सीरोड पर बाइक सवार द्वारा दूध की टंकी में अवैध शराब का परिवहन किये जाने की खबर मिल रही थी। गुरूवार शाम प्रभारी सहायक आबकारी आयुक्त निधि जैन के मार्गदर्शन में वृत प्रभारी उपनिरीक्षक हिमांशु अग्रवाल की टीम को अलर्ट किया गया और मक्सीरोड पर नाकाबंदी की गई। पिंगलेश्वर मार्ग पर सांची फैक्ट्री के समीप बाइक पर दूध की टंकी लेकर आता व्यक्ति दिखाई दिया। जिसकी घेराबंदी कर पीछा किया और पकडा गया। दूध की टंकी को चैक करने पर उसमें देशी शराब  के 125 पाव लगभग 4 पेटी बरामद हो गये। जिसकी कीमत 41 हजार रूपये होना पाई गई। दूध की आड में अवैध शराब का परिवहन करने वाला हीरामिल की चाल में रहने वाला मुन्नालाल पिता अमरचंद बैरवा होना सामने आया। शराब के साथ उसकी 80 हजार कीमत की बाइक जप्त कर मामले में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1995 की धारा 34 (1), 34 (2) का प्रकरण दर्ज किया गया है। आबकारी अधिकारी रंदा के अनुसार आरोपी से पूछताछ जारी है। शुक्रवार को रिमांड पर लिया जा सकता है।



### नरवर में बरामद हुई 31 हजार की शराब

अवैध शराब के मामले में नरवर थाना पुलिस ने बुधवार रात 11.30 बजे के लगभग टिगरिया मार्ग उद्योगपुरी क्षेत्र से बाइक क्रमांक एमपी 13 एफटी 1026 पर सवार 2 युवको को हिरासत में लिया। जिनके पास से 7 पेटी देशी शराब की बरामद की गई। जिसकी कीमत 31 हजार रूपये सामने आई है। दोनों युवको से पूछताछ की जा रही है। शराब देवास के रास्ते लेकर आना सामने आया है।

## नरवर पुलिस बोली सौहार्द-शांति के साथ मनाये सभी त्यौहार-पर्व

### महाकाल पुलिस ने क्षेत्र में निकाला फ्लैग मार्च



**उज्जैन।** महादेव की भक्ति का पर्व महाशिवरात्री, मुस्लिमों का पवित्र माह रमाजन और होली-रंगपंचमी का पर्व आगामी दिनों में मनाया जाना है। जिले की कानून-व्यवस्था और पर्व, त्यौहार शांति-सौहार्द्र के साथ मनाये जा सके इसको लेकर नरवर पुलिस ने शांति समिति की बैठक आयोजित की। वहीं महाकाल थाना पुलिस ने क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया।

15 फरवरी को महाशिवरात्रि का पर्व मनाया जायेगा। वहीं कुछ दिन बाद पवित्र माह रमजान की शुरूआत होगी। मार्च माह में होली-रंगपंचमी का त्यौहार मनाया जायेगा। सभी त्यौहार शांति और सौहार्द्र के साथ मनाये जा सके इसको लेकर गुरूवार को नरवर थाना पुलिस ने शांति समिति की बैठक आयोजित की। जिसमें उपपुलिस अधीक्षक भारतसिंह यादव, तहसीलदार दिप्ती मांझी, थाना प्रभारी बल्लू मंडलोई और थाना स्टॉफ के साथ क्षेत्र के गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

उपपुलिस अधीक्षक द्वारा कहा गया कि सभी त्यौहारों को सौहार्द्रपूर्ण और आपसी भाईचारे के वातारवण में मनाया जायेगा। किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान  देने की आवश्यकता नहीं है। सभी शासन-प्रशासन के निर्देशों का पालन करें। संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी तत्काल पुलिस को दे ताकि त्यौहारों में खलल डालने वालों को सलाखों के पीछे भेजा जा सके। बैठक में सभी नागारिकों ने पुलिस प्रशासन को सहयोग की बात कहीं। इधर शाम को महाकाल थाना पुलिस ने क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया। 15 फरवरी को बाबा महाकाल के दरबार में महाशिवरात्री का पर्व मनाया जायेगा। देशभर से 10 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के आने का अनुमान लगाया गया है। सभी की सुरक्षा और व्यवस्था को लेकर पुलिस क्षेत्र में अलर्ट है।

## तराना में गांजे के साथ पकडाया उज्जैन का युवक

**उज्जैन।** बाइक पर सवार युवक के पास मादक पदार्थ होने की खबर मिलने पर बुधवार-गुरूवार रात तराना थाना पुलिस ने घेराबंदी की और युवक को हिरासत में लिया। जिसके पास से 640 ग्राम गांजा बरामद हो गया। युवक से पूछताछ जारी है। तराना थाना एसआई रविन्द्र कटारे ने बताया कि बाइक क्रमांक एमपी 13 झेड एम 6578 पर सवार युवक के पास मादक पदार्थ होने और कालीसिंध नदी की पुलिया की ओर से आने की खबर मिलने पर रात 12.30 बजे घेराबंदी की गई। मंडी घाट छोटी कालीसिंध पुलिया के पास कानीपुरा रोड से युवक को पकडा गया। उसकी तलाशी लेने पर प्लास्टिक की थैली में रखा 640 ग्राम गांजा बरामद हो गया। बाइक जप्त कर युवक से पूछताछ की गई तो उसका नाम प्रहलाद पिता लालदास निवासी दानीगेट उज्जैन सामने आया। थाने लाकर अवैध मादक जप्त होने पर एनडीपीएस एक्ट 8/20 में प्रकरण दर्ज किया गया। प्रारंभिक पूछताछ में गांजा मंदसौर से लाना बता रहा है। आरोपित को शुक्रवार दोपहर कोर्ट में पेश कर जेल भेजा जायेगा।

## बेटी को स्कूल छोडने जा रहे पिता पर दराते से हमला

**उज्जैन।** बेटी को स्कूल छोडने जा रहे पिता पर गुरूवार सुबह एक व्यक्ति ने दराते से हमला कर दिया। पिता गंभीर घायल हुआ है। पुलिस ने मामला दर्ज कर हमला करने वाले की तलाश शुरू की है। भैरवगढ थाना पुलिस ने बताया कि घटनाक्रम ग्राम चकरावदा का है। मानसिंह पिता करणसिंह 32 साल सुबह बेटी को स्कूल छोड़ने के लिये घर से निकला था। उसी दौरान नानूराम नामक व्यक्ति आया तो घर पथराव करने लगा। मानसिंह ने बेटी को बचाकर घर में भेजा और नानूराम को रोकने का प्रयास किया, उसी दौरान नानूराम ने दराते से ताबातोड वार कर दिये। हाथ, पेट और सीने पर दराते के वार लगने पर मानसिंह लहूलुहान हो गया। परिजन उसे उपचार के लिये चरक अस्पताल लेकर पहुंचे। सूचना मिलने पर पुलिस घायल के बयान दर्ज करने पहुंची। इस दौरान सामने आया कि हमला करने वाला का मानसिक संतुलन ठीक नहीं है। फिलहाल हमलावर की तलाश जारी है।

## करंट के तारों के बीच मृत प?ा मिला कक्षा छटवीं का छात्र

**उज्जैन।** कक्षा छटवीं में प?ने वाला छात्र गुरूवार शाम को घर नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। कुछ देर बाद छात्र खेत में मृत प?ा मिला। जहां खुले बिजली के तार मौजूद थे। छात्र की करंट लगाने से मौत हो गई थी।

पंवासा थाना प्रभारी गमरसिंह मंडलोई ने बताया कि ग्राम पिपलिया बिछा में रहने वाला कक्षा छटवीं का छात्र अरकान पिता इरफान शाह 11 साल दोपहर में खेलने गया था, जब काफी देर तक नहीं लौटा तो  परिवार ने उसकी तलाश शुरू की। घर से कुछ दूरी पर बाबू परमार के खेत में छात्र बेसुध प?ा मिला। परिवार उसे उठाने पहुंचा तो बिजली के तार खुले प? दिखाई दिये। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस घटनास्थल पहुंची और तारों को हटाकर छात्र का शव चरक अस्पताल पहुंचाया। मामले में मर्ग कायम किया गया है, शुक्रवार सुबह पोस्टमार्टम कराया जायेगा। थाना प्रभारी के अनुसार घटनास्थल पर जांच के दौरान सामने आया कि बाबू परमार ने मवेशियों को खेत में घुसने से रोकने के लिये खुले तार बिछाये थे। मृतक छात्र खेलते समय खेत में चला गया था।

# पुलिस ने मोबाइल दिये तो चेहरे पर आई मुस्कान

**उज्जैन।** पांच दिन में गुम हुए 3 मोबाइल बड़नगर पुलिस ने कुछ दिनों में ही खोज निकाले। पुलिस को पडताल के लिये 30 किलोमीटर का सफर भी तय करना पडा। धारकों को मोबाइल लौटाये गये तो उनके चेहरों पर मुस्कान दिखाई दी और पुलिस के प्रति भरोसा भी दृढ हुआ।

बडनगर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा द्वारा जिले में गुम मोबाइल खोज निकालने का अभियान चलाया जा रहा है। उनके थाना क्षेत्र में 2 फरवरी को ग्राम उबराडिया में रहने वाले कन्हैयालाल पिता रामलाल ने अपना मोबाइल 10 वर्षीय पुत्री रितिका के हाथ से गुम होने की शिकायत दर्ज कराई थी। वहीं 3 फरवरी को ओमप्रकाश पिता सेवाराम निवासी ग्राम चिरोला ने आवेदन देकर बताया कि मकान निर्माण का कार्य करने ग्राम बंगरेड जा रहा था रास्ते में मोबाइल गिर



गया। जो खोजने पर नहीं मिला। 7 फरवरी को ग्राम चिचोडिया इंगोरिया की रहने वाली रामूबाई गुर्जर ने थाने आकर बताया कि वह इलाज कराने शासकीय अस्पताल बडनगर आई थी। उसका मोबाइल डिस्चार्ज होने पर मार्केट में एक दुकान पर चार्जिंग के लिये  लगाया था और उपचार करने चली गई थी। वापस आने पर दुकान भूल गई, जिसके चलते मोबाइल नहीं मिल रहा है। पांच दिन में 3 मोबाइल गुम होने पर तकनीकी साक्ष्यों के माध्यम से ट्रेस करना शुरू किया गया। एक-दो दिन मोबाइल स्वीच ऑफ होना सामने आये, लेकिन जैसे ही लोकेशन मिलना शुरू हुई पुलिस टीम में शामिल प्रधान आरक्षक रामनारायण चौहान, हेमराज खरे, आरक्षक सूर्यकुमार सिंह, मनोहर मोहरी और कैलाश गरवाल ने उनकी बरामदगी के प्रयास  शुरू किये और 30 किलोमीटर के दायरे से तीनों मोबाइल जप्त कर लिये। गुम मोबाइल तीनों लोगों द्वारा चलाये जा रहे थे। तीनों ने पूछताछ में मोबाइल मिलना स्वीकार किया और गलती मानी की उन्होने पुलिस को जमा नही कराये। थाना प्रभारी के अनुसार तीनों मोबाइल मिलने पर गुरूवार को संबंधित धारको को थाने बुलाया गया और सुरक्षित वापस लौटाये गये। गुम मोबाइल मिलने की उम्मीद छोड चुके धारकों को मोबाइल मिले तो उनके चेहरे पर मुस्कान आ गई। मोबाइल 50 हजार कीमत से अधिक के थे।

**In The Court Of VII Civil Judge Class-I, District Court, Ujjain**
Presiding Officer: श्री राघवेन्द्र पटेल
आबेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक
(MjC SuC/0000046/2025)
**श्रीमती कल्पना भताने......... आवेदक**
**विरुद्ध**
**प्रभारी अधिकारी भविष्य निधि संगठन.... अनावेदक**
Process Id-/2026
पेशी दिनांक-28/03/2026

प्रेषिती- (1) सर्वसाधारण पता- सर्वसाधारण
(2) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती कल्पना भताने पति श्री निशान्त भताने, आयु-46 वर्ष, व्यवसाय-प्रायवेट नौकरी, निवासी-78 गोपालपुरा मक्सीरोड उजैन वर्तमान पत्ता- 11.12 ए के बिल्डिंग चौराहा फ्रीगंज शिव मंदिर के पीछे उज्जैन म.प्र. की ओर से एक आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 उत्तराधिकार अधिनियम वास्ते उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्त किये जाने के अधीन अनावेदकगण क्र.2 महीन मताने पिता श्री निशान्त मताने, आयु 21 वर्ष, व्यवसाय अध्ययनरत, निवासी-78 गोपालपुरा मक्सी रोड उज्जैन, एवं क्रं. 3 कृतज्ञ पिता स्व. श्री निशान्त मताने, निवासीगण-78 गोपालपुरा मक्सी रोड उज्जैन वर्तमान पता- 11,12 ए के बिल्डिंग चौराहा फ्रीगंज शिव मंदिर के पीछे उज्जैन म.प्र. के दादा स्व.श्री शिवाजीराव मताने श्री सिंथेटिक्स उज्जैन में कार्यरत रहे होकर उनका स्वर्गवास दिनांक 09/10/2024 को, आवेदिका के पति एवं अनावेदक क्रं. 23 के पिता स्व. श्री निशान्त मताने का स्वर्गवास दिनांक 03/01/2024 एवं आवेदिका की सास श्रीमती उर्मिला मताने का स्वर्गवास दिनांक 21/10/2005 को हो चुका है। आवेदिका के ससुर स्व. श्री शिवाजीराव मताने पिता गंगाजीराव मताने श्री सिंथेटिक्स लि.मी. उज्जैन में कार्यरत होकर पेंशन खाले में लाभ हेतु वारिसान के रूप में अपने पुत्र स्व.निशांत मताने को नियुक्त किया गया था किन्तु निशांत मताने का स्वर्गवास भी उक्त दिनांक को हो जाने के कारण अनावेदक क्रं. 4 पंजाब नेशनल बैंक शाखा देवासगेट उज्जैन म प्र की शाखा के कार्यालय में पेंशन खाता क्रमांक 3242000300552198 में राशि रुपये 109100/- जमा है। आवेदिका स्व. शिवाजीराव मताने पिता श्री गंगाराजीराव मताने की पुत्र वधु होने के नाते वैध वारिसान एवं उत्तराधिकारी होने से अनावेदक क्र.4 के यहां जमा उपरोक्त राशि संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 28 मार्च 2026 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 28 मार्च2026को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 09 फरवरी 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।  1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई ने लिया जायेगा।

**न्यायालय की मुद्रा** **न्यायाधीश**
**राघवेंद्र पटेल सत्तम व्यवहार**
**न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड उज्जैन मप्र**

# सुविधा और खुशी



बाजार, बस अड्डे, कॉलेज, मंदिर... चाहे किसी भी जगह थोड़ी देर खड़े हो जाइए। सामने से गुजरने वाले लोगों पर गौर कीजिए। ध्यान से देखिए, कितने चेहरों पर खुशी नाच रही है। सौ लोग निकल गए, तो उनमें से केवल चार-पांच चेहरों पर हंसी दिखेगी। ऐसे चेहरे वाले लोग 20-25 साल से कम उम्र के होते हैं। 30 के पार पहुंचे लोग यूं दिखते हैं, मानो उनका सब कुछ लुट गया है। रुखी नजर से देखते हुए, उदासी और मायूसी से भरी गंभीर मुख-मुद्रा में चलते मिलते हैं, मानो गमी के घर से लौट रहे हों।

किसलिए बाहर जाकर देखना है? खुद अपने आपको आईने में देखिए न! पांच साल की उम्र में आप बगीचे में तितली के पीछे भाग रहे थे, उस समय आपके चेहरे पर जो उल्लास नाच रहा था, क्या वह अब दिखाई दे रहा है? पांच साल की उम्र में तितली को छूते ही उसके मोहक रंग आपके हाथ पर झिलमिलाते हुए चिपक गए। उस वक्त आपको यही महसूस हुआ था कि दुनिया में इससे बढ़कर कोई आनंद है ही नहीं। आपके अंदर से खुशी छलक-छलककर बिखर रही थी, है न? पांच वर्ष की आयु में आपके पास क्या था? आज आपके पास क्या-क्या है? ऊंची पढ़ाई, कंप्यूटर, मकान, गाड़ी, पहली तारीख आते ही बैंक खाते में जमा हो रही तनख्वाह, सोते समय भी साथ रहता सेलफोन... आपने कितना कुछ इकट्ठा कर रखा है! चंद सदियों पहले, सारे जहान को जीतने का दम भरने वाले शहंशाहों को भी इतनी सारी सुविधाएं मयस्सर नहीं थीं। फिर भी क्या आपकी खुशी उसी अनुपात में बढ़ी है? इसलिए इच्छित वस्तु न मिलने पर यदि आप मुंह लटकाएं फिर रहे हैं, तो यह मूर्खता ही है। वांछित वस्तु मिलने के बाद भी खुशी मनाने का हुनर न जानकर तड़प रहे हैं। इस तरह का एक बंगला चाहिए, उस तरह की एक कार... उनकी तरह सुखमय जीवन। इस बात की परवाह नहीं की कि वह आप पर जंचेगा या नहीं, आपके लायक है भी कि नहीं; बस उसे अपनी प्रकृति बनाना चाहते हैं। किसी ने सलाह दी कि इन दिनों सॉफ्टवेयर बिजनेस जोरों पर है, इसे सुनकर आप उसके लिए तैयार हो रहे हैं। एक सज्जन आपको दयनीय दृष्टि से देखते हैं और कहते हैं, वह देखिए बदरंग कमीज पहने जो आदमी घूम रहा, उसकी सॉफ्टवेयर इंजीनियर के रूप में अमेरिका में बड़ी धाक थी। मंदी आई और उसे वापस भारत भेज दिया गया। अब वह भुखमरों का संघ बनाने के बारे में सोच रहा है, इसलिए मेरी मानें, तो शेयर बिजनेस शुरू कर दीजिए। शेयर बिजनेस तो सांप-बिच्छू हैं, क्या वे आपको छोड़ देंगे? साफ है, अपनी प्रकृति को पहचाने बिना उल्टी दिशा में पतवार चलाते जाएंगे, तो जिंदगी तबाह ही होगी।



सम्पादकीय

## वंदे मातरम्

राष्ट्रगीत वंदे मातरम् की प्रतिष्ठा और प्रयोग का बढ़ना स्वागतयोग्य है। वंदे मातरम् के 150वें वर्ष में केंद्रीय गृह मंत्रालय का स्पष्ट निर्देश है कि तमाम आधिकारिक अवसरों पर वंदे मातरम् का 3 मिनट 10 सेकंड का छह छंदों वाला संस्करण बजाया या गाया जाए। निर्देश में यह भी उल्लेख है कि राष्ट्रगीत से पहले राष्ट्रगान होगा और सभी श्रोताओं को सावधान मुद्रा में खड़ा होना पड़ेगा। सामान्य तौर पर सरकारी कार्यक्रमों में यह अनिवार्यता रहेगी। सिनेमा हॉल में यह निर्देश लागू नहीं होगा। गृह मंत्रालय का यह निर्देश पूरे देश में लागू हो गया है और कुछ ही महीनों में व्यावहारिक रूप से राष्ट्रगीत की लोकप्रियता बढ़ जाएगी। अपने देश में राष्ट्रगान तो लगभग सभी को याद है, पर राष्ट्रगीत भी अब जुबान पर चढ़ने वाला है। अभी तक राष्ट्रगीत की अनिवार्यता नहीं थी और कहीं-कहीं ही यह सुनाई पड़ता था। राष्ट्रीय स्तर पर यह बड़ा बदलाव है, जिसका असर समाज और भारतीयों के व्यक्तित्व पर पड़ना तय है।

यह बात विगत दिनों ही साफ हो गई थी कि सरकार वंदे मातरम् को लोकप्रिय बनाना चाहती है। बांग्ला साहित्यकार बंकिम चंद्र चटर्जी द्वारा संस्कृतनिष्ठ बांग्ला में 1870 के दशक में रचित इस गीत को सर्वप्रथम स्वतंत्रता आंदोलन द्वारा मातृभूमि की प्रशंसा के लिए अपनाया गया था। साल 1950 में गीत के पहले दो छंदों को भारत के राष्ट्रगीत के रूप में अपनाया गया। गीत का यही संक्षिप्त संस्करण ज्यादा उपयोग में आता रहा है। अब गीत का विस्तारित छह-छंद वाला संस्करण आधिकारिक कार्यक्रमों का अनिवार्य हिस्सा बन जाएगा। यह एक साहसिक फैसला है। यह गीत मातृभूमि के प्रति प्रेम जगाने के लिए विख्यात रहा है और स्वतंत्रता आंदोलन में इसकी अतुलनीय भूमिका रही है। कई विशेषज्ञ मानते हैं कि वंदे मातरम् जैसे भावपूर्ण गीत की जरूरत देश को है और जो गीत आजादी की लड़ाई में हमारे काम आया था, उसका उपयोग हमें आगे भी जारी रखना चाहिए। राष्ट्रगीत और राष्ट्रगान, दोनों को पूरा करने में चूंकि पांच मिनट से भी कम समय लगेगा, इसलिए इनकी जोड़ी लोकप्रिय हो जाएगी। हालांकि, इन गीत या गान के भाव को समझना ज्यादा जरूरी है। वैसे, राष्ट्र को इसका यथोचित लाभ तभी मिलेगा, जब यह फैसला सिद्धांत तक सीमित न रहे, बल्कि व्यावहारिकता में राष्ट्र भाव को प्रेरित करे। अपने देश में तेज विकास, स्थिरता, वास्तविक लोकतंत्र, प्रतिभा पलायन को रोकने के लिए राष्ट्र भाव बहुत जरूरी है।

उन्नत फसलों से

# दाल उत्पादन में आत्मनिर्भरता और निर्यात के नए उपाय

देश में दलहन उत्पादन को नई गति देने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर रोडमैप बनेगा।इस लक्ष्यपूर्ति के लिए केंद्रीय बजट में 354 करोड़ रुपए की धनराशि का प्रबंध मध्यप्रदेश के लिए किया गया है। इस संबंध में केंद्रीय कृषि मंत्री



प्रमोद भार्गव
(दैनिक अवन्तिका)

शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश के सीहौर जिले के अमलाहा में दलहन क्षेत्र के परिप्रेक्ष्य में आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में कहा कि 'बीज से लेकर बाजार तक किसानों को अब चिंता करने की जरूरत नहीं है।राज्यों के कृषि मंत्रियों के साथ मंथन करके दलहन उत्पादन का राष्ट्रीय रोडमैप बनेगा।दाल उत्पादक किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य दिया जाएगा।इसके अंतर्गत तुअर 8 हजार रुपए, उड़द 7800 रुपए, चना 5857 रुपए और मसूर 7 हजार रुपए प्रति क्विंटल दर से खरीद की जाएगी।साथ ही देश में एक हजार नए दाल मिल लगेंगे।' चौहान ने कहा कि 'अब दलहन की ऐसी उन्नत किस्में तैयार होंगी ,जिनमें खरपतवार नहीं पनपेगी।पौधा स्वयं ही उन्हें नष्ट कर देगा।मसूर दाल की एक नई किस्म विकसित की जा रही है,जिसमें दो की जगह चार फलियां लगेंगीं।यह दाल 120 दिन की बजाय 70 से 80 दिनों में पककर तैयार हो जाएगी।अब किसानों के लिए मौसम और रोगों के अनुकूल बेहतर बीजों के लिए भटकना नहीं पड़ेगा,क्योंकि गांवों में ही बीज ग्राम निर्मित होंगे।'इस अवसर पर देश के दलहन उत्पादक 9 राज्यों के कृषि मंत्रियों के साथ अमलाहा में चौहान ने दालों की उन्नत फसलों का अवलोकन भी किया।

भारतीय परंपरा में अन्न और दाल का विशेष महत्व है।थाली में परोसा गया आहार देवतुल्य मन जाता है।लेकिन आज हम हर थाली के अनिवार्य आहार दाल उत्पादन में हम आत्मनिर्भर नहीं हैं।देश में दालों की मांग के अनुपात में दलहन का उत्पादन चुनौती बना हुआ है।बड़ी मात्रा में हमें दालों का आयात करना होता है।हालांकि अब धन-धान्य और दलहन आत्मनिर्भरता मिषन नाम से की गई योजनाओं ने दाल उत्पादन में आत्मनिर्भरता से लेकर निर्यात तक के रास्ते खोलने के उपाय भारत सरकार ने किए हुए हैं। यदि खेत में ये उपाय कारगर साबित होते हैं तो उतरती हैं किसान की माली हालत तो सुधरेगी ही देश दाल उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर भी हो जाएगा। इन योजनाओं के लिए 35,440 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। ये योजनाएं खासतौर से पिछड़े सौ जिलों में कृषि उत्पादकता बढ़ाने और विविध फसलों की पैदावार को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से आरंभ की गई हैं। दलहन उत्पादन में आत्मनिर्भर होने के लिए वर्ष 2030-31 तक उत्पादन को 252 लाख टन से बड़ाकर 350 लाख टन करने का लक्ष्य तय किया गया है। इस हेतु 35 लाख हेक्टेयर अतिरिक्त भूमि दलहन उत्पादन के दायरे में लाई जाएगी। विडंबना देखिए, भारत दुनिया का सबसे बड़ा दलहन उत्पादन और उपभोक्ता देश है, लेकिन दालों की आपूर्ति आयात पर निर्भर है। बावजूद नरेंद्र मोदी के 12 साल के कार्यकाल में कृषि निर्यात दोगुना हो गया है। लेकिन दालें आयात करनी पड़ती हैं।

आहार में पौष्टिक तत्वों का कारक मानी जाने वाली दालें,बढ़ते दामों के कारण गरीब की शारीरिक जरूरत पूरी नहीं कर रही हैं। ये हालात मानसून के दौरान औसत से कम या ज्यादा बारिश होने से तो उत्पन्न होते ही हैं, किसान के नकदी फसलों की ओर रुख करने के कारण भी हुए हैं। यही नहीं यह स्थिति इसलिए भी बनी, क्योंकि कांग्रेस की मनमोहन सिंह सरकार की गलत नीतियों के चलते किसान को खाद्य वस्तुओं की बजाय, ईंधन, प्लास्टिक और फूलों की फसल उगाने के लिए, कृषि विभाग ने जागरूकता के अभियान चलाए। यही वजह रही कि भूमंडलीकरण के दौर में दालों की पैदावार लगातार कम होती चली गई। दाल उत्पादन का रकबा लगभग 15 हजार हेक्टेयर कम हो गया। भारत में दालों की सालाना खपत 220 से 230 लाख टन है। मांग और आपूर्ति के इस बड़े अंतर के चलते जमाखोरों और दाल के आयातक व्यापरियों को भी बारे-न्यारे करने का मौका मिल जाता है।

पौष्टिक आहार देश के हरेक नागरिक के स्वस्थ जीवन से जुड़ा अहम प्रश्न है। संविधान के मूलभूत अधिकारों में भोजन का अधिकार शामिल है। चूंकि दालें प्रोटीन और पौष्टिकता का महत्वपूर्ण जरिया हैं। चूंकि दालें आयात करनी होती हैं, इसलिए इनके भाव भी बीच-बीच में बढ़ जाते हैं। इस कारण मध्यवर्गीय व्यक्ति की थाली से दाल गायब होने लगती है। चुनांचें दाल व्यक्ति की सेहत से जुड़ी हैं और बीमारी की हालत में तो रोगी को केवल दाल-रोटी खाने की ही सलाह चिकित्सक देते हैं। वर्ष 1951 में प्रतिव्यक्ति दालों की उपलब्धता 60 ग्राम थी,जो वर्ष 2010 में घटकर 34 ग्राम रह गई। जबकि अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार यह मात्रा 80 ग्राम होनी चाहिए। दालें भारत में प्रोटीन का प्रमुख स्त्रोत मानी जाती हैं। लेकिन स्थानीय मांग पूरी करने के लिए दाल उत्पादन में किसान को बड़ी मशक्कत करनी पड़ती है। तुअर दाल की फसल आठ माह में तैयार होती है। बावजूद किसान को उचित दाम नहीं मिलते हैं। गोया,किसान साल में एक फसल उगाने में रुचि कैसे लें ?विदेशों में रहने वाले भारतीय भी सबसे ज्यादा तुअर की दाल खाना पसंद करते हैं। हालांकि अब लंबे समय में पैदा होने वाली दालों की किस्में सुधारी जा रही हैं।आनुवंशिक रूप से इनके बीजों को परिवर्धित किया जा रहा है। विदेशों में रहने वाले भारतीय भी सबसे ज्यादा तुअर की दाल खाना पसंद करते हैं। देश में सबसे अधिक चने और अरहर की खेती होती है। इनके अलावा मूंग और उड़द की दालें पैदा होती हैं। देश में 10 राज्यों के किसान दालों की खेती करते हैं। इनमें सबसे अधिक उत्पादक राज्य महाराष्ट्र है। दालें मुख्य रूप से खरीफ की फसल हैं,जो वर्षा ऋतु में बोई जाती हैं। इस ऋतु में करीब 70 प्रतिशत दालों का उत्पादन होता है।

केंद्रीय उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के अनुसार दालों के तात्कालिक भाव 85.42 प्रति किलो से लेकर 112.88 रुपए किलो तक हैं। भावों में इस उछाल का कारण जमाखोरी और सट्टेबाजी के साथ आयात का कुचक्र है। टाटा, मंहिद्रा, ईजी-डे और रिलांइस जैसी बड़ी कंपनियां जब से दाल के व्यापार से जुड़ी हैं,तब से ये जब चाहे तब मुनाफे के लिए दाल से खिलवाड़ करने लग जाती हैं। जब कंपनियां बड़ी तादाद में दालों का भंडारण कर लेती हैं,तो भावों में कृत्रिम उछाल आ जाता है।

## हंसी का जनाजा

मार्कण्डेय बाबू हिंदी आलोचना के उस पुराने बरगद के समान थे, जिसके नीचे घास भी उगाने के लिए उनकी लिखित अनुमति और कम से कम तीन संदर्भ ग्रंथों की आवश्यकता होती थी। उनका 'मेन कैरेक्टर सिंड्रोम' इस लेवल का था कि वे खुद को साहित्य का इकलौता एडमिन समझते थे। पर भाई, समय बड़ा 'सैवेज' होता है; उसने मार्कण्डेय बाबू के पांडित्य को 'आउटडेटेड' सॉफ्टवेयर की तरह किनारे कर दिया। अब न कोई उन्हें गोष्ठियों में मुख्य अतिथि बनाता, न ही कोई नया संपादक उनके 'लॉन्ग-फॉर्म' लेखों को स्पेस देता। उनकी हालत उस फ्लॉप ओटीटी सीरीज जैसी थी, जिसके पास बजट तो बहुत था, पर 'व्यूअरशिप' जीरो। उन्हें लगा कि अगर दोबारा 'ट्रेंड' करना है, तो कुछ 'क्लिकबेट' टाइप का मसाला चाहिए। आखिर में जब हर तरफ से 'एरर' आने लगा, तो उन्हें लगा कि 'व्यंग्य' ही वो 'हैक' है जो उन्हें फिर से वायरल कर देगा। सस्पेंस यह था कि क्या वे अपनी मृत प्रतिष्ठा को 'रीबूट' कर पाएंगे या यह उनके करियर का आखिरी 'क्रैश' होगा?

मार्कण्डेय बाबू ने अपनी खोई हुई 'रीच' वापस पाने के लिए 'व्यंग्य' का दामन थामने का फैसला किया। उन्हें लगा कि व्यंग्य लिखना मतलब किसी की लाचारी को 'रोस्ट' करना है। उन्होंने एक जंक्शन के टीटीई को अपनी कलम का शिकार बनाया। उस टीटीई की जिंदगी पहले ही पटरियों के शोर में गुम थी, और मार्कण्डेय बाबू ने उसकी फटी जेब और उसके बीमार बच्चों की लाचारी पर शब्दों की ऐसी 'बमबारी' की कि वह एक जीता-जागता 'मीम' बन गया। परसाई जी कहते थे कि व्यंग्य वह है जो सत्ता के गाल पर तमाचा जड़े, पर मार्कण्डेय बाबू तो एक बेबस इंसान की रूह का 'पब्लिक एग्जीक्यूशन' कर रहे थे। उनके लिए वह टीटीई कोई इंसान नहीं, बल्कि एक 'कंटेंट पीस' था जिसे बेचकर उन्हें अपनी साहित्यिक दुकान फिर से खोलनी थी। सस्पेंस यह था कि क्या वे अपनी इस क्रूरता को 'क्रिएटिविटी' का जामा पहनाकर दुनिया को ठग पाएंगे और 'ब्लू टिक' वाली लोकप्रियता हासिल कर सकेंगे? एक शाम, जब मेरे कमरे की घंटी बजी और सामने मार्कण्डेय बाबू का 'पिक्सेलेटेड' चेहरा दिखा, तो मेरा सिस्टम ही हैंग हो गया। कल तक जो मुझे अपनी 'फ्रेंड लिस्ट' में रखने के काबिल नहीं समझते थे, आज वो मेरे सोफे पर धमक कर अपनी 'प्रजेंस' दर्ज करा रहे थे।



## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 13 फरवरी 2026 शुक्रवार
सूर्योदय - 07:05 सूर्यास्त 18:18
फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 10:30 से 12:00 तक
तिथि - एकादशी 14:26 उपरांत द्वादशी
नक्षत्र - मूल 16:13 उपरांत पूर्वाषाढा
योग - वज्र 03:23 उपरांत सिद्धि
करण - बालव
चन्द्रमा - दिन पूर्ण धनु में रहेगा
मुस्लिम मास - सावान मास 24 तारिख

**मेष-** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे।

**वृषभ-** धर्नाजन होगा, जोखिम न लें। प्रयत्न एवं दूरदर्शिता से सहयोग एवं समर्थन मिलेगा। पारिवारिक सुख प्राप्त होगा।

**मिथुन-** प्रयास सफल रहेंगे। मान-सम्मान मिलेगा। मनोरंजक यात्रा होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। दूसरों के काम में हस्तक्षेप न करें।

**कर्क-** प्रसन्नता रहेगी। उच्च और बौद्धिक वर्ग में विशेष सम्मान मिलने की संभावना है। भूमि संबंधी लेन-देन में रुचि बढ़ेगी।

**सिंह-** यात्रा मनोरंजक रहेगी। वरिष्ठ जन सहयोग करेंगे। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी।

**कन्या-** व्यवसाय ठीक चलेगा। धनलाभ के अवसर आएँगे। जीवनसाथी से संबंधों में मधुरता आएगी। पूंजी निवेश लाभकारी रहेगा।

**तुला-** वाणी पर नियंत्रण रखें। जल्दबाजी न करें। बकाया वसूली होगी। यात्रा मनोरंजक रहेगी। धनार्जन होगा।

**वृश्चिक-** आलस्य को त्यागकर प्रत्येक काम समय पर करें। परोपकारी स्वभाव होने के कारण दूसरों की मदद करके सुख अर्जित करेंगे।

**धनु-** देव दर्शन हो सकता है। सत्संग का लाभ मिलेगा। बाहरी सहयता मिलेगी। रुके कार्य बनेंगे।

**मकर-** सुखद यात्रा के योग बनेंगे। सोच-समझकर व्यय करें। पारिवारिक समस्याओं का हल सूझ-बूझ से करेंगे। व्यापार लाभप्रद रहेगा।

**कुंभ-** घर-परिवार की चिंता रहेगी। भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी। बाहरी सहायता प्राप्त होगी।

**मीन-** परिवार में सहयोग का वातावरण रहेगा। अनायास समस्या सुलझेगी। व्यापार-व्यवसाय में आशानुकूल स्थिति बनेगी।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा
( भरदीवाले ) 9926034545

समसामयिक

## आज अंतरराष्ट्रीय रेडियो दिवस

13 फरवरी 1946 को संयुक्त राष्ट्र संघ के यू एन रेडियो की आधिकारिक शुरूआत हुई और तभी से अंतर्राष्ट्रीय रेडियो दिवस मनाने की परंपरा वैश्विक स्तर पर शुरू हुई। टेलीविजन के आगमन के पूर्व तक रेडियो , ट्रांजिस्टर लगभग सभी घरों में मौजूद रहते थे । ये उस दौर का संचार व समाचार का प्रमुख साधन माना गया। ये भी गौरतलब है कि आज के इस दौर में जब राष्ट्रीय व क्षेत्रीय मिलाकर लगभग सैकड़ों टीवी न्यूज चैनल्स उपलब्ध है ,परन्तु आकाशवाणी से प्रातः आठ बजे और सांय आठ बजे के समाचार सुनने पर ये पता लगता है कि ये चौबीस घंटे के समाचार चैनल का निचोड़ है जिसमें सभी प्रमुख व महत्वपूर्ण खबरों का सम्मिश्रण होता है , वो भी बेहद सीमित समय मात्र दस पंद्रह मिनट में प्रसारण पूर्ण हो जाते है ।पिछले दो दशकों में प्राइवेट एफएम रेडियो व कम्युनिटी रेडियो ने भी अपनी उपस्थिति बेहतरीन तरीके के दर्ज की है । पहला प्राइवेट रेडियो स्टेशन ₹रेडियो सिटी₹ बंगलुरू की वर्ष 2001 में शुरूआत हुई। वहीं रेडियो मिर्ची से शुरूआत होकर माय एफएम, बिग एफएम , रेड एफएम, आदि बेहद लोकप्रिय व प्रचलित रेडियो चैनल बन चुके है । लगभग हर घंटे में आरजे द्वारा कोई प्रश्न किया जाता है और विजेता को गिफ्ट वाउचर दिए जाते है, अतः श्रोता भी जुड़े रहते है । एफएम रेडियो चैनल कई कार्यक्रमों में लाइव शो के जरिए समा बांध देते है ।



निर्लेश तिवारी
(दैनिक अवन्तिका)

विविध भारती का भी अपना एक पुराना गौरवशाली इतिहास है । आजादी के वक्त देश में मात्र छह रेडियो स्टेशन थे जो आज बढ़कर चार सौ से ज्यादा हो चुके है जिनमे शॉर्ट वेव,मीडियम वेव व ट्रांसमीटर के जरिए तेईस भाषाओं में प्रसारण हो रहा है । विविध भारती पर आज भी फौजी भाईयो को समर्पित जयमाला, मातृ शक्ति के लिए सखी सहेली रंगमंच और नाट्य प्रेमियो के लिए नाट्य तरंग हवामहल,और देर रात का रूमानियत भरे गानों से सजा छायागीत प्रसारित होता है जो करोड़ों श्रोताओं द्वारा सुना जाता है ।

कृषि पर आधारित एक कार्यक्रम ₹खेती गृहस्थी₹ भी बेहद लोकप्रिय कार्यक्रम रहा है , जिसमें मालवी निमाड़ी बोली में पात्र नंदाजी ,भेराजी और कन्हाजी होते थे, अतिथि के रूप में अक्सर आर सी तिवारी होते थे जो कृषि विभाग से थे और सरकारी आंकड़ों, और कृषि संबंधी महत्वपूर्ण वैज्ञानिक जानकारी उपलब्ध करवाते रहे। घूंघरमाल के साथ,पार्श्व में पशुधन की आवाज और शुरूआत में राम राम हो नंदाजी,भाई भैराजी राम राम से रोचक शुरूआत होती । प्रदेश में सत्तर के दशक की लघु फिल्म (कृषि डॉक्यूमेंट्री) के निर्देशक गोपीकृष्ण व्यास का आर सी तिवारी द्वारा लिया गया साक्षात्कार को मीडिया जगत और सरकार द्वारा भी काफी सराहना मिली थी। तत्कालीन सूचना और प्रसारण मंत्री बालकवि बैरागी के इंदौर दौरे पर आने के दौरान आकाशवाणी मालवा हाउस पहुंचकर खेती गृहस्थी की टीम को चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिए क्यूंकि सभी पात्र कृषि हितार्थ कार्यक्रम में दशकों से सलंग्न थे ।ये थी रेडियो की ताकत सत्तर , अस्सी के दशक तक। उन्हीं दशकों में प्रमुख समाचार पत्र में खेती गृहस्थी रेडियो प्रस्तुति के चयनित अंश को एक स्तंभ के रूप में प्रकाशित भी किया जाता रहा । इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया का ये परस्पर मेल अतुलनीय व अनुकरणीय रहा। क्रिकेट मैच की कमेंट्री रेडियो /ट्रांजिस्टर पर सुनने का आनंद ही अलग होता था । पदम अवॉर्ड से सम्मानित देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर के सुविख्यात कमेंटेटर सुशील दोषी को सुनना एक तरह से स्टेडियम के भीतर होने की अनुभूति देता रहा है ।राष्ट्रीय त्योहारों पर जसदेवसिंह की कमेंट्री और रेडियो सीलोन पर प्रति बुधवार को प्रसारित होने वाले बिनाका /सिबाका गीतमाला के सूत्रधार अमीन सयानी को सुनना पीढ़ी दर पीढ़ी जारी रहा ।गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर रेडियो से माननीय राष्ट्रपति का देश के नाम संदेश और स्वतंत्रता दिवस पर देश के प्रधानमंत्री का भाषण लोगो को वर्ष भर याद रहता । मूल रूप से सारगर्भित कार्यक्रमों के चलते रेडियो का एक सुनहरी दौर रहा है। वर्तमान भी ठीक ही है ,आज भी देशभर में विविध भारती रेडियो श्रोता संघ लगभग प्रत्येक शहर में है । आल इंडिया रेडियो प्रबंधन को कार्यक्रमों और विज्ञापन नीति में परिवर्तन और विपणन के दृष्टिकोण में बदलाव लाने होंगे ताकि एफएम रेडियो चैनल्स से प्रतिस्पर्धा में विविध भारती पिछड़े नहीं ।

# ऑनलाइन गेमिंग का खतरनाक असर: पबजी खेलते वक्त युवक की मौत

ऑनलाइन गेम की बढ़ती लत एक बार फिर जानलेवा साबित हुई है। यूपी के गाजियाबाद में कोरियन गेम की वजह से तीन बहनों की आत्महत्या की घटना के बाद अब मेरठ से पबजी गेम से जुड़ा दर्दनाक मामला सामने आया है। देर रात तक मोबाइल पर पबजी खेल रहे 22 वर्षीय युवक की अचानक तबीयत बिगड़ गई और दिमाग की नस फटने से उसकी मौत हो गई।

खैरनगर गूलर वाली गली निवासी प्रॉपर्टी डीलर फारुक का बेटा मोहम्मद कैफ शुक्रवार रात हेडफोन लगाकर मोबाइल पर पबजी गेम खेल रहा था। परिजनों के अनुसार, रात करीब तीन बजे गेम खेलते समय कैफ अचानक बेड से नीचे गिर पड़ा। जब परिवार को इसकी जानकारी हुई तो उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया।

अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने बताया कि कैफ का ब्लड प्रेशर 300 के पार पहुंच चुका था। हालत गंभीर होने पर उसे दिल्ली रेफर किया गया, जहां दो दिन तक इलाज चला। रविवार सुबह उपचार के दौरान कैफ की मौत हो गई। डॉक्टरों के मुताबिक, अत्यधिक ब्लड प्रेशर बढ़ने से दिमाग की नस फटना ही मौत का कारण बना।



### परिवार का इकलौता बेटा था कैफ

युवक की मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया। कैफ के जीजा शाहिद ने बताया कि वह परिवार का इकलौता बेटा था। अचानक हुई इस घटना से पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

### रात-रातभर मोबाइल पर खेलता था गेम

परिजनों ने बताया कि कैफ को पिछले करीब चार महीनों से ऑनलाइन गेम खेलने की लत लग गई थी। इससे पहले वह सोशल मीडिया के लिए रील बनाता था। पिता फारुक ने बताया कि कैफ मोबाइल पर पबजी खेलने का आदी हो चुका था और अक्सर रात-रातभर गेम खेलता रहता था। कई बार समझाने के बावजूद वह नहीं माना।

यह घटना एक बार फिर ऑनलाइन गेमिंग की लत से होने वाले गंभीर शारीरिक और मानसिक खतरों की ओर इशारा करती है।

धर्म-आस्था

# शिव और सदाशिव का रहस्य: क्या दोनों एक ही हैं या अलग?

भगवान शिव एक ऐसा रहस्य हैं, जिनके हर स्वरूप को समझना आपको ब्रह्माण्ड के रहस्य के और करीब ले जाता है। शिवजी के कई रूप हैं, जिनके कई प्रतीकात्मक अर्थ हैं। वो शिव भी हैं, संहारक भी हैं, स्वयंभू भी हैं, शिवलिंग भी हैं, शंकर भी हैं और सदाशिव भी हैं। लेकिन क्या आप शिव और सदाशिव में अंतर जानते हैं...

धार्मिक देवी-देवताओं में शिवजी इकलौते ऐसे हैं, जो अपने मूर्ति स्वरूप में भी पूजे जाते हैं और शिवलिंग रूप में भी। महादेव, शिव भी हैं और शंकर भी। वो संहारकर्ता भी हैं और चेतना भी। लोग महादेव के इन नामों और स्वरूपों का प्रतीकात्मक अर्थ समझते हैं लेकिन महादेव को एक और नाम से जाना जाता है और वो है सदाशिव। लेकिन अधिकतर लोग शिव और सदाशिव के बीच का फर्क नहीं जानते। तो, चलिए शिव और सदाशिव का अंतर समझते हैं...शिव और सदाशिव में अंतर



भगवान शिव साकार रूप में भी हैं, जहां वो छाल पहने हुए, गले में सांप और माथे पर जटा और गंगा लिए हुए हैं। भगवान शिव निराकार रूप में भी, जहां वो शिवलिंग के रूप में पूजे जाते हैं। लेकिन शिवलिंग के रूप में भी भगवान शिव योगी और भक्तों के लिए सुलभ देवता के रूप में उपस्थित हैं, जबकि सदाशिव इन सबसे अलग निराकार, शाश्वत और परम चेतना का प्रतीक हैं। भगवान शिव को हम पूजा और भक्ति में अनुभव करते हैं, जबकि निराकार और निगुर्णी होने के कारण सदाशिव को केवल ध्यान और आत्मज्ञान में महसूस किया जा सकता है। भगवान शिव और सदाशिव एक ही तत्व के दो अलग स्वरूप हैं लेकिन दोनों के उद्देश्य अलग-अलग हैं। शिव हमें भक्ति और योग का मार्ग दिखाते हैं, जबकि सदाशिव हमें आत्मज्ञान और मोक्ष की ओर ले जाते हैं।

हिंदू दर्शन में भगवान शिव और सदाशिव को अक्सर एक ही समझ लिया जाता है, लेकिन शास्त्रों और तंत्र-आगम परंपरा के अनुसार दोनों में सूक्ष्म लेकिन गहरा दार्शनिक अंतर बताया गया है। सदाशिव को परब्रह्म, परम शिव तत्व माना गया है। सदाशिव निराकार, निर्गुण और अनादि हैं। वे समय, स्थान और कारण से परे हैं। वो न सृष्टिकर्ता हैं, न ही संहारक, बल्कि वो सर्वव्यापक चेतना हैं। शैव आगमों में कहा गया है कि सदाशिव वह अवस्था है जहाँ अहं (मैं) और इदं (यह) का भेद समाप्त हो जाता है।

भगवान शिव सदाशिव के ही साकार और सगुण रूप हैं, जो सृष्टि से जुड़े हैं। वे त्रिदेवों में संहारक हैं, कैलाशवासी हैं, भक्तों के कष्ट हरने वाले देवता हैं। अर्थात भगवान शिव वह रूप हैं जिनसे पूजा, भक्ति और लीला संभव होती है। जब साधक ध्यान में जाता है, तो वह भगवान शिव से शुरू करके सदाशिव तत्व तक पहुँचता है। सरल शब्दों में समझें, तो दोनों अलग नहीं, बल्कि एक ही सत्य के दो स्तर हैं। शिव और सदाशिव विरोधी नहीं, पूरक हैं। भक्ति से शिव और ज्ञान से सदाशिव का बोध होता है। शिव उपासना अंततः साधक को सदाशिव तत्व तक ले जाती है।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 5750 डंकी, चना 4800 से 5000 विशाल, 8100 गेहूं मिल क्वालिटी 2650 से ,5500 से 5550 मसूर 6000, 2675 लोकवन 2850 से 2900, महाराष्ट्र सफेद 6500 से 6600, पूर्णा 2800 से 2850 मालवराज, , महाराष्ट्र लाल 6600 से 6800, 2750 से 2775 मक्का 1550, कर्नाटक 6700 से 6900 तुअर, से 1600 चना दाल 7300 से निमारी 6200 से 6600 मूंग बेस्ट 7400 मीडियम 7500 से 7600 गर्मी 7800 से 8200 मूंग बेस्ट बेस्ट 7800 से 8000 तुअर दाल 7100 से 7200 मीडियम बोल्ड 8100 से 8300 एवरेज 8300 से 8400 बेस्ट 9100 से 6500 से 6700 मोगर 5500 9200 एक्स्ट्रा बेस्ट 10000 से से 6500 उड़द बोल्ड 7000 से 10100 ब्रांडेड 10700 मूंग दाल 7200 एवरेज 6200 से 6500 9100 से 9200 बेस्ट 9600 हल्का उड़द 3000 से 5000 से 9800 मूंग मोगर 9600 से काबुली डॉलर 8000 से 8500 9700 बेस्ट 1000 से 10200 काबुली रशियन 5500 से 5700 बिटकी 5100 से 5300 सरसों उड़द दाल 8600 से 8800 बेस्ट (मीडियम) 8000 से 8200 9000 से 9200 उड़द मोगर निमाड़ी 8400 से 8500 रायड़ा 9800 से 1000 बेस्ट 10100 6200 से 6400 सोयाबीन 4300 से 10200 मसूर दाल 7450 से से 4500 अलसी 8200 से 8500 7550 बेस्ट 7650 से 7750 रुपए तिल्ली 8000 से 9000 टोली 4000 से 4200 तिल्ली 8000 से पति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1300 से 1500 आलू चिप्स 1500 से 1900 ज्योति पुराना 1000 से 1500 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 300 से 700, प्याज महाराष्ट्र 1600 से 1900 प्याज लोकल 1000 से 1400 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 600 से 800 गोल्टी 300 से 500 , लहसुन सुपर बोल्ड 7000 से 7500 मीडियम 4000 से 5000 बारीक 3000 से 4500 रुपए प्रति क्विंटल

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1796-2801 चना काबली- 3601-8526, चना बड़ा- 3640-5551, बटला- 4061, रायड़ा- 5775, उड़द- 3500, मसूर- 4841-5620, सोयाबीन- 1901-5841, मैथीदाना- 4720, असली- 6100, मावा- 280 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना-स्टेण्र्ड- 1,57,500, रवा- 1,57,300 चांदी-टंच- 2,62,000 पाट- 2,61,200।

## उज्जैन किराना

### अशोक कुमार भगवानदास

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130,तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com



## पूर्व केंद्रीय मंत्री डा. सत्यनारायण जटिया का किया स्वागत

**महिदपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री भारत सरकार एवं वर्तमान केंद्रीय समिति सदस्य भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डा सत्यनारायण जटिया महिदपुर बस स्टैंड पर आयोजित रविदास जयंती समारोह में शामिल हुए कार्यक्रम के पश्चात पंजाबी समाज अध्यक्ष नंदलाल सतीजा के निवास पर पहुंचे और सतीजा की बड़ी पुत्री डॉ. मनाली को उनकी एम्स दिल्ली से डी.एम.में सेकेंड पोजीशन आने पर बधाई और आशीर्वाद दिया। जटीया जी ने डा मनाली से एम्स और उसके विषय पर चर्चा की सतीजा परिवार ने स्वागत कर आभार व्यक्त किया इस अवसर पर भाजपा नेता सुधीर मूणत, दिनेश ग्रोवर, औम सोलंकी, विक्की यादव, समाज उपाध्यक्ष संजय गेरा, प्रियांश सतीजा उपस्थित थे ।

## भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल द्वारा पंडित दीनदयाल की पुण्यतिथि मनाई



**महिदपुर।** महिदपुर में भारत जनता पार्टी नगर मंडल द्वारा पंडित दीनदयाल की पुण्यतिथि मनाई गई। वार्ड क्रमांक 5 और वार्ड क्रमांक 16 में बैठक आयोजित हुई। जिसमें भाजपा कार्यकताओं ने पंडित दीनदयाल के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलित किया गया।कांतिलाल राठी, पंकज यादव और सुधीर मूणत द्वारा पंडित दीनदयाल के जीवन पर प्रकाश डाला, कार्यक्रम में भाजपा कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन भीम दावरे ने किया।

## महिदपुर मंडी के 3 सहायक उपनिरीक्षक इंस्पेक्टर बने



**महिदपुर।** म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल के आदेशानुसार राज्य मंडी बोर्ड सेवा के अधिकारी कर्मचारियों को उच्च प्रभार दिए जाने के लिए मंडी बोर्ड ने आदेश जारी किए हैं। जिसमें कृषि उपज मंडी महिदपुर के तीन सहायक उपनिरीक्षक उच्च पदभार होकर मंडी इंस्पेक्टर (निरीक्षक) बनाए गए जिसमें हरचंद मईडा, प्रकाश पंवार, मनोहर लाल विश्वकर्मा शामिल हैं। महिदपुर मंडी में मंडी निरीक्षक का रिक्त पद होने से सहायक उपनिरीक्षक हरचंद मईडा मंडी की प्रांगण सहित पूर्व से मंडी निरीक्षक पद की व्यवस्थाएं संभाल रहे है। इसी प्रकार प्रकाश कुमार पंवार भी उपमंडी महिदपुर रोड में प्रभारी का पदभार संभाल रहे है। मनोहरलाल विश्वकर्मा मंडी नीलामी की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। इधर शासन के उच्च पदभार के आदेश जारी होने पर महिदपुर मंडी स्टाफ के अधिकारी कर्मचारी में खुशी की लहर देखने को मिली। मंडी सचिव आश्विन सिन्हा सहित समस्त अधिकारी कर्मचारियों ने पुष्प माला पहनाकर इनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी ।

# ट्रेड यूनियनों का आर्थिक नीतियों के खिलाफ आंदोलन सरकार से नीतिगत फैसलों पर पुनर्विचार की मांग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास



केंद्र सरकार की नई आर्थिक नीतियों के विरोध में 10 से अधिक प्रमुख ट्रेड यूनियनों ने संयुक्त आंदोलन शुरू किया है। यूनियनों ने श्रमिक हितों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर प्रदर्शन करते हुए सरकार से अपने नीतिगत फैसलों पर पुनर्विचार की मांग की।

यह प्रदर्शन देवास के सिविल लाइन चौराहा स्थित एलआईसी क्रमांक 2 पर सुबह 11:30 बजे के बाद शुरू हुआ। इसमें विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में श्रमिक एकत्रित हुए। इस आंदोलन को समर्थन देने के लिए पूर्व महापौर और कांग्रेस नेता जयसिंह ठाकुर भी ट्रेड यूनियनों से मिलने पहुंचे। उन्होंने कहा कि ट्रेड यूनियनों ने हमेशा मजदूरों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि विभिन्न क्षेत्रों को निजी हाथों में सौंपने से श्रमिक वर्ग प्रभावित हो रहा है और नए कानून मजदूरों को प्रतिकूल स्थिति में डाल सकते हैं।

ठाकुर ने बताया कि वे स्वयं भी मजदूर संगठन से जुड़े रहे हैं और इस आंदोलन को पूर्ण समर्थन देते हैं। प्रदर्शन के दौरान यूनियनों ने अपनी मांगों को लेकर एक ज्ञापन सौंपने की भी बात कही। हड़ताल में शामिल ट्रेड यूनियन प्रतिनिधि मोहन जोशी ने बताया कि यह आंदोलन सरकार की नई आर्थिक नीतियों में बदलाव की मांग को लेकर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि निजी क्षेत्र में वेतन और कार्य स्थितियों में असमानता बढ़ रही है, जहां नए कर्मचारियों को अधिक और पुराने कर्मचारियों को कम वेतन मिलने की शिकायतें हैं। जोशी ने यह भी आरोप लगाया कि ठेकेदारी व्यवस्था में अनियमितताएं हैं और योग्य युवाओं को उचित अवसर नहीं मिल रहे हैं।

जोशी ने कहा कि वर्तमान आर्थिक नीतियों के कारण कई ऐसी समस्याएं उत्पन्न हुई हैं जो मजदूर हितों के प्रतिकूल हैं, जिससे श्रमिक वर्ग प्रभावित हो रहा है। इन मुद्दों के चलते बड़ी संख्या में कर्मचारी हड़ताल में शामिल हुए हैं। यूनियन प्रतिनिधियों के अनुसार, इस हड़ताल से विभिन्न क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियां प्रभावित हुई हैं।

# इम्पीरियल इंटरनेशन स्कूल में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खाचरोद



इंमपीरियल इंटरनेशनल स्कूल में अध्यक्ष पी.सी. गुप्ता जी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उज्जैन के निदेर्शानुसार एवं प्रथम जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति खाचरोद श्रीमती नीतूकांता वर्मा के मार्गदर्शन में तहसील विधिक सेवा समिति खाचरोद द्वारा में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें द्वितीय जिला न्यायाधीश नीरज शर्मा, शैफालीसिंह वरिष्ठ व्यवहार न्यायाधीश, अपर लोक अभियोजन रजनीश उपाध्याय द्वारा बच्चों को विधिक रूप से साक्षर किया गया।आयोजित शिविर में सर्वप्रथम स्कूल के प्राचार्य सारिश जोश एवं उपप्राचार्य मिनी जोश द्वारा उपस्थित अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ भेंट कर किया गया। अपर लोक अभियोजक रजनीश उपाध्याय द्वारा बच्चों को यातायात के नियम के बारे में विस्तृत रुप से जानकारी प्रदान की गई। उसके पश्चात शैफालीसिंह व्यवहार न्यायाधीश द्वारा बेसिक लॉ और व्यवस्थित दैनिक चर्या का जीवन में महत्व को बताया बताते हुए कहा की बच्चों के जीवन में अनुशासन की विशेष आवश्यकता है। द्वीतीय जिला न्यायाधीश नीरज शर्मा द्वारा बताया गया कि बच्चों को अपने जीवन को सुदृढ़ कैसे बनाये तथा देश हित, समाज हित में किस प्रकार से कार्य करना चाहिए एवं अपने जीवन को उंचाईयों तक पहुचाने के लिये किस तरह से कर्तव्य का निर्वहन करना चाहिए। प्रथम जिला न्यायाधीश नीतूकांता वर्मा द्वारा बच्चों को साईबर क्राईम के बारे में जानकारी प्रदान की गई तथा साईबर क्राईम से होने वाले अपराधों के बारे में, मोबाईल के दुरूपयोग तथा विधिक रुप से साक्षर होने के महत्व के बारे में जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के अंत में स्कूल के प्राचार्य साजिश जोश द्वारा अतिथियों का आभार व्यक्त कर उपस्थित अतिथिगण द्वारा दी गई जानकारी को सभी बच्चों को अपने जीवन में चरितार्थ करने हेतु प्रोत्साहित किया गया।

## जैविक खेती अंतर्गत कृषक प्रशिक्षण का आयोजन

**राजगढ़-ब्यावरा।** कृषि में रासायनिक उर्वरक और कीटनाशक के अंधाधुंध उपयोग के कारण से केवल भूमि की उर्वरक शक्ति नष्ट हो रही हैं, बल्कि मानव, पशु स्वास्थ्य एवं पर्यावरण पर भी इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। इन्हीं सभी समस्याओं के समाधान के लिए ग्राम पंचायत गोघटपुर में परंपरागत कृषि विकास योजना अंतर्गत कृषक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉ. कौशिक द्वारा किसानों को जैविक खेती करने, कृषकों को संतुलित पोषक तत्व प्रबंधन, मृदा परीक्षण के आधार पर पोषक तत्व का उपयोग करने की सलाह दी। सहायक संचालक कृषि द्वारा कृषकों को ई टोकन उर्वरक वितरण प्रणाली व किसानों को टोकन बुकिंग सिस्टम के बारे में जानकारी दी। वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी द्वारा संचालित योजनाओं सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली के बारे में किसानों को विस्तार पूर्वक जानकारी दी एवं आगामी मौसम में नरवाई प्रबंधन के बारे में भी बताया।



## बिदाई समारोह में विद्यार्थियों को दिया मार्गदर्शन

**जगोटी।** प्रांशी राज नेशनल पब्लिक स्कूल जगोटी में कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों के बिदाई समारोह में जन हेल्प सेवा समिति के संचालक राजकुमार दिल्ली ने छात्रों को अच्छी शिक्षा व अनुशासन से संवारता भविष्य विषय पर मार्गदर्शन दिया। अतिथियों का स्वागत विधालय परिवार द्वारा किया गया। संचालन प्रभारी जीतेंद्र सागर ने किया।

## पट्टा वितरण, प्रधानमंत्री आवास 1.0 एवं 2.0, स्वच्छ भारत मिशन 2.0, पीएम स्वनिधि एवं सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ राजगढ़ ब्यावरा।

कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में नगरीय निकायों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पट्टा सर्वेक्षण एवं वितरण, प्रधानमंत्री आवास योजना 1.0 एवं शहरी 2.0, स्वच्छ भारत मिशन एसबीएम 2.0, पीएम स्वनिधि योजना तथा सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों की निकायवार विस्तृत समीक्षा की। पात्र हितग्राहियों को पट्टा वितरण सर्वोच्च प्राथमिकता पर सुनिश्चित किया। एसडीएम राजगढ़ को एक सप्ताह में लंबित प्रकरणों का भौतिक सत्यापन कर पात्र हितग्राहियों को पट्टे आवंटित करने के निर्देश दिए। माचलपुर एवं खुजनेर में चारनोई भूमि के मद परिवर्तन संबंधी प्रस्ताव शीघ्र प्रेषित कर लंबित विषयों का निराकरण सुनिश्चित करने को कहा।

प्रधानमंत्री आवास योजना 1.0 अंतर्गत निकायवार अपूर्ण आवासों की संख्या अधिक पाए जाने पर पचोर सीएमओ को निलंबन संबंधी नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। पचोर के आवास प्रभारी को भी कारण बताओ नोटिस जारी करने को कहा। सीएमओ सारंगपुर एवं संबंधित उपयंत्री को भी कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत एकीकृत वेब पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों का समय पर सत्यापन नहीं करने पर सुठालिया के आवास प्रभारी की एक वेतन वृद्धि रोकने संबंधी नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। स्वच्छ भारत मिशन 2.0 अंतर्गत वाटर बॉडी एवं पार्क विकास कार्यों की निकायवार गहन समीक्षा की गई। कार्यों में अपेक्षित प्रगति नहीं पाए जाने पर संबंधित ठेकेदारों पर पेनल्टी लगाने के निर्देश दिए गए। पीएम स्वनिधि योजना की प्रगति तथा सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण की भी समीक्षा की।

## जिला स्तर पर जाति एवं जन्म प्रमाण पत्र अभियान की समीक्षा बैठक आयोजित

**राजगढ़-ब्यावरा।** कलेक्टर की अध्यक्षता में जाति प्रमाण पत्र एवं जन्म प्रमाण पत्र अभियान की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अभियान की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि संकुलवार शिविर आयोजित कर विद्यार्थियों के जाति प्रमाण पत्र के आवेदन लोक सेवा केंद्रों में व्यवस्थित रूप से जमा कराए जाएं। उन्होंने कहा कि किसी भी पात्र विद्यार्थी को प्रमाण पत्र के अभाव में शैक्षणिक या शासकीय योजनाओं से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा। बैठक में निर्देश दिए गए कि जिन बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड या समग्र आईडी में किसी प्रकार की त्रुटि है, उन्हें अभियान मोड में लेकर समयबद्ध रूप से सुधार की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। समीक्षा के दौरान प्रोफाइल एवं ओटीआर प्रविष्टियों में मात्र 10 प्रतिशत प्रगति पाए जाने पर बीईओ ब्यावरा को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। वहीं बीईओ जीरापुर एवं खिलचीपुर द्वारा अपेक्षित संतोषजनक कार्य नहीं किए जाने पर कलेक्टर द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्य में सुधार लाने की सख्त हिदायत दी।

**स्कूली बच्चों को देंगे सुविधा**

## कक्षा दसवीं की परीक्षा देने परीक्षा केंद्र तक स्कूल की बस से भेजेंगे

**महिदपुर रोड।** नगर के नागदा मार्ग स्थित ब्राइट स्टार एके-डमी की कक्षा दसवीं के स्कूली बच्चों को विद्या लय संचालक द्वारा गत वर्ष की तरह इस वर्ष भी उनके परीक्षा केंद्र तक स्कूल की बस से ही पहुंचाया जायेगा। विद्यालय संचालक आकाश अरोड़ा ने जानकारी देते हुए बनाया ब ताया उनके विद्यालय से परीक्षा केंद्र की दूरी 9 किलोमीटर होने से स्कू ली बच्चों को परीक्षा केंद्र तक आने-जाने में किसी प्रकार की दिक्कत ना हो इसे दृष्टिगत रखते हुए विद्यालय प्रबंधन द्वारा स्कूली बच्चों को विद्या लय से उनके परीक्षा केंद्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खारुआंर कलां तक गत वर्ष की तरह पहुंचाने और परीक्षा समाप्त होने पर परीक्षा केंद्र से वा पस लाने ले जाने की व्यवस्था विद्यालय प्रबंधन द्वारा की जायेगी।

## जवासिया कुमार में श्री लक्ष्मीनारायण यज्ञ श्री देव नारायण प्राण प्रतिष्ठा एवं विशाल भंडारा

**कायथा।** समीपस्थ ग्राम जवासिया कुमार मे नवर्मीत देव नारायण मंदिर का शुभारम्भ किया जा रहा है जिसके अंतर्गत श्री लक्ष्मी नारायण यज्ञ श्री देव नारायण, साडू माता एवं भूणाजी महाराज की प्राण प्रतिष्ठा कि जाएगी कार्य क्रम श्री देव नारायण भगवान की कथा 14 फरवरी शनिवार प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक कथा वाचक बना गोपाल सिंह खिची के मुखारविंद से कि जाएगी कथा विश्राम 20 फरवरी को होगा। श्री लक्ष्मीनारायण यज्ञ दिनांक 16 फरवरी 2026 सोमवार से यज्ञाचार्य पंडित रमेशचन्द्र जोशी, मुकेश जोशी के आचार्यत्व मे पूणार्हुति 20 फरवरी 2026 को होगी इस अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है समिति द्वारा अनुरोध किया गया है कि अधिक से अधिक संख्या मे सनातनी भक्त जन कथा एवं यज्ञ मे उपस्थित होकर देव दर्शन कर प्रसादी ग्रहण कर पूण्य लाभ लेवे।

**सारंगपुर में दिन का पारा 30 डिग्री पर पहुंचा**

## सुबह-शाम ठंड, दोपहर में चुभने लगी धूप, फसलों पर असर की आशंका



**सारंगपुर।** सारंगपुर में फरवरी के दूसरे सप्ताह में मौसम ने अचानक करवट ले ली है। सुबह और शाम हल्की ठंड बनी हुई है, लेकिन दोपहर में तेज धूप लोगों को गर्मी का अहसास करा रही है। गुरुवार को अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 15 डिग्री दर्ज किया गया। दिन और रात के तापमान में बढ़ता अंतर से आमजन की दिनचर्या और सेहत दोनों प्रभावित हो रहे हैं। शहर में दिन की शुरूआत अब भी हल्की ठंड के साथ हो रही है। सुबह टहलने निकलने वाले लोग स्वेटर और जैकेट में नजर आ रहे हैं। शाम ढलते ही ठंडक फिर बढ जाती है, जिससे लोगों को गरम कपड़ों की जरूरत पड़ रही है। दोपहर 12 बजे के बाद मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल जा रहा है। तेज और चटक धूप के कारण लोगों को गर्मी महसूस हो रही है। कई लोग धूप से बचने के लिए छांव तलाशी दिखाई दे रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर तापमान तेजी से बढता है तो गेहूं के दानों के भराव पर असर पड सकता है। इससे उत्पादन प्रभावित होने की संभावना रहती है। तापमान में बढोतरी जारी रही तो सरसों की फसल समय से पहले पकने की आशंका है, जिससे किसानों की योजना गडबडा सकती है।

**बुनियादी परियोजना जानकारी का अभाव:**

# स्कैन करने पर मिलती है केवल अस्पताल, पेट्रोल पंप और आपातकालीन सेवाओं की जानकारी

### हाईवे पर लगे एनएचएआइ के क्यूआर कोड में ठेकेदार, लागत और रखरखाव की जानकारी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर

राष्ट्रीय राजमार्गों पर यात्रा करने वाले लोगों के लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआइ) ने हाईवे यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा बढाने के लिए नया सिस्टम शुरू कर हाईवे पर जगह-जगह क्यूआर कोड लगाए, जिन्हें स्कैन करते ही यात्रियों को आसपास उपलब्ध सभी जरूरी सेवाओं की जानकारी मोबाइल नंबर के साथ-साथ परियोजना से जुड़ी बुनियादी जानकारी दी जाती है। लेकिन सारंगपुर से गुजरे नेशनल हाइवे क्रमांक 52 ब्यावरा से देवास पर सारंगपुर धनोरा के पास लगे क्यूआर कोड को जब हमने स्कैन किया तो चुकाने वाली जानकारी सामने आई। जबकि परियोजना से जुड़ी बुनियादी परियोजना जानकारी का अभाव था, जबकि इसमें उसके कामल बने थे लेकिन जानकारी नील थी।

बुनियादी परियोजना जानकारी में न तो टोल संचालकर्ता कंपनी का नाम था और न ही निर्माण करने वाले ठेकेदार, संचालन एवं रखरखाव करने वाले, परियोजना की लागत, टोल का कब तक संचालन होगा इससे जुड़ी कुछ भी जानकारी स्कैन करने पर नहीं मिली। जबकि यह जानकारी सबसे महत्वपूर्ण है लेकिन ऐसे इसमें छुपाने का प्रयास किया गया, जो कि नियम विरुद्ध है। परियोजना की बेसिक जानकारी में सिर्फ हाइवे की लंबाई 141.26 किमी, निर्माण कार्य की शुरूआत 09 जुलाई 2016 से निर्माण पुरा होने की तिथि 30 अप्रैल 2019 दर्ज की गई थी। शेष जानकारी का कोई अता-पता नहीं था। इस संबंध में एनएचएआइ एवं पीआइयू उज्जैन प्रोजेक्ट डायरेक्टर राहुल सिंह ने कहा कि क्यूआर कोड में यह जानकारी उपलब्ध है, यदि यह जानकारी नहीं दिख रही है तो कोई तकनीकी त्रुटि




होगी, उसमें दिखवाकर सुधार करवाया जाएगा।

**क्यूआर कोड से हादसे में तुरंत मिलेगी मदद**

दरअसल एनएचएआई के क्यूआर कोड स्कैन करते ही यात्रियों को हाईवे पेट्रोलिंग टीम का संपर्क, टोल मैनेजर और परियोजना प्रबंधक, स्थानीय अभियंता और आपातकालीन हेल्पलाइन, नजदीकी अस्पताल, दवा दुकान, पुलिस स्टेशन, शौचालय, पेट्रोल पंप, पंचर वर्कशॉप, सर्विस स्टेशन आदि की लोकेशन और दूरी मिलती है और इनमें से हर सुविधा तक पहुंचने का मार्ग भी तुरंत दिखाई देगा।

**कहां लगाए गए है क्यूआर कोड**

**बोले जिम्मेदार**

क्यूआर कोड साइन बोर्डस सडक सुरक्षा को बढाने में मदद कर रहे है। इससे यात्रियों को तुरंत इमरजेंसी नंबर और स्थानीय जानकारी दी जा रही है। इसके लिए यात्रियों को बस मोबाइल से क्यूआर कोड को स्कैन करना होता है। इससे नेशनल हाइवे पर सफर करने वाले लोगों का यात्रा अनुभव और जागरूकता दोनों बेहतर हो रहे है। क्यूआर कोड में परियोजना से जुड़ी बेसिक जानकारी भी दर्शाई गई है। अगर वह नहीं दिख रही है तो हम इसमें सुधार करवाते है।

**राहुल सिंह, परियोजना निदेशक, एनएचएआई, पीआइयू, उज्जैन।**

यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए क्यूआर कोड हाईवे पर सड़क किनारे लगे प्रमुख संकेत बोर्डों पर टोल प्लाजा, वे-इंग स्टेशन और विश्राम स्थलों पर राजमार्ग के शुरू और अंतिम बिंदुओं पर बेहतर दृश्यता के लिए इनमें रेट्रो-रिफ्लेक्टिव बोर्ड का उपयोग किया गया है ताकि रात में भी आसानी से दिख सकें। अधिकारियों का कहना है कि यह सिस्टम हाईवे यात्रा में बडा बदलाव लाएगा। आपात स्थिति से निपटने में समय बचेगा, यात्रियों को आस-पास की सुविधाओं के लिए भटकना नहीं पडेगा और सुरक्षा स्तर भी बेहतर होगा।

**जाहिर सूचना**

**सरदारसिंह पिता भगवानसिंह उम्र 51 वर्ष निवासी- ग्राम निनोरा पोस्ट नवाखेड़ा जिला उज्जैन म.प्र. को पृथक करने बाबत**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सरदारसिंह पिता भगवानसिंह उम्र 51 वर्ष निवासी - ग्राम निनोरा पोस्ट नवाखेडा जिला उज्जैन म.प्र. का निवासी हुँ मेरा पुत्र आनंद पाल उर्फ चीकू विगत 05 वर्षों से मेरे व मेरे परिवार से पृथक इंदौर में निवास कर रहा है । मेरे पुत्र आनंद पाल उर्फ चीकू के इंदौर निवास करने के दौरान मुझे कई बार जानकारी प्राप्त हुई है कि मेरा पुत्र आनंद पाल उर्फ चीकू गलत लोगों के संगत मे पड गया है एवं अज्ञात लडकी के साथ लिविंग रिलेशन में रह रहा है और अज्ञात लोगो से रुपए उधार भी ले रहा है ।जबकि मेरा पुत्र आनंद पाल उर्फ चीकू विगत 05 वर्षो से मेरे व मेरे परिवार से पृथक इंदौर मे निवास कर रहा है। और मेरे पुत्र आनंद पाल उर्फ चीकू का मेरे व मेरे परिवार से कोई सम्पर्क नही है । जिस कारण से मेरे पुत्र आनंद पाल उर्फ चीकू से हमने पूर्व से ही रिश्ता तौड रखा है व मेरे पुत्र आनंद पाल उर्फ चीकू को मेरे घर से व जायदात से भी बेदखल कर दिया है जिस कारण से मेरे पुत्र आनंद पाल उर्फ चीकू से हमारा कोई लेना देना नही है मेरे पुत्र आनंद पाल उर्फ चीकू के व्यवहार से समाज के किसी भी व्यक्ति को कोई परेशानी व कोई क्षति होती है तो उसकी समस्त जवाबदारी मेरे पुत्र आनंद पाल की रहेगी । इसमे हमारा कोई हस्तक्षेप नही रहेगा।

**शैलेन्द्र प्रजापत (एडवोकेट)**
**कार्यालय - ऑफिस न.163 सी 21 मॉल प्रथम मंजील**
**नानाखेडा उज्जैन म.प्र.**
**मो.न. 9713540193**

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं नेहा जैन पति श्री गौरव जैन, पता-02, दौलत गंज, घी मण्डी, उज्जैन (म. प्र.) की निवासी हूं। मै विवाह के पूर्व अपना नाम नेहा कुमारी जैन पिता श्री राजेश कुमार जैन लिखती थी। मेरा विवाह दिनांक 09/02/2014 को गौरव जैन के साथ हो गया है। विवाह पश्चात से मैं अपना नाम नेहा जैन पति श्री गौरव जैन लिखती हू उक्त दोनों नाम की में एक ही व्यक्ति हूं। तथा वर्तमान में नेहा जैन पति गौरव जैन के नाम से जानी व पहचानी जाती हूं। तथा मेरे आधार कार्ड में भी मेरा नाम नेहा जैन पति गौरव जैन अंकित है।

इति दिनांकः-10/02/2026

**पुराना नाम- नेहा कुमारी जैन पिता श्री राजेश कुमार जैन, Neha Kumari Jain D/o Shri Rajesh Kumar Jain**
**नया नाम-नेहा जैन पति श्री गौरव जैन Neha Jain W/o Shri Gourav Jain**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि भूखण्डस्वामी शिवकुमार मण्डरा पिता बाबूलाल मण्डरा, निवासी-ग्राम डडियाखेड़ी तहसील कालापीपील जिला शाजापुर के एकांकी स्वामित्व स्वत्व एवं आधिपत्य के भूखण्ड क्रमांक 317 (एरिया 67.10 वर्गमीटर) व भूखण्ड क्रमांक 318 (एरिया 67.10 वर्गमीटर) स्थित शिवांश वैली एक्सटेंशन पार्ट-1 ग्राम चंदेसरी तहसील व जिला उज्जैन में है, दोनों भूखण्डों का कुल संयुक्त एरिया 134.20 वर्गमीटर है, उक्त भखण्ड आवासीय क्षेत्र में स्थित होकर आवासीय उपयोग का है, तथा उक्त भूखण्डो को मेरे पक्षकार ने क्रय करने का सौदा तय कर टोकन मनी अदा कर सौदा चिट्ठी का संपादन कर लिया है।

अतः उक्त वर्णित भूखण्ड पर किसी भी बैंक, पेढी, निगम, वित्तीय संस्था, शासन, प्रायव्हेट व्यक्ति आदि का कोई ऋण, भार, मेन्टेनेन्स बकाया हो या उक्त वर्णित भूखण्ड में किसी अन्य का कोई हक, हित, हिस्सा व सुखाधिकार किसी भी रूप में निहीत हो या इस विक्रय बाबत किसी को कोई आपत्ति आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना से 07 (सात) दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मय लैखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके। अन्यथा बाद गुजरने मियाद मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त वर्णित भूखण्डों का अनुबंध पत्र तथा विधिवत ई विक्रय पत्र निष्पादित व पंजीयन करवा लेवेगे व किसी की कोई आपत्ति आदि मान्य नहीं होगी। सो सूचित हो। इति दिनांक 12-02-2026 स्थान उज्जैन

**श्याम गुप्ता, एडव्होकेट**
**दुकान नंबर - सीएफ-7, भरतपुरी शांपिंग काम्पलेक्स, देवास रोड़ उज्जैन**
**मोबाईल नंबर- 99264-66157 7309197228**

# घरो से निकलने वाला गंदा पानी सड़कों पर फेल रहा

दैनिक अवन्तिका » शुजालपुर



शहर के वार्ड क्रमांक 24 स्थित फ्रीगंज क्षेत्र में पांडूरंग नगर से सटे हुए हिस्से में रहवासी घरों से निकलने वाले गंदे पानी का फेलाव सड़कों पर होने से परेशान है। इस क्षेत्र में सीसी रोड का निर्माण तो हो गया लेकिन गंदे पानी की निकासी के लिए उचित व्यवस्था नहीं की गई। उधर हाल ही में कराए गए नाली निर्माण के बावजूद जल निकासी की समस्या जस की तस बनी हुई है। क्षेत्र में सड़क पर गंदा पानी जमा होने से रहवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों को घर से निकलने के लिए गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है, जिससे संक्रमण और बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि नाली निर्माण कार्य तो कर दिया गया, लेकिन पानी की समुचित निकासी की व्यवस्था नहीं होने से स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। हल्की बारिश या घरों से निकलने वाला दैनिक उपयोग का पानी भी सड़क पर भर जाता है। इससे आवागमन बाधित हो रहा है और छोटे बच्चों व बुजुर्गों को विशेष परेशानी उठानी पड़ रही है।

रहवासियों ने यह भी बताया कि करीब एक वर्ष पूर्व बनी सड़क के किनारे की नालियां अब तक ढकी नहीं गई हैं। खुली नालियों के कारण दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। रात के समय स्थिति और भी गंभीर हो जाती है, जब अंधेरे में लोगों को खुली नालियां दिखाई नहीं देतीं।

युवा नेता रजत सोनानिया ने क्षेत्र का निरीक्षण कर समस्या को गंभीर बताते हुए प्रशासन से शीघ्र समाधान की मांग की है। उन्होंने कहा कि नाली निर्माण के बाद भी यदि पानी सड़क पर जमा हो रहा है तो यह कार्य की गुणवत्ता और योजना पर प्रश्नचिह्न है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं की गई तो युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता वार्ड पार्षद के निवास का घेराव कर आंदोलन करेंगे। क्षेत्रवासियों ने नगरपालिका प्रशासन से मांग की है कि घरों से निकलने वाले गंदे पानी की निकासी के लिए नाली का निर्माण कराया जाए और जहां नालियों का निर्माण हुआ है वहां तकनीकी जांच कराई जाए, जल निकासी के लिए स्थायी समाधान निकाला जाए तथा खुली नालियों को शीघ्र ढकवाया जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके।

## बांग्लादेश चुनाव- वोटों की गिनती जारी, नतीजे आना शुरू

**ढाका।** बांग्लादेश में गुरुवार को हुए आम चुनाव के बाद वोटों की गिनती शुरू हो गई है। शुरुआती नतीजे और रुझान आने लगे हैं। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी ने 1 सीट पर जीत हासिल कर ली है। झेनाइदाह-1 (शैलकुपा) सीट से उम्मीदवार मोहम्मद असदुज्जमान जीत गए हैं। देशभर में आज दोपहर 2 बजे तक देश के 36 हजार वोटिंग सेंटर्स पर 47.91त्न मतदान हुआ। अंतरिम सरकार के चीफ एडवाइजर मोहम्मद यूनुस, चीफ तारिक रहमान और छात्र नेता नाहिद इस्लाम वोट डालने पहुंचे। इस दौरान यूनुस ने कहा कि आज नए बांग्लादेश का जन्म हुआ। दूसरी तरफ पूर्व शेख हसीना ने चुनाव को फर्जी बताते हुए रद्द करने की मांग की है। साथ ही यूनुस से इस्तीफा भी मांगा हैं। बांग्लादेश चुनाव को लेकर भारत ने नतीजों का इंतजार करने के लिए कहा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि नतीजे आने के बाद ही यह देखा जाएगा कि जनादेश किस तरह का है।

## किम जोंग ने 13 साल की बेटी को उत्तराधिकारी चुना

**सिओल।** हाल के महीनों में जू ऐ कई बड़े कार्यक्रमों में अपने पिता के साथ नजर आई हैं। उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन ने अपनी 13 साल की बेटी किम जू ऐ को अपना उत्तराधिकारी चुन लिया है। दक्षिण कोरिया की खुफिया एजेंसी ने गुरुवार को सांसदों को दी गई जानकारी में यह दावा किया। दक्षिण कोरिया की नेशनल इंटेलिजेंस सर्विस ने कहा कि किम जू ऐ की लगातार बढ़ती सार्वजनिक मौजूदगी को देखते हुए यह आकलन किया गया है। कहा कि उसने कई परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए यह निष्कर्ष निकाला है। इनमें आधिकारिक कार्यक्रमों में किम जू ऐ की प्रमुख उपस्थिति भी शामिल है। हाल के महीनों में जू ऐ कई बड़े कार्यक्रमों में अपने पिता के साथ नजर आई हैं। सितंबर में बीजिंग दौरे के दौरान भी वह किम जोंग उन के साथ दिखी थीं। यह उनका पहला विदेशी दौरा था, जिसकी जानकारी सामने आई।

## बेटे ने मां को पत्थर से कुचला, मौत, जमीन अपने नाम कराना

**दतिया।** दतिया जिले में जमीन के लिए बेटे ने मां की हत्या कर दी। जिगना थाना क्षेत्र के गांव विजयपुर में एक 29 वर्षीय बेटे ने अपनी ही मां की नुकीले पत्थर से कुचलकर हत्या कर दी। आरोपी पत्नी के दबाव में मां से जमीन अपने नाम कराना चाहता था। घटना बुधवार रात की बताई जा रही है। मृतका मिथिला पाल (50) पत्नी महेश पाल निवासी विजयपुर में रहती थी। महिला का छोटा बेटा अरविंद पाल जमीन नाम कराने के लिए मां से विवाद कर रहा था। गुस्से में इनकार करने पर उसने मां को नुकीले पत्थर से कुचलकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को ग्रामीणों की मदद से गांव के बाहर मेन रोड से हिरासत में ले लिया है। फिलहाल उससे पूछताछ जारी है। घटना का खुलासा उस वक्त हुआ जब रात करीब 8 बजे महिला का भतीजा सुरेंद्र पाल दतिया से मजदूरी कर गांव लौटा। उसने घर के अंदर से बच्चे के जोर-जोर से रोने की आवाज सुनी। बाहर आरोपी अरविंद खड़ा था। जब उससे बच्चे के रोने का कारण पूछा गया तो आरोपी गोलमोल जवाब देने लगा और फिर वहां से चला गया। घर के दरवाजे पर बाहर से ताला लगा हुआ था। पुलिस के मुताबिक आरोपी अरविंद की दो शादियां हो चुकी हैं।

## लॉरेंस गैंग के नाम पर बिल्डर से 10 करोड़ मांगे

**अशोकनगर।** अशोकनगर के बिल्डर और कारोबारी अंकित अग्रवाल को लॉरेंस बिश्नोई गैंग के नाम पर धमकी मिली है। अंकित से 10 करोड़ रुपए की रंगदारी मांगी गई है। धमकाने वाले व्यक्ति ने खुद को गैंग का सदस्य हरि बॉक्सर बताया। व्हाट्सऐप वॉयस नोट के जरिए उसने कहा कि हमने एक बार जिसे फोन कर दिया उसे बगैर पैसे लिए नहीं छोड़ा। उसे मारा है या पैसे लिए हैं। तेरी हर एक डिटेल मेरे पास है। कोई गलतफहमी मत पालना। पीड़ित की शिकायत के बाद पुलिस और सायबर सेल ने मामले की जांच शुरू कर दी है। कारोबारी अंकित अग्रवाल के मुताबिक 11 फरवरी को उन्हें तीन अलग-अलग इंटरनेशनल नंबरों से व्हाट्सऐप कॉल और मैसेज मिले। फोन नहीं उठाने पर वॉयस नोट भेजे गए। कॉल करने वाला लगातार संपर्क करने की कोशिश कर रहा था।

## 55 कलेक्टर, 16 निगमायुक्त, 12 संभागायुक्त कल भोपाल में

**भोपाल।** प्रदेश के सभी 55 जिलों के कलेक्टर, सभी 12 संभागों के आयुक्तों और 16 नगर निगमों के कमिश्नर शुक्रवार को भोपाल में रहेंगे। एक मई से शुरू होने वाली मकानों की गणना के अंतर्गत इन अधिकारियों को जनगणना के प्रशिक्षण के लिए भोपाल बुलाया गया है। रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया की मौजूदगी में होने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव भी मौजूद रहेंगे। गृह विभाग के सचिव और राज्य नोडल अधिकारी जनगणना अभिषेक सिंह ने इसको लेकर सभी कलेक्टरों, संभागीय आयुक्तों, नगर निगम आयुक्तों को पत्र लिखा है। इसमें कहा गया है कि जनगणना 2027 के पहले चरण के लिए 13 फरवरी को प्रशिक्षण दिया जाना है। इसका पहला चरण मकान गणना के रूप में इसी साल एक मई से शुरू होने वाला है। इसके लिए राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कांफ्रेंस का आयोजन किया जा रहा है।

## छात्रा के साथ 4 कार में हुआ रेप

**भोपाल।** भोपाल में 11वीं की छात्रा से रेप केस में आरोपी माज खान के खुलासों ने पुलिस को चौंका दिया है। उसने बताया है कि ओसाफ अली खान ने थार में नाबालिग से रेप किया। इस दौरान वह बाहर ख?ा था। उसी ने छिपकर वीडियो शूट किया है। आरोपी माज खान ने बताया कि मैंने प्लानिंग पहले ही कर ली थी। कार के बाहर खडे रहकर ग्लास से अंदर झांका और चोरी छिपे वीडियो शूट कर लिया। वीडियो को आपस में शेयर किया। लडकी को संबंध बनाने के लिए कई बार मजबूर किया। यहां तक कि वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर छात्रा से 40 हजार रुपए भी वसूल लिए। इधर छात्रा से खानूगांव में जिस थार में पहली बार रेप किया गया था। पुलिस ने उसे भी बरामद कर लिया है।

## विट्ठल मंदिर में हुआ भंडारा

**शुजालपुर।** महाराष्ट्र समाज शुजालपुर द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री संत रामदास नवमी का पर्व श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शुजालपुर सिटी स्थित विट्ठल मंदिर परिसर में भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें समाजजन सहित विभिन्न धर्मों के श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण कर धर्मलाभ लिया। प्रात:काल मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना एवं आरती का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने संत रामदास के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनकी शिक्षाओं को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

इसके बाद भजन-कीर्तन का दौर चला, जिससे वातावरण भक्तिमय हो उठा। भंडारे में बड़ी संख्या में समाज के महिला-पुरुष, युवा एवं बच्चे उपस्थित रहे। स्वयंसेवकों ने व्यवस्थाएं संभालते हुए श्रद्धालुओं को ससम्मान प्रसादी वितरित की। आयोजन स्थल पर साफ-सफाई एवं सुव्यवस्थित व्यवस्था की सराहना भी की गई। समाजजनों ने बताया कि संत रामदास नवमी का पर्व समाज में एकता, सेवा और सद्भाव का संदेश देता है। ऐसे धार्मिक आयोजनों से सामाजिक समरसता को बढ़ावा मिलता है। आयोजन के अंत में सभी ने समाज की उन्नति एवं क्षेत्र की खुशहाली की कामना की।

## जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार रेपको होम फायनेंस लिमिटेड पता 18/19 केनरा बैंक के ऊपर बेताल मार्ग सुंदर डेरी चौराहा के पास फ्रीगंज शाखा उज्जैन की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भवन क्रमांक 469 स्थित मोहल्ला सरस्वती कॉलोनी रोड़ से अंदर नगर परिषद तराना की सीमा वार्ड न. 15 तराना जिला उज्जैन (म.प्र.) में स्थित है। जिसका कुल क्षेत्रफल 139.29 वर्गमीटर अर्थात 1500 वर्गफीट है। तथा उक्त संपत्ति की चर्तुसीमा पूर्व मे - अन्य का भवन, पश्चिम में - कॉलोनी का आम रास्ता, उत्तर में- गंगाराम बिहारीलाल का मकान, दक्षिण में - टीना पति राजनारायण जी पण्डया का भूखण्ड़ स्थित है। उक्त संपत्ति धर्मेन्द्र जोशी पिता श्री मणिशंकर जोशी ने इसके पूर्वस्वामी मोहनलाल शर्मा पिता काशीरामजी शर्मा से रजि. विक्रय पत्र क्रमांक एमपी43192023ए12691669 दिनांक 21/12/2023 के माध्यम से क्रय कि एवं धर्मेन्द्र जोशी ने उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु रेपको होम फायनेंस लिमिटेड में आवेदन किया हैं तथा मेरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति को बंधक करने जा रहे हैं, तथा पक्षकार की जानकारी अनुसार पूर्व का विक्रय पत्र क्रमांक 316 दिनांक 25/02/1980 का कही गुम हो गया है जिसकी प्रथम सुचना पुलिस थाना चिमनगंज मण्डी उज्जैन में दिनांक 14/12/2023 को दर्ज करवा दी गयी है। अत: सूचित किया जाता हैं कि यदि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो यां कोई विवाद हो या कोई न्यायालीन विवाद हो या उक्त दस्तावेज कही जमा हो या उक्त सम्पत्ति कहीं बंधक हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत् रूप से मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर रेपको होम फायनेंस लिमिटेड द्वारा उक्त सम्पत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त सम्पत्ति पर प्रथम ऋण भार रेपको होम फायनेंस लिमिटेड का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्तिमान्य नहीं होगी। सूचित हो । दिनांक 12/02/2026

**तेजपाल परिहार एडवोकेट**
**ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3**
**तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन**
**मो. 9301860352**

## The Court Of III Additional District Judge, District Court, Ujjain

Presiding Officer: **श्री पवन कुमार पटेल**
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
(RCA/0000127/2024)

**नगर पालिका निगम उज्जैन द्वारा आयुक्त................ वादी**
**विरुद्ध**
**शोभा मितल ......... प्रतिवादी**

Process Id/2026
पेशी दिनांक 25/02/2026

प्रेषिती-(1) श्रीमती शोभा मित्तल पता- निवासी 101 द्वारका रेसीडेंसी निजातपुरा जिला उज्जैन मप्र

यह कि प्रार्थीगण क्रं.1 नगर पालिका निगम उज्जैन द्वारा आयुक्त, उज्जैन म प्र व क्र.2 भवन अधिकारी झोन क्र.2 उज्जैन नगरपालिक निगम उज्जैन द्वारा प्रथम अपील आवेदन पत्र अंतर्गत आदेश 41 नियम 1 तथा धारा 96 सीपीसी का न्यायालय अष्ठम व्यवहार न्यायाधीश, कनिष्ठ खण्ड उज्जैन द्वारा प्रकरण क्रमांक आरसीएसए/270/2021 में पारित निर्णय एवं जयपत्र दिनांक 05/10/2024 से असन्तुष्ट होकर आपके विरूद्ध रेगुलर सिविल अपील के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 09 फरवरी 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है। कृपया ध्यान दें - यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा

**न्यायालय की मुद्रा**

**न्यायाधीश**
**पवन कुमार पटेल**
**तृतिय जिला न्यायाधीश, उज्जैन जिला उज्जैन**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 358/2/1 रकबा 0.450 हेक्टर व सर्वे क्रमांक 358/2/4 रकबा 0.150 हेक्टर भूमि कुल किता 02 कुल रकबा 0.600 हेक्टर कृषि भूमि स्थित ग्राम ''हरिगढ़'' प.ह.न. 10 (धुलेटिया) तहसील घट्टिया जिला उज्जैन म.प्र. स्थित है। जिसकी चर्तुसीमा पूर्व- भेरू चौधरी कि भूमि, पश्चिम में- गोरधन की भूमि, उत्तर में- प्रधानमंत्री सड़क एवं दक्षिण में - नाला स्थित है। उक्त संपत्ति को क्रय करने का सौदा मेरे पक्षकार ने संपत्ति के वर्तमान स्वामी श्रीमति किरण मण्डोरिया पति श्री महेन्द्र मण्डोरिया निवासी 5 नगारची बाखल एटलस चौराहा उज्जैन म.प्र. एवं श्रीमति कविता पाटीदार पति सुनिल कुमार पाटीदार निवासी- ग्राम हनुमंतिया तहसील जावरा जिला रतलाम म.प्र. से किया है, तथा बयाना राशि अदा कर दी है तथा शेष राशि अदा करके उक्त कृषि भूमि के विक्रय पत्र का निष्पादन मेरे पक्षकार के हित में कराया जाना शेष है। अत: सूचित किया जाता हैं कि यदि उक्त कृषि भूमि में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त संपत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई लेना-देना बकाया हो या उक्त कृषि भूमि के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या वैधानिकता के संबंध में कोई विवाद हो या कोई न्यायालीन विवाद हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत् रूप से मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर मेरे पक्षकार द्वारा उक्त संपत्ति के विक्रय पत्र का निष्पादन मूल स्वामी से अपने हित में करवा लिया जावेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्तिमान्य नहीं होगी। सूचित हो ।

**तेजपाल परिहार एडवोकेट**
**ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3 तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन**
**मो. 9301860352**

## जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार श्री अन्नपूर्णा कंस्ट्रक्शन, पता वि.डि.एस. प्राईम प्लाजा, प्रथम तल, फ्रिगंज उज्जैन की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक भूखण्ड क्रमांक सी-2, सी-3 स्थित श्री ग्रैंड सांवरिया, न्यू सेंट पॉल स्कूल के पास, गरोठ हाईवे टच, उज्जैन में स्थित है। प्रत्येक भूखण्ड का कुल क्षेत्रफल 1000 वर्गफिट है। जो रसीद क्रमांक 554 एवं 592 के माध्यम से श्री पवन जी शर्मा पिता हीरालाल शर्मा को आवंटित किया गया था। उक्त रसीद कही गुम हो चूकी है तथा भूखण्ड स्वामी के आग्रह पर मेरे पक्षकार के द्वारा भूखण्ड स्वामी को नई रसीद जारी की जा रही है। अत: सूचित किया जाता है कि यदि उक्त रसीद के माध्यम से उक्त भूखण्ड पर किसी भी व्यक्ति आदि का कोई लेना-देना बकाया हो या उक्त भूखण्ड पर किसी प्रकार का कोई ऋण प्राप्त किया गया हो या उक्त मुल रसीद किसी भी व्यक्ति के पास गिरवी हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत् रूप से मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें तथा मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूखण्ड स्वामी को उक्त भूखण्ड की नवीन रसीद प्रदान की जावेगी तथा वह नवीन रसीद ही मान्य होगी एवं पुरानी रसीद स्वत: समाप्त मानी जावेगी एवं नवीन रसीद के आधार पर ही विक्रय पत्र का निष्पादन किया जावेगा। बाद समयावधि किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सूचित हो ।

**अनंत यादव एडवोकेट**
**टाईम हेडक्वाटर, महाकाल समपन्न फोर्थ फ्लोर, वराह मिहिर मार्ग, टावर चौक फ्रीगंज उज्जैन मो. 9669675551**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, श्रीमती नज़्मा खान पति मोहम्मद रमज़ान द्वारा अपने प्लॉट क्रमांक 249 तिरूपति एवेन्यु, पंचक्रोशी मार्ग, उज्जैन पर भवन क्रय हेतु वर्ष 2014 में एल आई सी (एच.एफ.एल.) शाखा ऋषि नगर, उज्जैन से होम लोन क्रमांक 120800001948 लिया गया था जिसमें उक्त भवन की रजिस्ट्री को बंधक के रूप में एल आई सी शाखा में जमा किया गया था। श्रीमती नजमा खान का देहावसान दिनांक 12/05/2021 को हो गया था जिसके उपरांत उनके वारिस पति मोहम्मद रमजान व बेटियाँ नूरीन पिता मो. रमजान आयु 6 वर्ष एवं जरीन पिता मो. रमजान आयु 6 वर्ष है। लोन की किश्तो का भुगतान भी स्व नजमा खान के पति श्री मोहम्मद रमजान द्वारा किया जा रहा है व भविष्य में लोन की पूर्ण अदायगी के उपरांत उक्त भवन की रजिस्ट्री को स्व. नजमा खान के वारिस श्री मोहम्मद रमजान पिता मोहम्मद निसार निवासी 249, तिरूपत्ति एवेन्यु को प्रदान कर दिया जावे तो इसमें यदि किसी व्यक्ति, संस्था, पेढ़ी, विभाग, आदि को कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना से 7 दिवस के अंदर अपनी आपत्ती मय लेखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके अन्यथा म्याद गुजरने के पश्चात किसी की कोई आपत्ती आदि मान्य नहीं होगी और लोन अदायगी उपरांत भवन से संबंधित समस्त दस्तावेज मो. रमजान पिता मो. निसार निवासी 249, तिरूपति एवेन्यु, पंचकोशी मार्ग, उज्जैन के द्वारा प्राप्त कर लिए जावेगे । इति दिनांक 13/02/2026

स्थान उज्जैन

**अभिजीत शर्मा एड्वोकेट**
**कार्यालय- 2/15, भगवती गली, फव्वारा चौक उज्जैन मो. 94253-794800**

## मारपीट का बदला लेने के लिए रंजीश में की थी हत्या

**शुजालपुर।** मंडी थाना क्षेत्र में ग्राम अमलाय पत्थरकी के समीप 7 फरवरी को सीहोर निवासी धर्मेंद्र शर्मा पिता रमेशचन्द्र शर्मा की हत्या कर शव को जलाने की कोशिश की गई थी, उस हत्याकांड में पुलिस को अहम सफलता मिली है। मामले में एक आरोपी बादल को गिरफ्तार कर लिया गया है जबकि दूसरा आरोपी चिराग अब भी फरार है। पुलिस ने बादल को कोटा राजस्थान से गिरफ्तार किया। पुलिस को प्रारंभिक पूछताछ में पकडे गए आरोपी बादल ने हत्या करने के पीछे रंजीश का कारण बताया। बता दे निपानिया देव मार्ग पर अमलाय पत्थर के पास स्थित एक खेत में 8 फरवरी की सुबह एक युवक का अर्द्धजला शव मिला था, जिसकी पहचान धर्मेंद्र शर्मा पिता रमेश प्रसाद शर्मा 27 वर्ष निवासी ब्रह्मपुरी कॉलोनी, सीहोर के रूप में हुई है। वह कांबेश्वर धाम में पूजा सामग्री बेचने का कार्य करता था और किराए के मकान में रह रहा था। परिजनों द्वारा 7 फरवरी को कोतवाली थाना सीहोर में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी। पुलिस जांच में सामने आया था कि आरोपियों ने पहले धर्मेंद्र के साथ मारपीट की और बाद में उसका गला रेतकर हत्या कर दी। पहचान छिपाने के उद्देश्य से शव पर स्पिरिट डालकर उसे जलाने का प्रयास किया गया। इसके बाद शव को एक किसान के खेत में फेंक दिया गया था।

सीहोर निवासी धर्मेन्द्र शर्मा की हत्या के आरोप में पकडे गए बादल से प्रारंभिक पूछताछ में पुलिस को पता चला कि हत्या के लगभग 8 दिवस पूर्व मृतक के परिवार एवं आरोपी पक्ष के मध्य मजदूरी के रुपयों को लेकर विवाद हुआ था और आरोपी के साथ मारपीट की गई थी। इसी रंजीश के चलते आरोपी बादल व चिराग 7 फरवरी को धर्मेन्द्र को उसके घर से बाइक पर लेकर गए, जहां से वे अमलाय पत्थरकी के समीप पहुंचे, रास्ते में 3-4 स्थान पर तीनों ने शराब भी पी। साथ ही अरनियाकलां के समीप एक ढाबे पर उनके मध्य 7 फरवरी की रात को विवाद भी हुआ। आरोपी ने पुलिस को बताया कि वारदात नशे और गुस्से की स्थिति में हुई। धर्मेन्द्र का चाकू से गला रेतकर हत्या की गई और स्प्रीट से उसका शव जलाने का प्रयास किया। मंडी पुलिस द्वारा फरार आरोपी चिराग की तलाश की जा रही है और पकडे गए आरोपी बादल से विस्तृत पूछताछ की जा रही है। थाना प्रभारी शुजालपुर मंडी शिवकुमार यादव ने बताया कि धर्मेन्द्र शर्मा हत्या कांड में एक आरोपी को राउंडअप किया गया है जिससे पूछताछ की जा रही है। इस मामले में जल्द ही पुरा खुलासा किया जाएगा।

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भूमि स्वामी 01-श्रीमती सजनबाई पति श्री मुरारीलाल, 02-श्री रामेश्वर पिता घीसा, दोनो निवासी नौगावा तहसील व जिला उज्जैन (म. प्र.) के संयुक्त मालिकी स्वामित्व में कृषि भूमि सर्वे क्रमांक-689/1/2 (एस) रकबा 0.7000 हेक्टर एवं 689/2 (एस) रकबा 0.3000 हेक्टर कुल किता 02 कुल रकबा 1.0000 हेक्टर ग्राम नौगांवा, प. ह. नं-00049 तहसील उज्जैन जिला उज्जैन (म. प्र.) में स्थित है। उक्त कृषि भूमि रकबा सम्पूर्ण मेसे 0.5000 हेक्टर का सौदा मेरे पक्षकार ने क्रय अनुबंधीत श्री आनंद चौधरी पिता श्री सत्यनारायण चौधरी, निासी-खतेडिया जिला देवास से कर आंशिक राशि अदा कर दी है, शेष राशि का भुगतान कर, केवल विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष है। उक्त कृषि भूमि पर क्रय अनुबंधीत श्री आनंद चौधरी के अतिरिक्त अन्य किसी व्यक्ति, सोसायटी, संस्था, समूह, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढी, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, आदि का किसी भी प्रकार का कोई स्वत्व हित व अधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्षीस, बकाया आदि हो अथवा किसी भी प्रकार का कोई सुखाधिकार हो अथवा इस विक्रय व्यवहार में किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस ज़ाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 (सात) दिन में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तुत करे ताकि उसका निराकरण किया जा सके अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त सम्पत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन करा लेंगे व उक्त अवधि गुजर जाने के पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो। इति दिनांक-12.02.2026

**राजकुमार प्रजापत एडवोकेट**
**कार्यालय-ए-1 भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन**
**मो. 94259-46659**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने फारुख पटेल पिता हाजी अब्दुल पटेल निवासी 780 खजराना तालाब के पास इंदौर म.प्र. से उनके स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 405/2 रकबा 1.0400 हेक्टर, ग्राम पालखन्दा तहसील व जिला उज्जैन में स्थित है। उक्त कृषि भूमि को मेरे पक्षकार ने क्रय करने का सौदा कर विक्रय प्रतिफल की धनराशि में से आंशिक धनराशि अदा कर दी है तथा अनुबंध अनुसार/सौदा चिट्ठी शेष धनराशि अदा कर विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष है। उक्त कृषि भूमि के संबंध में किसी भी व्यक्ति, वित्तीय संस्था, शासकीय बैंक या अर्द्धशासकीय बैंक, सोसायटी या अन्य किसी संस्थान का कोई ऋण, भार बकाया हो या उक्त कृषि भूमि को विक्रय करने में किसी को आपत्ति, हो तो ऐसे संबंधित विभाग/व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय असल दस्तावेज व तथ्यात्मक प्रमाण के आपत्ति कार्यालयीन समय में मेरे समक्ष प्रस्तुत करें, ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके। अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा उक्त संपत्ति / कृषि भूमि के अनुबंध की शेष धनराशि अदा कर उसके अंतरण लेख का विधिवत निष्पादन व पंजीयन करवा लिया जावेगा। तत्पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नहीं रहेगी। सूचित हो।

दिनांक 12/02/2026

**गुलनाज मन्सूरी एडवोकेट**
**डी-6 भरतपुरी कॉम्प्लेक्स, देवास रोड, उज्जैन**
**मो. 9907101111**

न्यूज-कॉलम

## समर्थ रामदास स्वामी महाराज का उत्सव उत्साह से मनाया

**मन्दसौर।** महाराष्ट्र समाज उन्नयन समिती, मारुति मन्दिर प्रेम कॉलोनी, मंदसौर के तत्वावधान में श्री समर्थ रामदास स्वामी महाराज का 9 दिवसीय उत्सव सर्व समाज के वरिष्ठ जनों एवं मातृ शक्ति द्वारा बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। छत्रपति शिवाजी महाराज के आध्यात्मिक गुरु समर्थ रामदास स्वामी उत्सव में प्रतिदिन श्री रामरक्षा स्तोत्र, श्री हनुमान चालीसा, श्री राम नाम स्मरण एवं अन्य स्तोत्रों के साथ आरती पूजन किया गया। नौवें दिन 11 फरवरी को श्री के पूजन पश्चात भगवान श्री सत्यनारायण की कथा एवं भंडारा आयोजन हुआ जिसमें सर्व समाजजनों एवं समाज की मातृ शक्ति ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। यह जानकारी समाज सचिव अनिल झाँसी वाले ने दी ।

## भूरिया महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि पर होंगे आयोजन

**मन्दसौर।** मेघदूत नगर स्थित सुप्रसिद्ध श्री भूरिया महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। जिसकी समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। नेमीचन्द खिमेसरा ने बताया कि मंदिर को विद्युत सज्जा और फूलों से भव्य रूप से सजाया गया है। भक्तों की भीड़ को देखते हुए समिति द्वारा व्यापक इंतजाम किए गए हैं। 15 फरवरी, रविवार को प्रातःकाल से ही मंदिर में महादेव का विशेष अभिषेक और पूजन-अर्चन प्रारंभ होगा। सायं 4 बजे से बाबा का विशेष मनमोहक श्रृंगार किया जाएगा, जो भक्तों के आकर्षण का केंद्र रहेगा। सायं 7.15 ढोल-नगाड़ों की गूंज के साथ भगवान भूरिया महादेव की भव्य महाआरती उतारी जाएगी। तत्पश्चात महादेव को 301 किलो फलिहारी खिचड़ी का भोग लगाया जाएगा, जिसके पश्चात सभी भक्तों में प्रसाद का वितरण होगा।

## 2027 की जनगणना देश की प्रथम डिजिटल जनगणना होगी

**रतलाम।** कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में जिला जनगणना समन्वय समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में अपर कलेक्टर डॉ. शालिनी श्रीवास्तव, पीओ डूडा अरूण पाठक,आयुक्त नगर निगम अनिल भाना, जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी बालकृष्ण पाटीदार, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी श्रेय भावसार, उपसंचालक जनसंपर्क श्रीमती अनुराधा गहरवाल, जिला जनगणना समन्वय समिति के सदस्य और संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने बैठक में सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक संख्या में कर्मचारियों की जनगणना कार्य के लिए ड्यूटी लगाने और जनगणना निदेशालय भारत सरकार के निदेर्शानुसार सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए।

## ओंकारेश्वर रोड आमान परिवर्तन कार्य को मिली गति

**रतलाम।** पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के अंतर्गत डॉ. अम्बेडकर नगर - ओंकारेश्वर रोड आमान परिवर्तन (गेज कन्वर्जन) कार्य में अब तेजी आएगी। इस महत्वपूर्ण परियोजना के लिए भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। परियोजना के तहत डॉ. अम्बेडकर नगर से मुक्तियारा बलवाड़ा (दोनों यार्ड क्षेत्रों को छोड़कर) के मध्य लगभग 454 हेक्टेयर वन भूमि पर निर्माण कार्य किया जाना है। इस संबंध में वन विभाग से भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया प्रचलित थी। रेलवे द्वारा वन विभाग की सभी शर्तों का पालन पूर्ण करने के उपरांत अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू-प्रबंधन) द्वारा मंत्रालय को सैद्धांतिक स्वीकृति हेतु प्रस्ताव प्रेषित किया गया था।

**महिला के घर मुस्लिम युवक के आने पर हंगामा**

**रतलाम।** करिया गांव में बुधवार रात एक महिला के घर मुस्लिम युवक के आने पर हंगामा हो गया। ग्रामीणों ने युवक को पकड़कर पिटाई कर दी। महिला ने बीच बचाव कर युवक को बचाया। युवक मौके से अपनी कार छोड़ भाग गया। ग्रामीणों ने महिला के घर और युवक की कार में तोड़ फोड़ कर दी। महिला ने घर में तोडफोड़ करने वाले लोगों के खिलाफ नामजद थाने पर आवेदन दिया है।

**सूचना**
समाचार पत्र में समाचार प्रकाशन व विज्ञापन के लिए संपर्क करें
मोबा. 9977755777

# श्रम संगठनों का विशाल शक्ति प्रदर्शन, रैली निकाली

### हड़ताल से 60 दिन पूर्व सूचना देने की शर्त, हड़ताल करने के अधिकार को छीनना है

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर

10 अखिल भारतीय श्रम संगठनों के आह्वान पर आयोजित राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल का व्यापक असर मंदसौर में भी देखने को मिला। जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए इन संगठनों से जुड़े हजारों श्रमिकों और पदाधिकारियों ने गांधी चौराहे पर एकत्रित होकर एक विशाल प्रदर्शन किया।




प्रदर्शन के दौरान महाराणा प्रताप चौराहे स्थित अभिव्यक्ति स्थल से एक रैली निकाली गई जो नारेबाजी करते हुए गांधी चौराहा पहुंची जहां पर सभी ने जंगी प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान मजदूर संगठनों ने केंद्र सरकार की नीतियों को मजदूर विरोधी बताते हुए जमकर नारेबाजी की और अपनी मांगों को रखा। गांधी चौराहे पर आयोजित सभा में आईएनटीयूसी, एआईटीयूसी, एचएमएस, सीटू सहित सभी 10 प्रमुख संगठनों के नेता एक मंच पर नजर आए। वक्ताओं ने संबोधित करते हुए कहा कि सरकार ने कॉरपोरेट्स के दबाव में आकर श्रम कानूनों को समाप्त कर नई श्रम संहिताएं थोप दी हैं। संगठनों का आरोप है कि इन संहिताओं को लाने से पहले किसी भी श्रम संगठन से चर्चा नहीं की गई। उन्होंने मांग की कि चारों लेबर कोड तुरंत वापस लिए जाएं, युवाओं के रोजगार पर हमले बंद हों और न्यूनतम वेतन को बढ़ाकर 26 हजार रुपये प्रतिमाह किया जाए। इसके अलावा एनपीएस और यूपीएस के स्थान पर पुरानी पेंशन योजना लागू करने और संविदा एवं आउटसोर्सिंग को खत्म कर स्थाई काम-स्थाई नौकरी की नीति अपनाने पर जोर दिया गया।

प्रदर्शनकारियों ने विशेष रूप से नई नीति के उन प्रावधानों पर आपत्ति जताई जो श्रमिकों के अधिकारों का हनन करते हैं। उन्होंने कहा कि हड़ताल से ६० दिन पूर्व सूचना देने की शर्त असल में हड़ताल करने के अधिकार को छीनना है, जबकि नियोक्ताओं को बिना सूचना छंटनी और कार्य समय बढ़ाने की पूरी छूट दे दी गई है। वक्ताओं ने यह भी रेखांकित किया कि नए नियमों के तहत 300 से कम श्रमिकों वाले कारखानों को कानून के दायरे से बाहर रखने से देश के 75 प्रतिशत कारखानों में मजदूरों का भविष्य असुरक्षित हो गया है। निजीकरण और विनिवेश की नीति का विरोध करते हुए संगठनों ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने अपनी नीतियां नहीं बदलीं, तो यह आंदोलन और अधिक उग्र होगा। प्रदर्शन में बैंक कर्मी रमेशचन्द्र जैन, जिनेन्द्र राठौर, शिवराजेन्द्र चास्ता, गजेन्द्र तिवारी, विरेन्द्र भावसार, सीटू से बालूसिंह चौहान, आंगनवाड़ी की संगीता जैन, मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव एसोसिएशन के दिनेश चंदवानी, रॉय, महेश धनोतिया, सहित प्रदर्शन में म.प्र. बैंक एम्पलाइज एसोसिएशन, मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव यूनियन, सफाई कामगार मोर्चा, आशा-उषा-आशा सहयोगिनी एकता यूनियन, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका यूनियन, सीटू, इंटक, बीएसएनएल, बीमा संगठन सहित अनेक संगठनों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## सेवानिवृत शिक्षकों के स्वत्वों का त्वरित निराकरण हो: मध्यप्रदेश शिक्षक संघ

**नीमच।** जिला स्तरीय शिक्षकीय समस्याओं के निराकरण के लिए आज मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने जिला शिक्षा अधिकारी महोदय को पत्र देकर चर्चा की जिसमें प्रमुख रूप से सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों के स्वत्वों का भुगतान विगत छह माह से लंबित है।पेंशन होने के उपरांत कर्मचारी कार्यालय के चक्कर काट रहें।शासन के निर्देश होने के बावजूद इस प्रकार प्रकरण लंबित होना कार्यप्रणाली की धीमी रफ्तार पर संगठन ने नाराजगी व्यक्त की। उच्च परीक्षा में बैठने की अनुमति,12 व 24वर्ष के क्रमोन्नत वेतनमान आदेश से वंचित शिक्षकों के आदेश जारी करवाना आदि बिंदुओं को लेकर चर्चा की जिसमें जिला शिक्षा अधिकारी महोदय ने बताया पेंशन प्रकरण के लिए एक पत्र यहां से जारी कर देते हैं। अनावश्यक रूप से कर्मचारी परेशान ना हो ऐसा आदेश जारी करते हैं और पेंशन के समय ही आवश्यक स्वत्व का भुगतान हो जाना चाहिए।संगठन को आश्वस्त किया कि क्रमोन्नत वेतनमान से वंचित शिक्षकों के प्रस्ताव १७फरवरी तक मंगवाकर समिति द्वारा परीक्षण करवाकर शीघ्र आदेश जारी कर दिए जाएंगे।

# पशुपतिनाथ लोक को प्लास्टिक मुक्त बनाने का संकल्प, महाशिवरात्रि की तैयारियां तेज

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंदसौर

भगवान श्री पशुपतिनाथ मंदिर प्रबंध समिति की बैठक मंदिर सभागृह में संपन्न हुई, जिसमें आगामी महाशिवरात्रि पर्व की व्यवस्थाओं के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण की दिशा में च्पशुपतिनाथ लोकज को पूरी तरह प्लास्टिक मुक्त बनाने का सामूहिक निर्णय लिया गया। कलेक्टर अदिती गर्ग के निर्देशन में इस अभियान को गति देने के लिए मंदिर परिसर में एक भव्य जन-जागरूकता रैली भी निकाली गई। इस रैली के माध्यम से पुजारीगण, बटुकों और कर्मचारियों ने श्रद्धालुओं एवं स्थानीय व्यापारियों को प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के प्रति सचेत करते हुए कपड़े की थैलियों के उपयोग का संदेश दिया और इनका वितरण भी किया।




विधायक विपिन जैन, नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर व सीईओ जिला पंचायत अनुकूल जैन की उपस्थिति में आयोजित इस बैठक में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए कई बड़े फैसले लिए गए। अब भगवान पशुपतिनाथ की प्रतिमा पर वज्र लेपन के पश्चात सभी भक्तजन जलपात्र के माध्यम से जल अर्पित कर सकेंगे।

महाशिवरात्रि पर्व के सफल आयोजन के लिए पुलिस, स्वास्थ्य, नगर पालिका और होमगार्ड सहित विभिन्न विभागों को सुरक्षा, पेयजल, विद्युत और गोताखोरों की तैनाती जैसी जिम्मेदारियां समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। परिसर की स्वच्छता के लिए आधुनिक सफाई मशीन और दर्शनार्थियों के लिए मेटी रोल क्रय करने की स्वीकृति भी प्रदान की गई है। साथ ही तापेश्वर महादेव मंदिर में मार्बल बदलने हेतु निर्माण एजेंसी की नियुक्ति पर सहमति बनी।

श्रद्धालुओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए एसडीआरएफ की टीम द्वारा मंदिर के कर्मचारियों और सुरक्षाकर्मियों को आपातकालीन प्रबंधन का विशेष प्रशिक्षण भी दिया गया। इसमें आगजनी या भगदड़ जैसी विषम परिस्थितियों में त्वरित कार्रवाई और जीवन रक्षा के गुर सिखाए गए।



## पुलिस ने पुलिस का काटा चालान, बिना हेलमेट गाड़ी चलाने पर कार्रवाई

**रतलाम।** अब पुलिसकर्मी भी बिना हेलमेट के टू-व्हीलर नहीं चला सकेंगे। गुरुवार को ट्रैफिक पुलिस ने एसपी अमित कुमार के निर्देश पर अभियान चलाकर बिना हेलमेट वाले पुलिसकर्मियों के चालान काटे। डीआईजी और एसपी ऑफिस आने वाले पुलिसकर्मियों को रोका गया। इस दौरान कई पुलिसकर्मी बहाने बनाते नजर आए, लेकिन ट्रैफिक पुलिस ने किसी की नहीं सुनी और कार्रवाई की। ट्रैफिक डीएसपी आनंद स्वरुप सोनी ने ट्रैफिक थाना प्रभारी और बल के साथ डीआईजी व एसपी ऑफिस के बाहर चेकिंग लगाई। यहां आने वाले पुलिसकर्मियों को रोका गया। कई पुलिसकर्मी जल्दी में होने की बात कहकर या विभागीय काम से जाने का बहाना बनाने लगे। कुछ ने कोर्ट में वारंट तामील कराने की बात कही। पुलिस लाइन से आने वाले पुलिसकर्मियों को भी रोका गया। ट्रैफिक पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए कुल 8 पुलिसकर्मियों के चालान काटे। कई के पास जेब में नकद रुपए नहीं थे, तो उनसे ऑनलाइन चालान राशि जमा करवाई गई।

## प्रात:काल योग केन्द्र पर आध्यात्मिक नींद में सोये साधकगण

**दशपुर योग संस्था ने किया योग निद्रा शिविर का आयोजन**



**मन्दसौर।** आध्यात्मिक नींद लेना ही योग निद्रा है। अर्ध चेतन में सोने की क्रिया योग निद्रा हैं। इस योग साधना को करने के दौरान शरीर को शिथिल अवस्था में रखते हुए निर्देशन के अनुसार विभिन्न दिशाओं में ले जाया जाता है। जिससे कई शारीरिक, मानसिक व भावनात्मक रोगों से मुक्ति मिलती है। जो व्यक्ति स्वयं से परेशान रहते है या हर समय तनाव की जिंदगी जीते है उनके लिये यह क्रिया वरदान है। इस क्रिया को हर उम्र के व्यक्ति, स्त्री, पुरूष, बच्चे करके जीवन में कई उपयोगी लाभ प्राप्त कर सकते है। उक्त बात कहीं योग गुरू सुरेन्द्र जैन ने दशपुर योग शिक्षा संस्थान द्वारा योग भवन पर प्रातःकाल आयोजित विशेष च्योग निद्रा शिविरज में उपस्थित साधकों को इस योग के फायदे बताते हुए कही। आपने बताया कि योग निद्रा स्वप्न और जागरण के बीच ही स्थिति होती है। इस क्रिया से अपने मस्तिष्क पर नियंत्रण कर सकते है तथा अपनी कार्यक्षमता को बढ़ा सकते है। यह ध्यान करने का सबसे सरल तरीका है। इसके साथ ही योग निद्रा के प्रभाव से धीरे-धीरे खराब आदतों से भी दूर होने लगते है। प्रारंभ में सूक्ष्म क्रिया लोकेन्द्र जैन व जिनेन्द्र उकावत ने कराई। इस अवसर पर योग शिक्षक ओम अग्रवाल, प्रीति जैन, जितेश फरक्या, विजय पलोड़, प्रेमेन्द चौरड़िया, कृष्णा पाटीदार, ललित जैन, राजकुमार अग्रवाल, दिनेश पारिख, कैलाश रिछावरा, शोकिन धाकड़, अनिल कोठारी, सुभाष पाटीदार, धरमदास संगतानी, सुमन रावल, लवली टूटेजा, महेश सेठिया, आनंद कश्यप, शांकी कश्यप आदि उपस्थित थे।

## बेटियों को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण देने वाले कराते कोच देवड़ा को अब लश्कर के नाम से मिली धमकी

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ जावरा

मार्शल आर्ट प्रशिक्षक जो की पंजीकृत संस्था से ट्रेनिंग अकादमी संचालित करते हुए सामाजिक कार्यों में भी अपनी सक्रिय भूमिका निभाते हुए देश की बेटियों को ऑनलाइन प्रशिक्षण देकर इन्हें जागरुक करते हुए आत्मरक्षा का प्रशिक्षण विगत कई वर्षों से दे रहे हैं।

कराते कोच बलवंत सिंह देवड़ा को एक बार फिर उनकी ऑफिशल इंस्टाग्राम आईडी के कमेंट बॉक्स में लश्कर के नाम से धमकी मिली। देवड़ा ने इसकी शिकायत बडावदा पुलिस थाने पर की है।देवड़ा को इसके पूर्व भी सितंबर 2025 माह में भी इंस्टाग्राम पर कनाडा के कथित खालिस्तान समर्थकों ने धमकी दी थी ।जिस पर शहर थाने पर एफआईआर दर्ज की गई थी। पुलिस ने उक्त मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच में लिया है।

देवड़ा ने बताया कि ट्रेनिंग अकादमी संचालित करता हूं सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय हूं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम फेसबुक पर सक्रिय रहकर देश की बेटियों को प्रशिक्षण देकर जागरूक करता हूं। देश की बहनों एवं बेटियों के साथ होने वाले अपराधों के प्रति इन्हें जागरूक करना एवं आत्मरक्षा का प्रशिक्षण देने का अभियान विगत कई वर्षों से समूचे देश में चल रहा है। देश की लाखों बेटियों को प्रशिक्षण दे चुका हूं। इस अभियान से भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार ने कई अवॉर्डों से भी मुझे नवाजा है।

8 फरवरी 2026 को देवड़ा के इंस्टाग्राम पेज पर एक वीडियो अपलोड हुआ जिसमें छोटी-छोटी बच्चियों मार्शल आर्ट की ट्रेनिंग ले रही है। वीडियो अपलोड करने के कुछ ही समय पश्चात हैप्पी लुक 2025 के नाम से बने अकाउंट से दो कमेंट्स आए पहले में लिखा" कितनी भी लड़ी गैंग बना ले एक झटके में तेरी फौजी खत्म कर देंगे लश्कर फौज है "दूसरा कमेंट्स" लश्कर यानी जो ट्रेनिंग इंडियन को दी जाती है वो ट्रेनिंग भी दी जाती है गोरिल्ला भी "

आवेदन में कहा कि मेरे इंस्टाग्राम अकाउंट पर छोटी-मोटी धमकियां प्रतिदिन आती रहती है। लेकिन उक्त कमेंट लश्कर के नाम से होने से यह आतंकी संगठन है। इसलिए गंभीर मामला है। उल्लेखनीय है कि देवड़ा को दो मर्तबा धमकी मिलने के पश्चात देखना है पुलिस की जांच में क्या निकलता है।

## शहर में दिन दहाडें चोरी की वारदात का पर्दाफाश

**नीमच।** शहर में 10 फरवरी को दिन दहाड़ें हुई चोरी की वारदात का पुलिस ने कुछ ही घंटे में पर्दाफाश किया है जिसमे शामिल 3 आरोपी गिरफ्तार,कर चोरी में प्रयुक्त मोटर सायकल एवं मश्रुका जप्त किया द्य कैंट पुलिस व पुलिस टीमों द्वारा घटना स्थल एवं आसपास के सीसीटीवी फुटेज एवं मुखबिर तंत्र के आधार पर चंद घंटो में किया गिरफ्तार विगत 15 दिवस में पुलिस थाना नीमच केंट टीम द्वारा चैन स्नेचिंग एवं दुकान से 50 हजार रुपएं का बैग चोरी की वारदातों का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस थाना नीमच केंट टीम द्वारा दिनांक 10 फरवरी को शिक्षक कालोनी में दिन दहाड़ें हुई चोरी की वारदात का चंद घंटो में खुलासा कर 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया जाकर चोरी गया मश्रुका जप्त करने में सफलता प्राप्त की गई है।

## मुस्लिम युवक के साथ हिन्दू नाबालिग बालिका को हिन्दू जागरण मंच के कार्यकर्ताओ ने पकड़ा



'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम

हिन्दू जागरण मंच के कार्यकर्ताओ ने रात को रेलवे स्टेशन से एक मुस्लिम युवक के साथ हिन्दू नागालिंग बालिका को पकड़कर जीआरपी पुलिस के सुपुर्द किया है। पुलिस ने नागालिग बालिका का मेडिकल चेकअप के बाद वन स्टॉप सेंटर भेजा है। युवक दिल्ली निवासी है, जब की बालिका मिजोरम रहती है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ताओ को सुचना मिली की दिल्ली से आने वाली केरल सम्पर्क क्रांति एक्सप्रेस के एसी कोच में मुस्लिम युवक एक नाबालिग हिन्दू बालिका को बहला फुसलाकर ले जा रहा है। कार्यकर्ताओ ने रतलाम रेलवे के जीआरपी और आरपीएफ पुलिस को सूचित कर रात करीब 10.30 रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर चार पहुंचे और गाडी स्टेशन पर पहुंचते ही गाडी के बी / 3 कोच से मुस्लिम युवक आमिर खान करीब 24 वर्षीय निवासी दिल्ली मेरठ के साथ एक हिंदू नाबालिका लड़की जो की मिजोरम निवासी को पकड़ा। कार्यकर्ताओ ने मुस्लिम युवक और नागालिग बालिका को जीआरपी के सुपुर्द कर दिया।

जीआरपी थाना प्रभारी मोतीराम चौधरी ने बताया कि मुस्लिम युवक एक साथ एक नाबालिग बालिका को ट्रैन से पकड़ा है। युवक से इस मामले में गहनता से पूछताछ की जा रहे है। बालिका को बाल कल्याण समिति भेज दिया है। समिति अधिकारी बालिका से पूछताछ कर रही है।

## लूट का आरोपी गिरफ्तार, चोरी की गाड़ियां और नकदी बरामद

**मन्दसौर।** जिले के गरोठ थाना पुलिस ने लूट के आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से फरियादी की मोटरसाइकिल सहित नकदी और अन्य संदिग्ध वाहन भी बरामद किए हैं। घटनाक्रम के अनुसार, ग्राम बडीर्या इस्तमुरार निवासी फरियादी राहुल मेघवाल ने थाना गरोठ में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि आरोपी धारासिंह सोंधिया निवासी खजुरीदोड़ा ने उसकी मोटरसाइकिल की किस्त जमा न करते हुए उसे अपने पास रख लिया था। बाद में बाइक लौटाने के एवज में आरोपी ने १० हजार रुपये की मांग की। जब राहुल पैसे लेकर वारनी फंटा के पास पहुंचा, तो आरोपी धारासिंह ने उसके साथ मारपीट की और डरा-धमकाकर नकदी एवं मोटरसाइकिल लूटकर फरार हो गया। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए धारा 309(4) और 115(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया। थाना प्रभारी हरीश मालवीय द्वारा गठित टीम ने घटनास्थल और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालते हुए घेराबंदी कर आरोपी धारासिंह (27) को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान पुलिस ने फरियादी की एचएफ डीलक्स बाइक और लूटे गए रुपयों में से 5 हजार रुपये बरामद किए। पूछताछ के दौरान आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने एक ट्रैक्टर, एक लाल रंग की स्विफ्ट कार और बिना नंबर की अन्य मोटरसाइकिलें भी जब्त की हैं। पुलिस अब इन वाहनों के दस्तावेजों की तस्दीक कर रही है ताकि अन्य संभावित चोरी की वारदातों का खुलासा हो सके।

## महापौर प्रहलाद पटेल ने की स्वास्थ्य व राजस्व विभाग के कार्यो की समीक्षा

**नगर में साफ-सफाई व राजस्व वसूली के दिये निर्देश**



**रतलाम।** महापौर प्रहलाद पटेल ने नगर निगम स्वास्थ्य विभाग व राजस्व विभाग के कार्यो की समीक्षा करते हुए नगर में नियमित साफ-सफाई व बकाया राजस्व वसूली के निर्देश संबंधित को दिये। महापौर प्रहलाद पटेल ने आयोजित बैठक में निर्देशित किया कि नगर के प्रत्येक वार्ड की नालियों की सफाई के निर्देश दिये जिसके तहत प्रतिदिन एक नाली की सफाई अनिवार्य रूप से करवाई जाये साथ ही कार्ययोजना तैयार कर शहर के बड़े नालों की सफाई का कार्य प्रारंभ करवाये जाने के भी निर्देश दिये। इसके अलावा फोर लेन डिवाईडर की धुलाई करवाये जाने के भी निर्देश दिये। उन्होने निर्देशित किया कि सफाई संरक्षक बिना सूचना के अनुपस्थित ना रहें तथा रतलाम शहर को पूर्णतः स्वच्छ बनाये जाने हेतु स्वच्छता का कार्य पुरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ करें। राजस्व विभाग की समीक्षा के दौरान महापौर प्रहलाद पटेल ने निर्देशित किया कि फुटपाथ व दुकानों के बाहर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण ना हो इसका विशेष ध्यान रखें साथ ही नगर निगम स्वामित्व की दुकानों की बकाया वसूली अनिवार्य रूप से की जाये। आयोजित बैठक के दौरान महापौर परिषद सदस्य धर्मेन्द्र व्यास, पार्षद योगेश पापटवाल, पार्षद प्रतिनिधि गौरव त्रिपाठी, स्वच्छता अधिकारी राजेन्द्रसिंह पवांर, झोन प्रभारी पर्वत हाड़े, किरण चौहान के अलावा ऋषि पंड्या, पवन सोलंकी आदि उपस्थित थे।

# दिव्यांग विद्यार्थियों को ट्राईसिकल व श्रवण यंत्रों का किया वितरण

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ जावरा

सर्व शिक्षा अभियान अंतर्गत विकासखंड स्तरीय दिव्यांग उपकरण वितरण शिविर मैं चिन्हित 38 बच्चों को जनपद शिक्षा केंद्र में जनप्रतिनिधियों के माध्यम से उपकरण प्रदान किए गए। शिविर का उद्देश्य दिव्यांग विद्यार्थियों को आवश्यक सहायक उपकरण उपलब्ध कराकर उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना एवं आत्मनिर्भर बनाना ।

मुख्य अतिथि नगर पालिका उपाध्यक्ष सुशील कोचट्टा, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश शर्मा, महामंत्री अनिल धारीवाल, मनीष ऊंटवाल व हितग्राही प्रभारी महेंद्र चौहान रहै। अतिथियो ने कहा कि दिव्यांग बच्चे समाज की मुख्यधारा का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और शासन द्वारा उनके सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर योजनाएं संचालित की जा रही हैं। शिक्षा विभाग द्वारा किया गया यह प्रयास सराहनीय है।उनके द्वारा विकास खंड के विभिन्न विद्यालयों से चयनित 38 दिव्यांग विद्यार्थियों को उनकी आवश्यकता अनुसार ट्राइसाइकिल, कैलीपर्स, व्हीलचेयर, श्रवण यंत्र, बैसाखी, ब्रेल किट सहित अन्य सहायक उपकरण वितरित किए गए।



इस अवसर पर सहयोगी भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम एलिम्को डॉक्टर विशेषज्ञ टीम भी उपस्थित रही। बीआरसीसी राजेश भावसार ने बताया कि पूर्व सितंबर माह मे दिव्यांग बच्चों का विकासखंड स्तरीय चिकित्सकीय मूल्यांकन शिविर आयोजित किया गया था जिसमें डॉक्टर विशेषज्ञो द्वारा 38 बच्चों को उपकरण हेतु चिन्हित किया गया था। स्वागत भाषण बीएसी मनोज यादव ने दिया। पूर्व बीआरसीसी चरण सिंह चंद्रावत ने शासन द्वारा दिव्यांग जनों के लिए शाला स्तर पर चलाए जा रहे हैं कार्यक्रम की जानकारी से अवगत करवाया।

इस अवसर पर पूर्व बीएसी नीता शर्मा, सीएसी रितेश चोपड़ा, सुरेश गायरी, मनोहर सिंह सोलंकी पुरुषोत्तम भाटी, शेर मोहम्मद मंसूरी, सुभाष चंद्र धनौलिया, भंवरलाल अटोलिया, वीरेंद्र सिंह राठौड़ प्रकाश चंद्र पटेल, अकाउंटेंट दिनेश वर्मा, कंप्यूटर ऑपरेटर योगेश त्रिवेदी लीलाधर दायमा एवं दिव्यांग बच्चों के अभिभावक एवं शिक्षक गण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन बीएसी मुकेश देवड़ा एवं आभार सीएसी सौरभ गुप्ता ने माना।



## बरसात के पानी वी नाले पर अतिक्रमण को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**खाचरोद।** नगर के मध्य गणेशदेवली रहवासीगणों द्वारा प्रतिवर्ष बरसात के गंदे पानी से होने वाले नुकसान को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन एसडीएम कार्यालय पर एसडीएम नेहा साहू को सौंपा गया। ज्ञापन का वाचन वरिष्ठ पत्रकार ललित सोनी द्वारा किया गया। ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि प्रतिवर्ष बरसात का पानी हमेशा गणेशदेवली के रहवासीगण एवं दुकानदारों के यहां बरसात का पानी घुस जाने से लाखों का नुकसान होता है। हर बार प्रशासन निरीक्षण कर समस्या का निराकरण का आश्वासन देकर इतिश्री कर ली जाती है। गणेशदेवली स्थित नाले पर अतिक्रमण 60 से 70 फिट पर इतना हो गया कि नाला मात्र 8 फिट का हो जाने से बरसात का पानी फव्वारा चौक से घूमकर गणेशदेवली क्षेत्र में आ रहा है। समस्या का निराकरण कर अतिक्रमण को हटाकर नाले की पुनः चौड़ाई बनाई जाय जिससे बरसात का पानी सरलता से निकल जाए। और बरसात का पानी गणेशदेवली क्षेत्र में नही आए। ज्ञापन देने में गणेशदेवली क्षेत्र के नागरिकगण उपस्थित रहे।

## ग्राम मैना में समर्पण दिवस पर याद किए गए पं. दीनदयाल उपाध्याय



**सुसनेर।** मंडल के बूथ क्रमांक 118 ग्राम मैना में भारतीय जनसंघ के संस्थापक एवं प्रखर विचारक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि समर्पण दिवस के रूप में श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष ओम मालवीय ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनकी एकात्म मानववाद और अंत्योदय की विचारधारा ने सेवा-भाव को राजनीति की आत्मा के रूप में स्थापित किया है। यह दर्शन राष्ट्रनिर्माण के मार्ग पर सदैव मार्गदर्शन और प्रेरणा प्रदान करता रहेगा। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. सौरभ जैन, जिला महामंत्री मयंक राजपूत, जिला उपाध्यक्ष सजन सिंह, जनपद उपाध्यक्ष बाबूलाल यादव, भाजपा नेता गिरजाशंकर राठौर, शिवसिंह झाला, ईश्वर सिंह आर्य, भगवान सिंह, लखन सेन, रवि टेलर, अभिजीत बजाज, विनय शर्मा, मनोहर सिंह सहित बड़ी संख्या में बूथ के भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जनपद सदस्य गोपाल सिंह ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन मानसिंह कटारिया द्वारा किया गया। सभी वक्ताओं ने पंडित दीनदयाल के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया।

## पीपलरावां पुलिस ने मंदिर पार्किंग से चोरी हुई बाइक की जब्त



देवास। बढ़ रही वाहन चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने के अभियान के तहत पीपलरावां थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से इकलैरा माता मंदिर की पार्किंग से चोरी हुई मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली है। पुलिस के अनुसार 31 जनवरी 2026 को फरियादी ने चौबाराधीरा चौकी पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी41एमएन5006 अज्ञात व्यक्ति द्वारा इकलैरा माता मंदिर की पार्किंग से चोरी कर ली गई है। शिकायत पर पीपलरावां थाने में अपराध बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) जयवीर सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन और एसडीओपी सोनकच्छ दीपा माण्डवे के निर्देशन में विशेष टीम गठित की गई। टीम का नेतृत्व थाना प्रभारी निरीक्षक सुबोध कुमार गौतम ने किया। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों के साथ मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई, जिसमें संदिग्ध युवक वाहन चोरी कर ले जाते दिखाई दिए। इसी आधार पर पुलिस ने आरोपियों की पहचान की। सीसीटीवी और मुखबिर की पुख्ता सूचना के आधार पर पुलिस ने मिथुन पिता अंबार राम हाड़ा (26) और उमेश पिता बने सिंह हाड़ा (26), दोनों निवासी पीपलरावां को गिरफ्तार कर लिया।

## नगर परिषद में पार्षद को आया अटैक अध्यक्ष प्रतिनिधि लेकर पहुंचे अस्पताल

**सुसनेर।** दोपहर 2 बजे के लगभग नगर परिषद कार्यालय में वार्ड 3 के पार्षद नईम अहमद मेव का स्वास्थ्य खराब हो गया जिन्हें तुरन्त मौके पर मौजूद अध्यक्ष प्रतिनिधि राहुल सिसोदिया ने अपने वाहन से लेकर अस्पताल गए, जहां डाक्टरों ने इलाज कर रेफर की सलाह दी वही पार्षद को तुरंत आगर इलाज के लिए लेकर गए।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर किया याद, प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

# पं. उपाध्याय जनसंघ और भाजपा के राष्ट्र जीवन दर्शन के दृष्टा थे-पालीवाल







दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर

बुधवार को भाजपा नेता एवं कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्य तिथि सारंगपुर में मनाई। इस मौके पर पंडित उपाध्याय के जीवन पर प्रकाश डालते हुए नपाध्यक्ष पंकज पालीवाल ने कहा कि मात्र 52 वर्ष की अल्पायु में पण्डित जी ने जो एकात्म मानववाद का दर्शन दिया है, उसी आधार पर आज भाजपा की विभिन्न सरकारे काम कर रही है। अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति का जब तक विकास नहीं होगा तब तक देश का विकास नहीं हो सकता है।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय जनसंघ और भाजपा के राष्ट्र जीवन दर्शन के द्रष्टा थे। इस मौके पर पूर्व मंडल अध्यक्ष गोकुल दंडवानी ने कहा कि हमें पंडितजी बताए मार्ग पर चलकर देश सेवा करना है। हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्ग दर्शन में दीनदयाल उपाध्यायजी की परिकल्पना को धरातल पर उतारने का प्रयास किया जा रहा है। मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद ने पं. दीनदयाल के पद चिन्हों पर चलने की बात कही। इस दौरान उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से निवेदन किया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय द्वारा बताए गए मार्ग पर चलकर स्वयं को और अपनी पार्टी को मजबूत बनाने में जुट जाएं। भाजपा नेता लोकेंद्र गुर्जर ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय सादा जीवन, उच्च विचार और दृढ़ संकल्प व्यक्तित्व के धनी थे। उनके सामाजिक, राजनीतिक और व्यक्तिगत जीवन में सबसे कमजोर और सबसे गरीब व्यक्ति की चिन्ता सदैव रही। अतिथियों के द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा माल्यार्पण किया। सभी उपस्थित कार्यकर्ताओं द्वारा पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। सभी कार्यकर्ताओं ने कोटि-कोटि नमन किया। इस मौके पर नपाध्यक्ष पंकज पालीवाल, मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, पूर्व अध्यक्ष गोकुल दंडवानी, डॉ राजेन्द्र मिश्रा, रामनारायण पुष्पद, मंडल उपाध्यक्ष विनोद लववंशी, पार्षद राकेश पुष्पद, नरेंद्र कंडारे, विक्रम अहिरवार, संतोष कुम्भकार, आशुतोष वैद्य, कमल राठौर, विजय जैन, लोकेंद्र गुर्जर, सतीश गिरजे, राधेश्याम माहेश्वरी, रमेश लववंशी, योगेश माहेश्वरी, जाकिर सैफी, रमेश कम्पू, नरेंद्र दरबार, राधेश्याम राठौर, मोहन लववंशी, मोहन ईशान आदि उपस्थित रहे।

### तनोड़िया

प्रखर राष्ट्रवादी, कुशल संगठनकर्ता, अंत्योदय एवं एकात्म मानववाद के महान प्रणेता, हमारे प्रेरणास्रोत पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि पर मंडल द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर भाजपा सह कोषाध्यक्ष महेश कुमार मित्तल, जिला मीडिया प्रभारी महेश शर्मा, गिरीश परमार, लोकेन्द्रसिंह राठौर, ईश्वर सिंह राठौर, कृष्णपाल सिंह राठौर, सुरेंद्र सिंह राठौर, बलराम सिंह टुगनी, भवंरसिंह राठौर, डॉ बाबु प्रजापत, अर्जुन पाटीदार,चंद्रलाल मालवीय आदि ज्येष्ठ-श्रेष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### ब्यावरा

प्रखर राष्ट्रवादी विचारक, अंत्योदय एवं एकात्म मानववाद के प्रणेता तथा भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि के अवसर पर मंत्री नारायण सिंह पंवार ने ब्यावरा स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया। मंत्री पंवार ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का अंत्योदय का सिद्धांत समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास और समृद्धि पहुंचाने का मार्गदर्शन करता है। उनका एकात्म मानववाद भारतीय संस्कृति, समरसता और समग्र विकास का दर्शन प्रस्तुत करता है, जो आज भी शासन और समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने उपस्थित कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि पंडित के विचारों को आत्मसात कर सेवा, समर्पण और राष्ट्रहित के पथ पर निरंतर कार्य करते रहें। इस कार्यक्रम में दिलवर यादव, जसवंत गुर्जर, अमित शर्मा, मंडल अध्यक्ष राजू यादव, पवन कुशवाह, मंडल महामंत्री दीपक सामरे, सुमित सोलंकी, विष्णु साहू, गोपाल जाटव, हेमलता शर्मा, राम भील, मयूर गुप्ता, सोनू जाटव, रामगोपाल मीना, दीपकमल शर्मा सहित जनप्रतिनिधि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

भ्रष्टाचार पर कब लगाम लगेगी,जनता को कब मिलेगी राहत,

# केंद्र सरकार के दावे की पोल खुलने लगी सिलेंडर में निकली 3 किलो गैस कम

अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा-राजगढ़।



केंद्र सरकार ने देश में भ्रष्टाचार मुक्त सुशासन की व्यवस्था का दावा किया था, और इसी दावे के साथ आई तब लगा कि अब देश में व्यवस्थाए सुधरेगी, भ्रष्टाचार पर लगाम लगेगी और जनता को राहत मिलेगी, मगर जैसे जैसे समय बितता गया दावे की पोल खुलने लगी आज स्थिति यह की देश में पनप रहा भ्रष्टाचार किसी से छुपा हुआ नहीं है सरकार भी जानती है मगर कार्यवाही जारी है कहकर आगे बढ़ जाती है।

दरअसल हिंदुस्तान पैट्रोलियम गैस सिलेंडर में करीब 3 किलो गैस कम निकलने का मामला सामने आया बढ़ती महंगाई ने उपभोक्ताओं की पहले ही कमर तोड़ रखी है ऐसे में सिलेंडर से 3 किलो गैस कम निकलना भ्रष्टाचार की चरम सीमा है, संचालक ने अपने आपको दूध का धुला बताते हुए कहा कि टंकी में सील तो कोई भी लगा सकता हूं। हालत यह है कि अधिकारी और कर्मचारी सरकार की छवि को धूमिल करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। जब उपभोक्ता ने गैस सिलेंडर को तोल कांटे पर रखा तो उक्त गैस सिलेंडर का कुल भार 27 किलो 200 ग्राम निकला जबकि गैस का भार 14 किलो 200 ग्राम और खाली सिलेंडर का वजन 16 किलो 100 ग्राम है तो फिर कुल बजन 30 किलो 300 ग्राम निकलना चाहिए था मगर की सील बंद गैस सिलेंडर को तोल काटे पर रखते ही कुल 27 किलो 200 ग्राम ही बजन निकला।

इस प्रकार 914 रुपए के गैस सिलेंडर में तीन किलो 100 ग्राम गैस काम निकलना उपभोक्ताओं की जेब पर डाका डाला जा रहा है। डिलीवर बॉय गैस सिलेंडर रखकर खाली सिलेंडर लेकर चला जाता है वही उपभोक्ताओं के घर पर तोल कांटा नहीं होने के कारण कई उपभोक्ता तो परीक्षण भी नहीं करते इसी चीज का फायदा डिलीवर बाय उठा लेते हैं। एजेंसी संचालक यह कहता है कि आपने लेते वक्त चेक क्यों नहीं किया। संबंधित वरिष्ठ अधिकारियों को इस ओर तत्काल ध्यान देना चाहिए।

## दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमीनार का कार्यक्रम हुआ सम्पन्न

**राजगढ़।** शासकीय महाविद्यालय नरसिंहगढ़ में दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमीनार का समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कुलगुरु आर्यावर्त विश्वविद्यालय सीहोर डॉ. डी.आर. तिवारी, विशेष अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष नरसिंहगढ़ श्रीमती कविता लोकेन्द्र वर्मा तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के प्राचार्य डॉ. चेतन कुमार त्रिपाठी द्वारा की गई। शैक्षणिक सत्र में डॉ. अश्विनी शर्मा चेरमेन बोर्ड ऑफ स्टडी (राजनीति विज्ञान) देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इन्दौर, डॉ. नीलम गुप्ता सहायक प्राचार्य डॉ. खूबचंद बघेल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भिलाई 3. दुर्ग, छत्तीसगढ़, तथा डॉ. आशीष गुप्ता सहायक प्राचार्य मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रोद्योगिकी संस्थान भोपाल द्वारा अपना विषय आधारित उद्बोधन प्रस्तुत किया।

तकनीकि सत्र में डॉ. सुषमा दुराफे, डॉ. प्रमोद खरे, डॉ. श्वेता साहू श्री वल्लभ शर्मा.. श्री चिराग त्रिपाठी, द्वारा शोध पत्र का वाचन किया गया। राष्ट्रीय सेमीनार के समापन सत्र में मोतीलाल विज्ञान महाविद्यालय भोपाल की प्राचार्य डॉ. गीता मोदी, नवीन महाविद्यालय भोपाल के प्राचार्य डॉ. प्रदीप शर्मा, डॉ. अरविन्द गुप्ता, डॉ. अनुजा गुप्ता, आदि उपस्थित रहे।



## डिवाइडर से टकराई आइटेन कार, 67 वर्षीय महिला की मौत

**सारंगपुर।** आगरा-मुंबई हाइवे पर बिलोदा सड़क गांव के पास एक आइटेन कार डिवाइडर से टकरा गई। दुर्घटना में 67 वर्षीय महिला की मौत हो गई, जबकि उनके पति और बेटी गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा तब हुआ जब सुबह 11 बजे के आसपास इंदौर से शादी समारोह में शामिल होने चाचौड़ा जा रहा एक परिवार नेशनल हाइवे क्रमांक 52 बिलोदा सड़क गांव के पास से गुजर रहे थे। जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह करीब 11 बजे इंदौर से चाचौड़ा जा रही कार को 72 वर्षीय सुरेश व्यास चला रहे थे। बताया जा रहा है कि हाइवे पर चलते समय अचानक उन्हें नींद की झपकी आ गई, जिससे कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई। टक्कर इतनी तेज थी कि वाहन का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के समय कार में तीन लोग सवार थे। सुरेश व्यास (72) पिता दुर्गाप्रसाद व्यास निवासी 202, सीता श्री रेसिडेंसी, एयरपोर्ट रोड इंदौर, उनकी पत्नी सरिता व्यास (67) और बेटी ज्योति जोशी (52) पति प्रवीण जोशी निवासी देवास मौजूद थीं। दुर्घटना में सरिता व्यास की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सुरेश व्यास और ज्योति जोशी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी और घायलों को बाहर निकालने में मदद की। पुलिस ने सभी को सारंगपुर सिविल अस्पताल पहुंचाया। सिविल अस्पताल में डॉ. रवि चंद्रावत, डॉ. देवनारायण रुहेला और डॉ. अंकित महोबे ने प्राथमिक उपचार किया। हालत गंभीर होने पर दोनों घायलों को शाजापुर जिला अस्पताल रेफर किया गया। मामले में सारंगपुर थाना प्रभारी आकांक्षा हाडा ने बताया कि मृतका के परिजनों को सूचना दे दी गई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

## पशुपालन विभाग द्वारा द पैट शो सीजन 2 का हुआ भव्य आयोजन

### विजेता प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत

**राजगढ़-ब्यावरा।** म.प्र. शासन के निर्देशानुसार पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा जिले में 14 जनवरी से 13 फरवरी 2026 तक पशुपालन एवं पशु कल्याण जागरूकता माह मनाया जा रहा। जिसके अंतर्गत पशुपालन विभाग द्वारा द पैट शो सीजन 2 का भव्य आयोजन जिला पशु चिकित्सालय परिसर में किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ गौपूजन करके किया। कार्यक्रम में जिला स्तरीय पशु चिकित्सा शिविर एवं निःशुल्क एन्टी रेबीज टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 35 पशुओं का उपचार एवं 28 निःशुल्क एन्टी रेबीज टीकाकरण किया गया। सर्वप्रथम केट शो का आयोजन किया गया।

नशे के विरुद्ध राजगढ़ पुलिस का अभियान जारी

## छापीहेड़ा पुलिस ने की 7 पेटी अवैध देशी शराब जप्त, 1 आरोपी गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा।

राजगढ़ जिले के थाना छापीहेड़ा पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि कस्बा छापीहेड़ा स्थित शनि मंदिर के पास एक व्यक्ति अवैध देशी शराब रखे हुए है। सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम द्वारा मौके पर दबिश दी गई, जहाँ से आरोपी चिंटू पिता पारस कंजर 25 वर्ष निवासी छापीहेड़ा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 7 पेटी अवैध देशी शराब जप्त की गई। उक्त संबंध में थाना छापीहेड़ा में अपराध क्रमांक 27/2026 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपी के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।



पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि

## बुथ टोली ने जिलाध्यक्ष गुर्जर के नेतृत्व में दीनदयाल का किया याद

**सारंगपुर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि के अवसर पर समीपस्थ गांव बिलोदा सडक के बुथ नंबर 119 पर भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर के नेतृत्व में स्वर्गीय पं उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर बुथ टोली के द्वारा उन्हें याद किय और श्रृंगार अर्पित की। कार्यक्रम के दौरान सरपंच एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष सतीश सिंह बैस व बुथ अध्यक्ष भगवान सिंह राजपूत ने जिला अध्यक्ष गुर्जर का साफा पहना कर, पार्टी का दुपट्टा पहना कर स्वागत किया। जिला अध्यक्ष गुर्जर ने इस मौके पंडित दिनदयाल के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रखर राष्ट्रवादी विचारक अंत्योदय के प्रणेता श्रद्धेय पंडित दिनदयाल उपाध्यायजी के अंत्योदय के सपनो को भाजपा की जन हितकारी योजनाएं साकार कर रही है। उन्होंने इस मौके पर बुथ टोली के सदस्य को शासन की जन हितकारी योजनाओं को हर व्यक्ति तक पहुचाने का कार्य करने की भी प्रेरणा दी। इस मौके पर पूर्व मंडल अध्यक्ष ने भी पंडित दिनदयाल उपाध्याय के बताए रास्ते पर चलने के लिए सभी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों से आव्हान किया। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता उत्तम सिंह, होकम सिंह, हरि सिंह, सुमेर सिंह, गौपाल सिंह, विजेन्द्र सिंह, पवन सिंह, संतोष सिंह, ओम प्रकाश सेन, होकम मालवीय, रोडमल मालवीय, श्याम मालवीय सहित कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

जज से बदसलूकी करने वाला बीजेपी नेता गिरफ्तार

# देवास में अवैध निर्माण भी गिराया, दो आरोपी फरार सड़क पर खड़ी गाड़ी को लेकर हुआ था विवाद

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास



देवास में न्यायाधीश से अभद्रता करने वाले बीजेपी नेता पंकज घारू को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जिला प्रशासन की टीम ने शासकीय भूमि पर बने आरोपी के पोल्ट्री फार्म और घर के पास स्थित अवैध अतिक्रमण को भी गिराया है। उनके दो साथी फिलहाल फरार हैं।

बीजेपी अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य पंकज घारू के खिलाफ जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश प्रसन्न बहरावत ने नाहर दरवाजा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जज ने कहा था कि देवास के जयश्री नगर में गाड़ी निकालने को लेकर पंकज घारू, भीम घारू और एक अन्य व्यक्ति ने उनसे बदसलूकी की थी।

### जज को गाड़ी का गेट नहीं खोलने दिया

न्यायाधीश बहरावत ने पुलिस को बताया था कि वे देवास की ग्रीन्स कॉलोनी में रहते हैं। मंगलवार को अपनी कार से अदालत जा रहे थे। इसी दौरान जयश्री नगर में पंकज घारू और उनके दो अन्य साथियों ने स्कॉर्पियो सड़क के बीच खड़ी कर रखी थी। न्यायाधीश बहरावत ने गाड़ी हटाने को कहा तो आरोपियों ने उनसे बदतमीजी की।

जज ने कार्रवाई के उद्देश्य से रास्ते में खड़ी स्कॉर्पियो का फोटो लेने की कोशिश की तो आरोपियों ने उन्हें रोका। तेज आवाज में बात की। वे अपनी कार से जाने लगे तो आरोपियों ने उनकी गाड़ी का गेट नहीं खोलने दिया। इस पूरी घटना का वीडियो भी सामने आया है।

### फरार दो आरोपियों की तलाश जारी

तहसीलदार सपना शर्मा ने कहा- घारू ने सरकारी जमीन पर पोल्ट्री फार्म सहित अन्य अवैध निर्माण किए थे। कई बार नोटिस दिए जाने के बावजूद अतिक्रमण नहीं हटाया गया था।

वहीं, नाहर दरवाजा थाना प्रभारी अमित सोलंकी ने बताया कि मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। बाकी की तलाश जारी है।

### आरोपी की पैरवी नहीं करने का ऐलान

जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष अशोक वर्मा ने बताया कि आरोपी की पैरवी कोई भी वकील नहीं करेगा। उन्होंने बकायदा संघ के सदस्यों के नाम पत्र भी जारी किया है।

मनोज बाजपेयी की फिल्म ह्यघूसखोर पंडितह्व का नाम विवादों में है। लगातार बढ़ते विवाद के बीच मेकर्स ने नाम बदलने की बात कही। यही मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गया है। सुप्रीम कोर्ट ने इस फिल्म के मेकर्स को फटकार लगाई।

## समाज के एक हिस्से को बदनाम नहीं कर सकते

# पहले बदला हुआ नाम बताएं तभी रिलीज होगी 'घूसखोर पंडित'



सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को फिल्म 'घूसखोर पंडित' के फिल्ममेकर नीरज पांडे को फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि ऐसे टाइटल का इस्तेमाल करके समाज के एक हिस्से को बदनाम नहीं कर सकते हैं। मनोज बाजपेयी स्टारर फिल्म 'घूसखोर पंडित' की रिलीज पर रोक लगाने वाली एक याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने फिल्म के नाम पर कड़ी आपत्ति जाहिर की। यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाली थी।

### नया नाम बताने के बाद ही रिलीज होगी फिल्म

पीटीआई की खबर के अनुसार जस्टिस बीवी नागरत्ना और उज्जल भुयान की बेंच ने फिल्म 'घूसखोर पंडित' की एक याचिका पर सूचना और प्रसारण मंत्रालय, सेंट्रल बोर्ड फॉर फिल्म सर्टिफिकेशन को भी नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने कहा, 'आप ऐसे टाइटल का इस्तेमाल करके समाज के एक हिस्से को बदनाम क्यों कर रहे हैं? यह नैतिकता और पब्लिक ऑर्डर के खिलाफ है। जब तक आप हमें बदला हुआ नाम नहीं बताते हैं। हम आपको फिल्म रिलीज नहीं करने देंगे।'

कोर्ट ने फिल्म मेकर्स को एक एफिडेविट फाइल करने का निर्देश दिया कि 'घूसखोर पंडित' समाज के किसी भी वर्ग को नीचा नहीं दिखाती है। मामले की अगली सुनवाई 19 फरवरी को होगी।

### याचिकाकर्ता ने फिल्म पर क्या लगाया था आरोप?


'घूसखोर पंडित' के खिलाफ दायर की गई याचिका में आरोप लगाया गया है कि यह जाति और धर्म पर आधारित स्टीरियोटाइप को बढ़ावा देती है। सांप्रदायिक सद्भाव और संवैधानिक मूल्यों के लिए खतरा पैदा करती है। यह याचिका भारतीय ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय संगठन सचिव अतुल मिश्रा द्वारा फाइल की गई। इस पीआईएल पर सुनवाई सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई की। इस याचिका में फिल्म 'घूसखोर पंडित' की रिलीज पर रोक लगाने की मांग की गई थी।

### फिल्म के नाम पर विरोध प्रदर्शन भी हुए

इस फिल्म को लेकर देश के कई राज्यों में विरोध प्रदर्शन भी हुए। कई फिल्म संस्थों ने भी इनके नाम को लेकर आपत्ति जताई। आखिर में मेकर्स ने नाम बदलने की बात कही। फिल्म 'घूसखोर पंडित' में मनोज बाजपेयी के अलावा नुसरत भरुचा, साकिब सलीम, अक्षय ओबेरॉय और दिव्या दत्ता जैसे कलाकार नजर आएंगे।

## 'मेरा तो 14 फरवरी का प्लान फिक्स'; डेटिंग रूमर्स के बीच बोलीं शमिता शेट्टी

वैलेंटाइन डे आने वाला है। कपल्स अपनी प्लानिंग कर रहे हैं। इस बीच शिल्पा शेट्टी की बहन और अभिनेत्री शमिता शेट्टी ने भी अपना प्लान फैंस के साथ शेयर किया है।



मशहूर अभिनेत्री शमिता शेट्टी ने बीते दिनों अपना जन्मदिन मनाया। उनके बर्थडे सेलिब्रेशन की फोटोज में उनके एक दोस्त की झलक दिखी। इसके बाद उनकी डेटिंग को लेकर अफवाहें शुरू हो गईं। बाद में शमिता ने डेटिंग संबंधी अफवाहों को खुद खारिज किया। मगर, इस बीच उन्होंने अपना वैलेंटाइन डे प्लान शेयर किया है।

### बोलीं- 'मेरा तो प्लान फिक्स है'

शमिता शेट्टी ने आज गुरुवार को इंस्टाग्राम अकाउंट से एक वीडियो शेयर किया है। इसके साथ उन्होंने कैप्शन लिखा है, 'तैयारी पूरी है'। वीडियो में एक्ट्रेस कहती दिख रही हैं, 'मेरा तो 14 फरवरी का प्लान एकदम फिक्स है। किसी भी कपल को देखूंगी तो जोर-जोर से चिल्लाऊंगी कि भाई कल वाली अच्छी थी। फिर वो जाने और उसकी बंदी जाने'।

### इस शख्स के साथ जोड़ा गया नाम

बता दें कि बीते दिनों अभिनेत्री शमिता की डेटिंग लाइफ को लेकर अफवाहों का बाजार गर्म हो गया। दरअसल, उन्होंने 02 फरवरी को अपना जन्मदिन मनाया। इस जश्न में उनके साथ बहन शिल्पा शेट्टी और जीजू राज कुंद्रा भी मौजूद रहे। सोशल मीडिया पर सामने आईं शमिता के जन्मदिन के सेलिब्रेशन की तस्वीरों में एक शख्स ऐसा भी नजर आया, जिसके साथ शमिता का नाम जोड़ा गया। ये शख्स टेक्नो आर्टिस्ट-बिजनेसमैन दीपेश शर्मा थे। हलांकि, डेटिंग को लेकर शुरू हुई अफवाहों को शमिता ने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए खारिज कर दिया।

### शमिता ने क्या कहा था?

दीपेश शर्मा के साथ अफेयर की अफवाहों पर शमिता ने इंस्टाग्राम स्टोरी शेयर कर लिखा था, 'सिंगल और शांत। सच्ची दोस्ती को गलत तरीके से समझने वाले रूढ़िवादी बनना बंद करो। ये सरासर बकवास है'। बता दें कि शमिता ने साल 2000 में फिल्म 'मोहब्बतें' से डेब्यू किया था।

## 'तू या मैं'

### सोशल मीडिया स्टार से सर्वाइवल तक आदर्श-शनाया की फिल्म करती है इम्प्रेस



बेजॉय नांबियार की 'तू या मैं' एक रिलेशनशिप ड्रामा से शुरू होकर सर्वाइवल थ्रिलर में बदलने वाली फिल्म है। इसमें शनाया कपूर और आदर्श गौरव मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म थाई फिल्म 'द पूल' का आधिकारिक अडैप्टेशन है, लेकिन इसे भारतीय सामाजिक और डिजिटल माहौल के हिसाब से ढाला गया है।

फिल्म की खास बात यह है कि यह सिर्फ जान बचाने की कहानी नहीं है, बल्कि सोशल मीडिया इमेज, क्लास डिफरेंस और रिश्तों में पावर बैलेंस को भी साथ लेकर चलती है। फिल्म का टोन दो हिस्सों में बंटा हुआ महसूस होता है - पहला रिलेशनशिप ड्रामा और दूसरा सर्वाइवल थ्रिलर।

### कहानी

कहानी अवनी शाह उर्फ ह्यमिस वैनिटीह्व (शनाया कपूर) और मारुति कदम (आदर्श गौरव) की है। अवनी सोशल मीडिया की दुनिया में एक स्थापित नाम है, जिसकी हर चाल उसकी ब्रांड इमेज को ध्यान में रखकर चलती है। दूसरी तरफ मारुति मुंबई के नालासोपारा से आने वाला स्ट्रगलिंग रैपर है, जो आला फ्लोपारा के नाम से परफॉर्म करता है। वह अपने टैलेंट के दम पर पहचान बनाना चाहता है। दोनों की मुलाकात एक म्यूजिक इवेंट में होती है। काम के सिलसिले में शुरू हुई बातचीत धीरे-धीरे रिश्ते में बदल जाती है। अवनी पहली बार मारुति की साधारण, लेकिन वास्तविक दुनिया से रूबरू होती है।

मामला तब बिगड़ता है जब उनका रिश्ता अवनी के परिवार के लिए चिंता का कारण बन जाता है। इमेज और करियर को बचाने के लिए उन्हें गोवा भेज दिया जाता है। वहीं हालात अचानक बदल जाते हैं और दोनों एक सुनसान स्विमिंग पूल में फंस जाते हैं, जहां एक मगरमच्छ भी मौजूद है। इसके बाद कहानी पूरी तरह सर्वाइवल पर आ जाती है। रिश्ते की खटास इस खतरे के बीच भी बनी रहती है, लेकिन रिलेशनशिप ड्रामा से सर्वाइवल थ्रिलर में बदलाव थोड़ा अचानक महसूस होता है।

### अभिनय

आदर्श ने मारुति के किरदार में सादगी और ईमानदारी रखी है। वे किरदार को बहुत बड़ा या हीरोइक नहीं बनाते। उन्होंने नालासोपारा का लहजा सहजता से अपनाया है, जिससे किर-दार विश्वसनीय बनता है। यह कोशिश कहीं-न-कहीं फिल्म 'गली बॉय' में रणवीर सिंह द्वारा पकड़े गए लोकल टोन की याद दिलाती है। हालांकि, आदर्श इसे अपनी अलग पहचान के साथ निभाते हैं। सर्वाइवल वाले हिस्से में उनका परफॉरमेंस खास तौर पर मजबूत है। वो थकान, डर और जिम्मेदारी को बैलेंस तरीके से दिखाते हैं। फिल्म के दूसरे हिस्से में उनका अभिनय कहानी को टिकाए रखता है।

शनाया अवनी के किरदार में कॉन्फिडेंस और असुरक्षा दोनों को साथ लेकर चलती हैं। वो दिखाती हैं कि एक ब्रांडेड इमेज के पीछे एक सामान्य लड़की भी है जो दबाव में टूट सकती है। इमोशनल सीन में वो असर छोड़ती हैं। हालांकि, कुछ हाई-इंटेंसिटी सीन में और मजबूती आ सकती थी। फिर भी उनका परफॉरमेंस पहले की तुलना में ज्यादा बेहतर लगता है।

# Sport

इटली ने नेपाल के खिलाफ अभूतपूर्व प्रदर्शन करते हुए टी20 विश्व कप में ऐतिहासिक जीत दर्ज की। इटली ने गेंदबाजों के बाद मोस्का बंधुओं की शानदार बल्लेबाजी से नेपाल को एकतरफा अंदाज में हराया।

## मोस्का बंधुओं के तूफान में उड़ा नेपाल, इटली ने विश्व कप में दर्ज की पहली जीत



**मुंबई।** जस्टिन मोस्का और एंथनी मोस्का की शानदार साझेदारी के दम पर इटली ने नेपाल को टी20 विश्व कप के मुकाबले में 10 विकेट से हराया। इटली ने पहली बार विश्व कप में जीत दर्ज की है और उसके लिए यह सफलता ऐतिहासिक है। इटली ने इस मुकाबले में टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया और क्रिशान कालुगमागे की अगुआई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की मदद से नेपाल को सस्ते में ऑलआउट किया। नेपाल की टीम 19.3 ओवर में 123 रन पर ऑलआउट हो गई। जवाब में मोस्का ब्रदर्स ने बेहतरीन साझेदारी की जिससे इटली ने 12.4 ओवर में बिना किसी नुकसान के 124 रन बनाकर जीत दर्ज की।

### इटली ने सुपर आठ के लिए बरकरार रखी उम्मीद

इटली ने इस जीत के साथ ही सुपर आठ चरण में पहुंचने की अपनी उम्मीद बरकरार रखी है। फुटबॉल के लिए प्रसिद्ध इटली ने क्रिकेट में अपनी प्रतिभा दिखाई है। यह टीम पहली बार टी20 विश्व कप में हिस्सा ले रही है और उसने इस टूनार्मेंट में जीत का खाता भी खोल लिया है। इटली की टीम ग्रुप सी में दो मैचों में एक जीत और एक हार के साथ दो अंक लेकर तीसरे स्थान पर है। वहीं, नेपाल को लगातार दूसरी हार का सामना करना पड़ा है।

### मोस्का ब्रदर्स का कमाल

लक्ष्य का पीछा करते हुए जस्टिन मोस्का और एंथनी मोस्का ने शानदार बल्लेबाजी की और इटली को दमदार शुरूआत दिलाई। दोनों बल्लेबाजों ने नेपाल के गेंदबाजों की जमकर धुनाई की। मोस्का बंधुओं ने यह सुनिश्चित किया कि कम लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम दबाव में नहीं आए। इन दोनों बल्लेबाजों ने अर्धशतक लगाया और टीम को ऐतिहासिक जीत दिलाने तक क्रीज पर टिक रहे। एंथनी 32 गेंदों पर तीन चौकों और छह छक्कों की मदद से नाबाद 62 रन और जस्टिन 44 गेंदों पर पांच चौकों और तीन छक्कों के सहारे 60 रन बनाकर नाबाद लौटे।

### नेपाल को लगे शुरूआती झटके

पहले बल्लेबाजी करते हुए नेपाल को शुरूआती झटके लगे। नेपाल ने 49 रन के स्कोर पर तीन विकेट गंवाए। टीम को पहला झटका कुशल भुर्तल को लगा जो पांच रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद कप्तान रोहित पौडेल 14 गेंदों पर 23 रन बनाकर पवेलियन लौटे। फिर आसिफ शेख 20 रन बनाकर तीसरे बल्लेबाज के रूप में आउट हुए। नेपाल ने इसके बाद नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए।

### नेपाल की पारी

इटली ने नेपाल की पारी ऐसी लड़खड़ाई कि टीम वापसी ही नहीं कर सकी। नेपाल के लिए कोई बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सका। नेपाल के लिए आरिफ शेख ने सबसे ज्यादा 27 रन बनाए, जबकि करण केसी 11 गेंदों पर एक चौका और एक छक्के की मदद से 18 रन बनाकर नाबाद रहे। वहीं, दीपेंद्र सिंह आरे ने 17, संदीप लामिछाने ने पांच, लोकेश बाम ने तीन और गुलशन झा ने तीन रन बनाए। इटली के लिए क्रिशान ने तीन विकेट झटके, जबकि बेन मानेंती ने दो विकेट लिए। वहीं, अली हसन, जेजे स्मट्स और जसप्रीत सिंह ने एक-एक विकेट झटके।

### दोनों टीमों की प्लेइंग-11

**इटली:** एंथनी मोस्का, जस्टिन मोस्का, जेजे स्मट्स, हैरी मानेंती (कप्तान), बेन मानेंती, मार्कसन कैंपोपियानो, ग्रांट स्टेवार्ट, जियान मिएडे (विकेटकीपर), जसप्रीत सिंह, क्रिशान कालुगमागे, अली हसन।

**नेपाल:** कुशल भुर्तल, आसिफ शेख (विकेटकीपर), रोहित पौडेल (कप्तान), दीपेंद्र सिंह आरे, आरिफ शेख, लोकेश बाम, गुलशन झा, करण केसी, नंदन यादव, संदीप लामिछाने, ललित राजबंशी।

## पाकिस्तान सुपर लीग से अफगानिस्तान के नबी-फारुकी ने नाम वापस लिया

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) के 11वें संस्करण से पहले आयोजित पहली खिलाड़ियों की नीलामी से अफगानिस्तान के कई खिलाड़ियों ने अपना नाम वापस ले लिया। यह नीलामी बुधवार को लाहौर में हुई। एक फ्रेंचाइजी मालिक ने पुष्टि की थी कि मुजीब उर रहमान, सिद्दीकुल्लाह अटल, मोहम्मद नबी, वकार सलामखेल और फजल हक फारूकी जैसे खिलाड़ी नीलामी के लिए पंजीकृत थे। हालांकि, बाद में इन खिलाड़ियों ने अपना नाम वापस ले लिया।

### क्यों लिया अफगानियों ने नाम वापस?

बताया जा रहा है कि पेशावर जाल्मी द्वारा अफगानिस्तान के ओपनर रहमानुल्लाह गुरबाज को सीधे साइन किए जाने के बाद सोशल मीडिया पर काफी प्रतिक्रिया देखने को मिली। इसी विवाद और आलोचना के चलते अन्य अफगान खिलाड़ियों ने भी नीलामी से दूरी बनाना बेहतर समझा। पीएसएल के सीईओ सलमान नसीर ने कहा कि कुछ अफगान खिलाड़ी नीलामी सूची में शामिल थे, लेकिन किसी फ्रेंचाइजी ने उन्हें नहीं चुना। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि दोनों देशों के बीच तनावपूर्ण संबंधों का असर नीलामी पर पड़ा।



### दोनों देशों के बीच पहले से तनाव

नसीर के मुताबिक, पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच रिश्तों में आई खटास का असर खेल जगत पर भी पड़ा है। पिछले साल के अंत में पाकिस्तान की ओर से अफगानिस्तान के कुछ इलाकों में हवाई हमले किए जाने के बाद दोनों देशों के संबंध और बिगड़ गए थे। इस घटनाक्रम के बाद कई अफगान खिलाड़ियों ने सोशल मीडिया पर पाकिस्तान सरकार की आलोचना की थी, जिस पर पाकिस्तान की ओर से भी प्रतिक्रियाएं सामने आई थीं। इन परिस्थितियों के चलते अफगान खिलाड़ियों ने पीएसएल नीलामी से खुद को अलग रखने का फैसला किया।

## अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी पर आईसीसी ने लगाया जुर्माना

**अहमदाबाद।** अफगानिस्तान के अनुभवी ऑलराउंडर मोहम्मद नबी पर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मिली हार के दौरान अंपायर के फैसले पर असहमति जताने के लिए मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। यह घटना अफगानिस्तान की पारी के 14वें ओवर की है जब गेंदबाज लुंगी एनगिडी की कलाई पर बंधे बैंड को लेकर नबी की अंपायर से लंबी बहस हो गई थी।

आईसीसी ने एक बयान में कहा, 'नबी ने खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी की आचार संहिता की धारा 2.4 का उल्लंघन किया है जो अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान अंपायर के निदेशों का पालन नहीं करने के संबंध में है।' नबी पर एक डिमेरिट अंक भी लगाया गया। नबी ने आरोप और सजा स्वीकार कर लिया है जिससे औपचारिक सुनवाई की जरूरत नहीं पड़ी। मैदानी अंपायर जयरामन मदनगोपाल और शरफुद्दौला इब्ने शाहिद, थर्ड अंपायर नितिन मेनन और चौथे अंपायर के.एन. अनंथापद्मनाभन ने नबी पर आरोप लगाए थे। लेवल 1 के उल्लंघन में कम से कम आधिकारिक फटकार, ज्यादा से ज्यादा खिलाड़ी की मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना और एक या दो डिमेरिट अंक मिलते हैं।

**आवश्यकता है**
कागज पत्तल बनाने हेतु पुरुष एवं महिलाओं की
पेपर ग्लास मशीन ऑपरेटर की
पैकिंग हेतु महिलाओं की
हेल्पर हेतु लड़को की
शीघ्र संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 इंडस्ट्रियल एरिया मक्सी रोड प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर
किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पता: श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है ।
प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर।
ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन
वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रात: 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोट: जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क
मो.9575477077

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन)
पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें
9300405252

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट
देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क
9826398272

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## न्यूज कॉलम

### रेलवे ट्रैक किनारे मजदूर का शव मिला, गला रेतकर की गई हत्या

**इंदौर।** इंदौर के बाणगंगा थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह एक मजदूर का शव रेलवे क्रॉसिंग के पास मिला। सूचना पर पुलिस और वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। डीसीपी जोन-3 राजेश व्यास के मुताबिक युवक की गला रेतकर हत्या की गई है। उसके शरीर पर अन्य चोट के निशान भी मिले हैं। पुलिस लूट और आपसी विवाद के एंगल से जांच कर रही है। वहीं परिवार के लोगों से भी पूछताछ की जा रही है। पुलिस को सुबह करीब 8 बजे एमआर-4 रेलवे पटरी के पास शव पड़े होने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक की पहचान खोजराम पुत्र लखन नारगे निवासी छत्तीसगढ़ के रूप में की है। वह पोलोग्राउंड क्षेत्र की एक फैक्ट्री में काम करता था। पुलिस ने धारदार हथियार से हमले की आशंका जताई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। जानकारी के अनुसार खोजराम नारगे दिन और रात दोनों शिफ्ट में काम करता था। बुधवार रात वह अपने कमरे पर नहीं पहुंचा तो उसकी तलाश की जा रही थी। पुलिस मृतक के साथियों और फैक्ट्री से जुड़े लोगों से पूछताछ कर रही है। मामले की जांच जारी है।

### मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ धरना गांधी हॉल में जुटें कर्मचारी-अधिकारी

**इंदौर।** नए लेबर लॉ समेत कई मुद्दों के विरोध में केंद्रीय श्रमिक संगठन गुरुवार को हड़ताल पर रहे। इसका इसर इंदौर में भी देखने को मिला है। आशा, उषा और परिवेशक कर्मचारियों ने अखिल भारतीय संयुक्त अभियान समिति के बैनर तले गांधी हॉल परिसर में धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने सरकार पर श्रमिक हितों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए नारेबाजी की और मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपने की तैयारी की। कर्मचारियों का कहना है कि नई नीतियों से उनके अधिकार और रोजगार की सुरक्षा प्रभावित हो रही है। बड़ी संख्या में मौजूद कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

**संगठनों की प्रमुख मांगें-** चारों श्रम संहिताओं (लेबर कोड्स) और उनसे जुड़े नियमों को रद्द करने की मांग। ड्राफ्ट सीड बिल को वापस लेने की मांग। बिजली संशोधन विधेयक को निरस्त करने की मांग। न्यूक्लियर एनर्जी से संबंधित कानून को वापस लेने की मांग। मनरेगा की बहाली की मांग। विकसित भारत-रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण) अधिनियम, 2025 को रद्द करने की मांग।

### क्राइम ब्रांच ने दो बदमाशों को पकड़ा एक ने गाड़ी की सीट में छिपाई ड्रग्स

**इंदौर।** क्राइम ब्रांच की टीम ने दो अलग-अलग स्थानों से बदमाशों को गिरफ्तार किया है। एक आरोपी के पास से एमडी ड्रग्स बरामद की गई, जबकि दूसरा ब्राउन शुगर मामले में फरार चल रहा था। दोनों के खिलाफ कार्रवाई कर उनसे पूछताछ की जा रही है। एडिशनल डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश दंडोतिया ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर टीम लोखंडे पुल पहुंची। वहां एक गार्डन के पास नीले रंग की दोपहिया वाहन पर खड़ा एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में मिला। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ा। पूछताछ में उसने अपना नाम कासिम खान निवासी एमआईजी कॉलोनी, इंदौर बताया। तलाशी के दौरान उसकी गाड़ी की सीट के नीचे से 12.59 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद हुई, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 1 लाख 20 हजार रुपए बताई गई है। पुलिस ने आरोपी के पास से ड्रग्स, मोबाइल फोन और दोपहिया वाहन जब्त किया है, जिसकी कुल कीमत लगभग 2 लाख 30 हजार रुपए आंकी गई है। शुरूआती पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह सस्ते दामों में ड्रग्स खरीदकर नशे के आदी लोगों को महंगे दामों पर बेचता था। वह दिहाड़ी मजदूरी करता है और आठवीं तक पढ़ा है।

### मेयर के पाइंट पर पहुंची थी निगम की रिमूवल गैंग, तराजू उठाकर हमला करने की कोशिश

**इंदौर।** इंदौर के धार रोड पर नगर निगम के मेयर के पाइंट पर सड़कों पर सब्जी की दुकान लगाने वाले व्यापारियों को हटाने के लिए नगर निगम की रिमूवल गैंग बुधवार रात पहुंची थी। यहां पर सड़कों पर ठेला लगाने वालों ने नगर निगम की गैंग से विवाद किया और मारने के लिए तराजू उठा लिया। इस मामले में नगर निगम की टीम छत्रीपुरा थाने पहुंची। यहां हमला करने वाले को लेकर लिखित में आवेदन दिया। छत्रीपुरा थाने पर नगर निगम की गैंग बुधवार रात पहुंची थी। यहां पर निगम की टीम से जितेन्द्र सोलंकी की तरफ से जाकिर पुत्र शाकिर निवासी धार रोड़ पर हमला करने का मामले में शिकायत की गई है। जितेन्द्र ने अपने आवेदन में बताया कि रिमूवल अफसरों के कहने पर वह अतिक्रमण की कारवाई को लेकर पहुंचे थे। इस दौरान जाकिर ने टीम के साथ धक्कामुक्की की और मारने के लिए तराजू उठा लिया। इस दौरान नगर निगम की कारवाई को रोकने का भी प्रयास किया। इस मामले में अफसरों ने आवेदन लिया है। वहीं पूरे मामले की जांच की जा रही है।

### सत्य साई स्कूल में एडमिशन के नाम पर ठगी सीट न मिलने का बहाना कर रुपये हड़पे

**इंदौर।** इंदौर के एमआईजी थाना पुलिस ने बच्चों का स्कूल में एडमिशन कराने के नाम पर ठगी करने के आरोप में एक महिला के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने उसके दो बच्चों का सत्यसांई स्कूल में दाखिला कराने का झांसा देकर पैसे ठग लिए। पुलिस के मुताबिक श्रीनाथ रेसिडेंसी निवासी अंशु पाटकर की शिकायत पर करूणा मंडलोई के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है। अंशु ने बताया कि दोनों बच्चों के एडमिशन के लिए आरोपी ने करीब एक लाख रुपए अपने खाते में ट्रांसफर करवाए, लेकिन न तो दाखिला कराया और न ही पैसे लौटाए। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसका एक बेटा और एक बेटी है, जो फिलहाल निजी स्कूल में पढ़ते हैं। वह दोनों का एडमिशन विजयनगर स्थित सत्यसांई स्कूल में कराना चाहती थी। मई 2023 में एक परिचित के जरिए उसकी मुलाकात करूणा से हुई, जिसने स्कूल में पहचान होने का दावा करते हुए डेढ़ लाख रुपए में एडमिशन कराने की बात कही और पहले एक लाख रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर करवाए। पहले साल आरोपी ने सीट न मिलने का बहाना बनाया और अगले साल एडमिशन कराने का आश्वासन दिया, लेकिन दूसरे साल भी दाखिला नहीं कराया और अतिरिक्त रकम की मांग करने लगी। जब अंशु ने पहले दिए पैसे वापस मांगे तो आरोपी टालमटोल करने लगी। इसके बाद पीड़िता ने थाने में शिकायत की, जिस पर जांच के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
नि:शुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

#### देवी अहिल्याबाई होलकर एयरपोर्ट से समर शेड्यूल में बड़ा झटका

## नासिक और उदयपुर की सीधी उड़ानें बंद

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर




देवी अहिल्याबाई होलकर एयरपोर्ट से यात्रियों को समर शेड्यूल में इस बार दोहरा झटका लगने जा रहा है। जहां एक ओर नासिक और उदयपुर की मौजूदा सीधी उड़ानें बंद की जा रही हैं, वहीं केवल एक नए शहर के लिए सीधी सेवा शुरू होने की तैयारी है।

एयरलाइंस की बुकिंग वेबसाइट्स पर अप्रैल से नासिक और उदयपुर के लिए कोई सीधी फ्लाइट उपलब्ध नहीं दिख रही है। फिलहाल नासिक के लिए सप्ताह में तीन दिन और उदयपुर के लिए चार दिन उड़ानें संचालित हो रही हैं, लेकिन 27-28 मार्च के बाद इन रूट्स पर बुकिंग बंद हो चुकी है। डीजीसीए द्वारा जारी प्रस्तावित समर शेड्यूल (29 मार्च से लागू) में भी इन शहरों का उल्लेख नहीं है, जिससे इन उड़ानों का बंद होना तय माना जा रहा है। ट्रेवल एजेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया के प्रदेश अध्यक्ष अमोल कटारिया ने बताया कि हर वर्ष गर्मी के मौसम में जोधपुर-उदयपुर जैसे पर्यटन स्थलों की मांग घट जाती है। इसी कारण एयरलाइंस समर सीजन में इन रूट्स पर उड़ानें कम या बंद कर देती हैं और विंटर शेड्यूल में दोबारा शुरू करती हैं।

- **जलगांव और हैदराबाद के लिए नई उड़ानें-** इंदौर से पहली बार फ्लाई 91 एयरलाइंस जलगांव और हैदराबाद के लिए उड़ानें शुरू करने जा रही है। इसके लिए कंपनी के अधिकारी गुरुवार को इंदौर आ रहे हैं। एयरपोर्ट डायरेक्टर सुनील मग्गीरवार ने बताया कि फ्लाई 91 केंद्र सरकार की उड़ान योजना के तहत कई शहरों के बीच सेवाएं संचालित कर रही है। कंपनी ने इंदौर से जलगांव और हैदराबाद के लिए उड़ानों की घोषणा अपनी वेबसाइट पर भी कर दी है। संभावना है कि मार्च मध्य या अप्रैल से समर शेड्यूल में इन उड़ानों का संचालन शुरू हो जाएगा। एयरपोर्ट प्रबंधन की ओर से आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।
- **पहली बार हवाई मार्ग से जुड़ेगा जलगांव-** फ्लाई 91 की सेवा शुरू होने से इंदौर पहली बार जलगांव से हवाई मार्ग से जुड़ेगा। इस रूट पर लंबे समय से सीधी उड़ान की मांग की जा रही थी। नई फ्लाइट से यात्रियों को सुविधा मिलेगी। हाल ही में इंडिगो ने समर शेड्यूल में इंदौर-नासिक उड़ान बंद करने की घोषणा की है। ऐसे में जलगांव की नई फ्लाइट से महाराष्ट्र के लिए एक नया कनेक्शन मिलेगा। वहीं हैदराबाद के लिए अतिरिक्त विकल्प भी यात्रियों को उपलब्ध होगा।

### कई रूट पहले ही हो चुके बंद

- पिछले कुछ वर्षों में इंदौर से शुरू हुई कई सीधी उड़ानें बाद में बंद हो चुकी हैं। इनमें वाराणसी, प्रयागराज, शिर्डी, जोधपुर और राजकोट शामिल हैं। आरसीएस योजना के तहत शुरू हुई बेलागावी और किशनगढ़ की उड़ानें भी बंद हो गईं। गाजियाबाद रूट का संचालन भी फिलहाल नहीं हो रहा है।
- ट्रैवल एक्सपर्ट्स का मानना है कि अप्रैल से इंदौर एयरपोर्ट के 24 घंटे संचालन शुरू होने के बाद स्थिति में सुधार आ सकता है। वर्तमान में रनवे रात 10.30 बजे से सुबह 6.30 बजे तक बंद रहता है, जिससे उड़ानें सीमित रहती हैं। रनवे पूरी तरह चालू होने पर एयरलाइंस को नए स्लॉट मिलेंगे और नए रूट शुरू होने की संभावना बढ़ेगी।

## श्रद्धा गार्डन के बाहर भाजपा नेता पर फायरिंग



दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

हरसोला फाटे पर स्थित श्रद्धा गार्डन के बाहर शादी समारोह के दौरान ट्रैफिक जाम को लेकर हुए विवाद में बदमाशों ने फायरिंग कर दी। साइड नहीं देने की बात पर चार युवकों ने एक व्यक्ति के साथ गाली-गलौज की और जान से मारने की नीयत से गोली चला दी। गनीमत रही कि गोली पीड़ित के कान के पास से निकल गई और वह बाल-बाल बच गया।

बुधवार रात को 11 बजे भाजपा युवा मोर्चा नगर उपाध्यक्ष अर्जुन कौशल ने कोतवाली थाना महू में रिपोर्ट दर्ज कराई है। अर्जुन ने बताया कि रात करीब 10.30 बजे वह अपने भाई विकास कौशल, पत्नी आरती कौशल व बहू श्रष्ठी कौशल के साथ श्रद्धा गार्डन में शादी समारोह में शामिल होने कार से जा रहा थे। गार्डन के गेट के सामने ट्रैफिक जाम होने के कारण वाहन धीरे चल रहे थे। इसी दौरान पीछे से आई स्कॉर्पियो कार में सवार संदीप पंडित और अंतु पंडित, निवासी शांति पैराडाइज हरसोला, लगातार हार्न बजाने लगे। बाद में दोनों कार से उतरकर गालियां देने के बाद फायरिंग कर चले गए।

## एनएमआईएमएस कॉलेज में बेक सेल इवेंट पर विवाद

### हिंदूवादी संगठनों का विरोध, वैलेंटाइन-डे के नाम पर अश्लीलता के आरोप, प्रशासन से कार्यक्रम रुकवाया

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर



इंदौर के गांधी नगर क्षेत्र स्थित एनएमआईएमएस कॉलेज में गुरुवार को बड़ी संख्या में हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ता पहुंच गए और वैलेंटाइन डे के नाम पर कथित तौर पर अश्लील कार्यक्रम आयोजित करने का विरोध किया। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और कॉलेज प्रशासन से कार्यक्रम रुकवा दिया।

बजरंग दल के तन्नू शर्मा ने बताया कि 12 फरवरी को कॉलेज में बेक सेल नाम से एक इवेंट रखा गया था, जिसमें बड़ी संख्या में हिंदू लड़कियों के साथ अन्य वर्ग के युवक भी मौजूद थे। सूचना मिलने पर वे वहां पहुंचें और इसे भारतीय संस्कृति के खिलाफ बताते हुए कार्यक्रम बंद कराने की मांग की। उनके साथ बजरंग दल से जुड़े कई युवा भी मौजूद थे, जिनके हाथों में प्लास्टिक के डंडे और लाठियां थीं। तन्नू शर्मा ने आरोप लगाया कि कार्यक्रम की आड़ में अश्लीलता हो रही थी। सूचना पर गांधीनगर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची, कार्यक्रम बंद कराया और प्रदर्शन कर रहे कार्यकर्ताओं को समझाने का प्रयास किया। हालांकि वे कार्यक्रम निरस्त करने की मांग पर अड़े रहे।

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

पुरुषों की शक्ति वर्धक दवाईयाँ मिलती है
(25 वर्षों से आपकी सेवा में)
भास्कर आयुर्वेदिक
32, बहादुरगंज, उज्जैन समय- सुबह 11 से 3 बजे तक शाम 6 से 9 बजे तक मो. 98263-71718

जय माता दी
उज्जैन में नाकोडा हिल्स कॉलोनी देवास रोड पर 20X60 पश्चिम दिशा का रजिस्ट्री करा हुआ पूर्ण वैध प्लाट खरीदने के लिए संपर्क करें।
संपर्क करें
मो. 6262369656

कैलाश ॐ शिव शंकर यात्रा प्राइवेट लिमिटेड
7/1 परदेशीपुरा, मैन रोड, इंदौर
9302065100 - 9827072550 - 9589614200
त्रिम्बकेश्वर - घृष्णेश्वर - परली बैजनाथ
अजंता - एलोरा - नासिक पंचवटी
त्रय ज्योतिर्लिंग यात्रा
पहला दिन: रात्रि 8:00 बजे इंदौर से अजंता गुफा के लिए प्रस्थान
दूसरा दिन: प्रातः काल अजंता क्षेत्र आगमन स्नान नाश्ता एवं भ्रमण भोजन पश्चात एलोरा एवं घृष्णेश्वर ज्योतिर्लिंग हेतु प्रस्थान, क्षेत्र भ्रमण पश्चात परली वैधनाथ प्रस्थान
तीसरा दिन: परली वैजनाथ दर्शन उपरांत शनि शिंग्रापुर हेतु प्रस्थान दर्शन उपरांत त्रिम्बकेश्वर ज्योतिर्लिंग हेतु प्रस्थान एवं रात्रि विश्राम
चौथा दिन: त्रिंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग दर्शन, नासिक पंचवटी भ्रमण इंदौर की और प्रस्थान
Facilities
चयनित जगह होटल विश्राम
अनुभवी गाइड सेवा
दोनों समय भोजन एवं एक समय चाय नाश्ता
स्लीपर बस सुविधा
यात्रा शुल्क 6,000 रु प्रति सवारी
मध्य भारत की सबसे पुरानी एवं अनुभवी प्राइवेट लिमिटेड यात्रा कंपनी
सभी प्रवेश टिकट, स्मारक शुल्क और अन्य व्यक्तिगत खर्चे यात्रियों द्वारा सीधे भुगतान किए जाएंगे।

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियां व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

स्थान परिवर्तन
नया स्थान : शॉप नं. 14 जगजीवन राम नगर, सोनी बिल्डिंग मटेरियल के पास, सोनी पेंट्स, एम.आई.जी. रोड, इंदौर
नवकार फार्मेसी मेडिकल शॉप
क्लिनिक : श्री गोपाल हड्डी रोग दवाखाना (हाड़ वैद्य) उज्जैन वाले
डॉ. एच.के. सिरोलिया
जोड़ एवं फ्रेक्चर हड्डी रोग विशेषज्ञ
मिलने का समय प्रति मंगलवार और शुक्रवार समय : दोप. 1 से शाम 5 बजे तक
Mob. 7000813235, 9669110800

खुश खबर खुश खबर खुश खबर
उज्जैन व्यापार मेला
आइये और पाइये वर्ष 2026 की सबसे बेहतरीन डील
आर.टी.ओ. टैक्स पर 50% की छूट
इसके अलावा और भी अन्य लाभ प्राप्त करने के लिए आज ही अपनी मारुती सुजुकी कार मॉडल तय कर बुक करें,
मेले का लाभ वाहन उपलब्ध होने पर ही दिया जायेगा, तो आज ही अपना वाहन बुक करे और मेले का लाभ प्राप्त करें।
युग कार्स (मारुति शो-रुम)
नागझिरी देवास रोड, उज्जैन
मोबाइल: 7389901262, 9755510100, 9752530200
मारुति ऑउटलेट उज्जैन तहसील
नागदा : नागदा बाईपास जावरा रोड 9009140508
तराना : तोतला मार्ग 9589090827
बड़नगर : रुनिजा रोड 9993566820
महिदपुर : घोंसला रोड, नारायण सिंह सोलंकी 9109107176
खाचरौद : पटेल नगर बड़नगर रोड 9993566910
घट्टिया : जगोटी रोड के पास, आगर रोड 8959600100
इंगोरिया : उज्जैन - नागदा रोड, इंगोरिया 9340294804

उज्जैन में पहली बार मालवा का नया स्वाद
नया व्यंजन
दाल टिक्कड़
कोयले की आंच पर सीके हुए
पार्सल सुविधा उपलब्ध
होटल सांई दरबार
A PURE VEGETARIAN RESTAURANT
22, बख्तार मार्ग, होटल सांई पैलेस के पास, फ्रीगंज, उज्जैन
फोन नं. 0734-4061888 मो. 9009866000

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com